नई दिल्ली
मंगलवार, 25 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 75
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41.0
न्यून. 24.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी का अहम योगदान

उत्तर प्रदेश में रिव्यू ऑफिसर /असिस्टेंट रिव्यू ऑफिसर का एग्जाम 12 फरवरी 2024 को हुआ था, यह लीक पेपर कैंसिल हो गया था

# भोपाल की प्रिंटिंग प्रेस में डैमेज प्रश्न पत्र के 'दो सेट' चुराए गए, होटल में हर एक विद्यार्थी को 12 लाख में ये दिखाए गए

मास्टर माइंड सुनील रघुवंशी क्वेश्चन पेपर के दो सेट की 6 कॉपी लेकर होटल पहुंचा

सुभाष प्रकाश ने एक असिस्टेंट के साथ पेपर सॉल्व किया। होटल में ही स्टूडेंट्स को आंसर याद कराए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/लखनऊ

पुलिस की जांच में एक और क्वालिफाइंग एग्जाम के पेपर लीक में बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। उत्तर प्रदेश में रिव्यू ऑफिसर /असिस्टेंट रिव्यू ऑफिसर पोस्ट के लिए 11 फरवरी को हुआ एग्जाम पेपर लीक के आरोपों के बाद कैंसिल कर दिया गया है। इस एग्जाम में 10 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। हालांकि, यूपी प्रशासन ने पेपर लीक के आरोपों को खारिज किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

सुनील ने शर्त भी रखी कि उम्मीदवारों को उनके सामने पेपर पढ़ना होगा, ताकि यह वायरल न हो जाए

दो अन्य साथी विवेक उपाध्याय और अमरजीत शर्मा बाकी अभ्यर्थियों को होटल लेकर आए




## 4 इंजीनियरों ने किया था पेपर लीक

*पेपर राजीव नयन मिश्रा, सुभाष प्रकाश, विशाल दुबे और सुनील रघुवंशी (प्रिंटिंग प्रेस कर्मचारी) नाम के 4 इंजीनियरों ने लीक किया था। चारों अलग-अलग प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़े थे। एग्जाम की मॉनिटरिंग कर रहे अर्पित विनीत यशवंत ने एग्जाम की सुबह 6.30 बजे क्वेश्चन पेपर की फोटो ली थी। पेपर भोपाल की किसी प्रिंटिंग प्रेस में छपे थे। एग्जाम पेपर लीक के* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 3 फरवरी को पेपर किया गया था चोरी

प्रिंटिंग के दौरान कोई क्वेश्चन पेपर डैमेज हो जाए, तो उसे अलग कर दिया जाता है। बाद में उन्हें श्रेडर के इस्तेमाल से नष्ट कर दिया जाता है। सुनील रघुवंशी को इसी मौके की तलाश थी। 3 फरवरी को सुनील मशीन रिपेयरिंग के लिए प्रिंटिंग प्रेस पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

गोधरा पहुंची सीबीआई की टीम

## नीट पेपर लीक मामले में अब तक 25 गिरफ्तारियां



इधर, नीट परीक्षा के पेपर लीक की जांच में अब तक देश के अलग-अलग राज्यों से 25 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बिहार से 13, झारखंड से 5, गुजरात के गोधरा से 5 और महाराष्ट्र के लातूर से 2 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। मामले की जांच केंद्र सरकार ने सीबीआई को सौंपी है। सीबीआई की टीमें सोमवार को बिहार और गुजरात पहुंची है। बिहार ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कवच 4.0 तकनीक को जल्द लागू करने के निर्देश



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। हादसों से बचने और कम समय में लंबी दूरी तय करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा 'कवच 4.0' प्रणाली पर काम किया जा रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नई और उन्नत प्रणाली 'कवच 4.0' की प्रगति की जानकारी ली। इससे पहले भारतीय रेलने ने कवच के 3.2 संस्करण को तैयार किया था।

### केरल अब 'केरलम' होगा प्रस्ताव विधानसभा में पारित



**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया और केंद्र से राज्य का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर 'केरलम' करने का आग्रह किया। विधानसभा ने दूसरी बार प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पहले प्रस्ताव की समीक्षा की थी।

### पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालिफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया। दोनों महिलाएं, पुरुष वर्ग के शुभांकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर के साथ मिलकर 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी।

'देश को नारों की नहीं, ठोस काम की आवश्यकता, देश को एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता'

# यह संसदीय लोकतंत्र में गौरव का दिन है, स्वतंत्रता के बाद पहली बार हमारी नई संसद में ली जा रही शपथ: मोदी

स्वतंत्रता के बाद दूसरी बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर मिला है: प्रधानमंत्री

## 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र के आरंभ होने से पहले प्रधानमंत्री ने संसद भवन के समक्ष अपने संबोधन में नव निर्वाचित सांसदों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र के आरंभ होने से पहले सोमवार को संसद भवन के समक्ष मीडिया को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य का आरंभ करते हुए कहा कि आज का दिन संसदीय लोकतंत्र के लिए गौरव का दिन है, गर्व करने का दिन है क्योंकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार शपथ ग्रहण समारोह नई संसद में होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों का हार्दिक स्वागत करता हूं और सभी को बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार करने के लिए आज 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद दूसरी बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर मिला है। यह अवसर 60 वर्षों के बाद आया है। प्रधानमंत्री ने 18वीं लोकसभा में शपथ लेने वाले युवा सांसदों की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की। भारतीय परंपराओं के अनुसार 18 की संख्या के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि गीता में 18 अध्याय हैं जो कर्म, कर्तव्य और करुणा का संदेश देते हैं, पुराणों और उपपुराणों की संख्या 18 है, 18 का मूल अंक 9 है जो पूर्णता का प्रतीक है और भारत में मतदान की कानूनी आयु 18 वर्ष है। श्री मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा भारत का अमृत काल है। इस लोकसभा का गठन भी एक शुभ संकेत है।

कहा, 25 जून को 50 वर्ष पहले इसी दिन संविधान पर एक काला धब्बा लगा था, हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा धब्बा देश पर कभी न लगे



### नागरिकों के सपनों को पूरा करेंगे

प्रधानमंत्री ने कल यानी 25 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। मोदी ने कहा कि भारत की नई पीढ़ी उस दिन को कभी नहीं भूलेगी जब लोकतंत्र को कुचलकर भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था और देश को जेलखाने में बदल दिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया ताकि ऐसी घटना फिर कभी न हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे और भारत के संविधान के अनुसार आम नागरिकों के सपनों को पूरा करेंगे।

### इस अवसर का उपयोग जन कल्याण और जन सेवा के लिए करें

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि सरकार की जिम्मेदारी तीन गुना बढ़ गई है क्योंकि लोगों ने तीसरी बार सरकार चुनी है। उन्होंने नागरिकों को विश्वास दिलाया कि सरकार पहले से तीन गुना अधिक श्रम करेगी और तीन गुना बेहतर परिणाम भी लाएगी। नवनिर्वाचित सांसदों से देश की बड़ी उम्मीदों को देखते हुए प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का उपयोग जन कल्याण और जन सेवा के लिए करें तथा जनहित में हर संभव कदम उठाएं। विपक्ष की भूमिका की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की जनता उनसे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखते हुए अपनी भूमिका पूरी तरह निभाने की अपेक्षा करती है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि विपक्ष इस पर खरा उतरेगा। मोदी ने जोर देकर कहा कि लोग नारों के बजाय ठोस काम चाहते हैं तथा उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सांसद आम नागरिकों की उन अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

### नई जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाएं

प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों की जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि वे सामूहिक रूप से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करें और लोगों का भरोसा मजबूत करें। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ नागरिकों का निर्धनता से बाहर आना एक नया विश्वास पैदा करता है कि भारत सफल हो सकता है और अतिशीघ्र निर्धनता से मुक्ति पा सकता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमारे देश के 140 करोड़ नागरिक कड़ी मेहनत करने में पीछे नहीं हटते। हमें उन्हें अधिकतम अवसर प्रदान करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सदन संकल्पों का सदन बनेगा और 18वीं लोकसभा आम नागरिकों के सपनों को साकार करेगी। प्रधानमंत्री ने सांसदों को बधाई देते हुए अपने वक्तव्य का समापन किया और उनसे अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाने का आग्रह किया।

भारत-यूएई के विदेश मंत्रियों की बैठक

## क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों सहित व्यापक सामरिक भागीदारी की हुई समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रियों के बीच रविवार को अबूधाबी में हुई द्विपक्षीय बैठक में व्यापक सामरिक भागीदारी की समीक्षा की गई है। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 23 जून को यूएई की एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत अबूधाबी गए थे। विदेश मंत्रालय ने



सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

यूएई की यात्रा में विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्ष और यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत-बांग्लादेश के बीच हुआ एमओयू

## सैन्य शिक्षा और रक्षा सहयोग से जुड़ा ऐतिहासिक समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बांग्लादेश के बीच सोमवार को रक्षा सहयोग से जुड़े हुए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जो कि दोनों देशों के बीच सैन्य शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े सामरिक और रणनीतिक अध्ययन से संबंधित है। भारत के रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन (डीएसएससी) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स और



बांग्लादेश के रक्षा सेवा कमांड एवं स्टाफ कॉलेज, मीरपुर, ढाका (डीएससीएससी) के पीएसओ एएफडी लेफ्टिनेंट जनरल एमआर शमीम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस एमओयू ▶▶ शेष पेज 5 पर

रोहित शर्मा ने शानदार 41 गेंद में 92 रन की पारी खेली, सबसे तेज हॉफ सेंचुरी जमाई

## टी-20 वर्ल्ड कप: ऑस्ट्रेलिया को हरा सेमीफाइनल में पहुंची टीम इंडिया

**ग्रॉस आइलेट (एजेंसी)।** भारत ने अपने सुपर-8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम 5वीं बार इस टूर्नामेंट के टॉप-4 में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से 27 जून को होगा। वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 41 गेंद पर 92 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 8 सिक्स की मदद से 224 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे



तेज सेंचुरी बनाने से चूक गए, हालांकि सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाई। रोहित के अलावा, सूर्यकुमार (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (27) ने टीम का स्कोर 205 तक पहुंचाया। टीम ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 200+ का स्कोर खड़ा किया है। पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने 13 ओवर में दो विकेट पर 128 रन बना लिए थे। उसके बाद आखिरी के 7 ओवर्स में भारतीय गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और कंगारू टीम को 20 ओवर में 181/7 के स्कोर पर रोक दिया। *(विस्तृत खेल पेज पर)*

दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी सिफारिशें

## एनटीए में सुधारों के लिए गठित की गई समिति की पहली बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधारों के लिए गठित की गई केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति की सोमवार को पहली बैठक हुई। इसमें एजेंसी से जुड़े परीक्षा तंत्र में सुधार और परीक्षाओं में पारदर्शिता को बहाल करने जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई। बीते दिनों नीट-यूजी से लेकर अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी के बाद देशभर में खड़े हुए विवाद के बीच एजेंसी में सुधार के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस समिति को गठित किया था। इसकी अध्यक्षता इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि पहली बैठक में समिति ने एनटीए में सुधार से जुड़े मुद्दों और नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में पारदर्शिता को स्थापित करन के मामले पर विचार किया। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से हालांकि इस बैठक के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन बैठक को लेकर इंकार भी नहीं किया गया है। गौरतलब है कि नीट पेपर लीक के बाद शिक्षा मंत्रालय ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने भी बड़ी तेजी के साथ मामले की गहन पड़ताल शुरू कर दी है। उधर, उच्च स्तरीय समिति की आने वाले दिनों में भी इस मामले को लेकर कई और बैठकें भी होंगी। दो महीने के भीतर यह समिति अपनी सिफारिशें मंत्रालय को सौंपेगी।

*कनिष्क बम धमाके से भारत ने कनाडा को दिलाई खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे की याद, कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा, आतंकवाद सीमा, राष्ट्रीयता और नस्ल से परे है*

## बम धमाके की 39वीं वर्षगांठ पर बोले डॉ. एस. जयशंकर आतंकवाद को कभी भी कतई बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कनिष्क बम धमाके की 39वीं वर्षगांठ के मौके पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को 1985 में एयर इंडिया की उड़ान-182 कनिष्क से जुड़े बम धमाके के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के जरिए कनाडा को इतिहास के इस सबसे घातक आतंकी हमले के जरिए कनाडा को उनके देश में फलफूल रहे खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे की याद दिलाई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1985 में एयर इंडिया की उड़ान-182 से जुड़ा कनिष्क बम धमाका उस चेतावनी की तरह से है। जो कि हमें बताता है कि आतंकवाद को कभी भी कतई बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। आज इतिहास में आतंकवाद के सबसे बुरे



कृत्यों में से एक की 39वीं वर्षगांठ है। मैं एआई-182 के 329 पीड़ितों की स्मृति में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। जो 1985 में आज के दिन मारे गए थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। यह वर्षगांठ हमें याद दिलाती है कि आतंकवाद को कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि कनिष्क बम धमाके के पीछे खालिस्तानी आतंकवादियों का हाथ था। उन्होंने वर्ष 1984 में पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में छिपे हुए खालिस्तानी आतंकवादियों को बाहर निकालने को लेकर चलाए गए ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए कनाडा में इस हमले को अंजाम दिया था।

यहां बता दें कि विदेश मंत्री की 'एक्स' पर यह टिप्पणी 23, जून को कनाडा में भारतीय उच्चायोग द्वारा कनिष्क बम धमाके में मारे गए 329 लोगों की याद में आयोजित की गई एक सभा के कार्यक्रम के मद्देनजर की गई। उच्चायोग ने यह कार्यक्रम कनाडा की संसद में हाल ही में भारत द्वारा घोषित खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या ▶▶ शेष पेज 5 पर

# तीन लाख में खरीदा किडनैप हुआ एक साल का बच्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजौरी गार्डन इलाके में एक साल के मासूम बच्चे को अगवा कर बेचने का मामला सामने आया है। तीन लाख रुपए में बेचा गया बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया है। केस में एक महिला समेत तीन लोगों को अरेस्ट किया है। तीन लाख में बच्चे का सौदा हुआ था। खरीदने वाली महिला ने बताया कि शादी के कई साल बाद बच्चा नहीं हुआ था। आरोपियों में मनीष कुमार गुप्ता, मोहित तिवारी व शोभा देवी शामिल है।

**खास बातें**


- बच्चा खरीदने वाली महिला समेत तीन अरेस्ट
- राजौरी गार्डन इलाके का मामला



पुलिस के अनुसार 13 जून को टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास सड़क किनारे सो रहे एक साल के बच्चे को किडनैप करने का मामला सामने आया है। पीड़ति पूनम की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उसने बताया कि वह फेरी लगाकर सामान बेचती है। रात को डिवाइडर पर सो रही थी। घटना के समय बच्चा उसकी बगल में ही था, तभी एक बाइक सवार उसके बच्चे को उठा ले गया। पुलिस ने जांच के दौरान सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की। इसमें एक काले रंग की बाइक का पता चला। बाद में मुख्य आरोपी नरेला निवासी मनीष कुमार गुप्ता (27) तक पुलिस पहुंच गई। उससे पूछताछ के बाद सहयोगी मोहित तिवारी उर्फ गुड्डु को घोंडा यूपी से पकड़ा गया। इन्होंने पुलिस को बताया कि वे बच्चे को बिहार के सीतामढी में शोभा नाम की महिला को बेच चुके हैं। इसके बाद पुलिस ने शोभा के घर जाकर बच्चे को बरामद कर लिया। आरोपी मनीष कारपेंटर है। जबकि दूसरा आरोपी उसका हेल्पर है। पुलिस को जांच में पता चला की पहले शोभा नरेला इलाके में ही रहती थी। उसने अपना दर्द मनीष के सामने बयां किया था। मनीष को भी रुपयों की सख्त जरुरत थी। उसने सहयोगी के साथ मिलकर बच्चा अगवा कर उसे बेचने का प्लान बनाया था। इसी के तहत बच्चे को अगवा कर तीन लाख में शोभा को बेचा गया था।

# होटलकर्मी महिला ने आठ लोगों पर लगाया गैंग रेप का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पुलिस ने दर्ज किया केस
- पालम इलाके का मामला

पालम इलाके में एक महिला से गैंगरेप का केस दर्ज किया गया है। आरोप एक होटल के मालिक, उसके बेटे, मैनेजर समेत आठ लोगों पर है। अभी केस में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस आरोपों को वैरिफाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात महावीर एंक्लेव, डाबड़ी में एक महिला ने गैंग रेप को लेकर पीसीआर कॉल की, जिसमें बताया गया एक होटल में तीन लड़कों ने उसके साथ रेप किया है। पहले यह कॉल डाबड़ी थाने को गई। बाद में केस पालम थाने ट्रांसफर हुआ। पुलिस का कहना है कि पीड़ति पिछले साल अक्टूबर से होटल में काम कर रही थी।

## बिजनेस में हुये घाटे की भरपाई के लिए की थी वारदात

# लूट और हत्या में मास्टमाइंड समेत चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नारायणा इलाके में लूट और हत्या के मामले का खुलासा करते हुये वेस्ट पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। इनके पास से मोबाइल, लूटे गए 4.80 लाख रुपए बरामद हुये हैं।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि 12 जून को नारायणा में हत्या की वारदात हुई थी। पुलिस को एक घर की दूसरी मंजिल पर एक व्यक्ति की लाश मिली थी, जिनकी पहचान नारायणा गांव निवासी विभूति कुमार के तौर पर हुई थी। वह अपनी पत्नी और दो नाबालिग बेटों के साथ रहते थे। परिवार के अन्य लोग गर्मी की छुट्टी मनाने नेपाल गए हुए थे। जांच के दौरान पुलिस ने सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरे चैक किए। जिसके बाद एक संदिग्ध की पहचान अनुज के रूप में हुई। उसे रोहतक हरियाणा से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान अनुज ने बताया कि उसे फाइनेंस के बिजनेस में घाटा हुआ था। उस पर काफी कर्ज भी चढ़ा था। मृतक अक्सर कर्मपुरा स्थित अनुज के फ्लैट पर जाता था। अनुज को पता था कि वह मोती नगर में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है। उसका काम अच्छा है। इसलिए उसने अपने साथियों अभिषेक, नीरज और सूरज के साथ इस वारदात की साजिश रची। अन्य आरोपी भी कर्ज में डूबे हुए थे। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने जींद हरियाणा में दबिश डाल अन्य तीनों आरोपी नीरज, अभिषेक और सूरज को भी अरेस्ट कर लिया। आरोपी अनुज झज्जर का रहने वाला है। वह पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल रहा है।



**खास बात**

- जानकार ही निकला वारदात का मास्टरमाइंड

## कारोबारी से मांगी थी एक करोड़ की रंगदारी एक अरेस्ट



- बुध विहार इलाके का मामला

**नई दिल्ली।** बुध विहार इलाके में फायरिंग कर कारोबारी से एक करोड़ की रंगदारी मांगने के केस में पुलिस ने एक आरोपी को अरेस्ट किया है। रिठाला गांव निवासी कुलदीप राणा (39) ने 15 फरवरी को अपने साथियों के संग मिलकर यह वारदात की थी। केस में नौ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बदमाश पर पहले से दो दर्जन मामले दर्ज पाये गये हैं। डीसीपी डॉ. गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि 14 फरवरी को राजीव कुमार नाम के प्रॉपर्टी डीलर के पास रंगदारी की कॉल आई थी। फोन करने वाले ने खुद को गोगी गैंग का सदस्य बताया था और एक करोड़ की डिमांड की थी। मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। अगले दिन उनके ऑफिस पर फायरिंग की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी कुलदीप राणा फरार था। पुलिस को पता चला था कि राणा बुध विहार में आएगा। इसके बाद ट्रैप लगा उसे दबोच लिया गया। आरोपी काला जठेड़ी गैंग से संबंध रखता है।

## अणुव्रत मानवीय मूल्यों का आंदोलन : गोयल

**नई दिल्ली।** अणुव्रत मानवता के ऊर्ध्वारोहण का आंदोलन है। अणुव्रत दर्शन से बिना किसी जाति, धर्म, संप्रदाय, या वर्ण भेद के मानव मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। यह बातें सोमवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने अणुव्रत के 75 वें वर्ष पर प्रकाशित अणुव्रत विशेषांक को प्राप्त करने के दौरान कही।



गौरतलब है कि सोमवार को अणुव्रत विश्व भारती की संगठन मंत्री डॉ. कुसुम लुनिया, अणुव्रत समिति गाजियाबाद की अध्यक्ष कुसुम, हीरालाल सुराना एवं ज्ञानशावा के पूर्व संयोजक अशोक बैद ने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को अणुव्रत के 75 वें वर्ष पर प्रकाशित अणुव्रत विशेषांक भेंट किया। गोयल ने अणुव्रत जीवन शैली पर आधारित इस विशेषांक के कवर पेज, कलेवर व साज सज्जा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अणुव्रत मानवीय मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा की किसी भी राजनीतिक दल का लक्ष्य उच्च मानवीय मूल्यों की स्थापना से व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का उत्थान करना है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश पुत्र** शशि **पता:** मकान नंबर 362 जे ब्लॉक शकरपुर दिल्ली ने **FIR No. 699/2020, U/s 33/38/58 D EX ACT थाना: राजौरी गार्डन नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 699/2020, U/s 33/38/58 D EX ACT थाना: राजौरी गार्डन नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री. शशांक नंदन भट्ट**
**एमएम, कमरा नंबर 356 तीसरी मंजिल**
**तीस हजारी कोर्ट दिल्ली**

**DP/7765/WD/2024**
**(Court Matter)**



## गुमशुदा की तलाश



श्रीकांती

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक औरत (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **श्रीकांती पत्नी भावुक मंगला निवासी ए–28/1, माया गली नं. 01, बाबरपुर, कब्रिस्तान के सामने, वेलकम, दिल्ली जो दिनांक 12.06.2024 को शाम करीब 7:30 बजे** अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में एक **डीडी नं. 42ए दिनांक 14.06.2024 थाना वेलकम, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस औरत का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंग:** महिला, **आयु:** 27 वर्ष **कद:** 5′ 2″ फीट, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** अंडाकार, **शरीर:** दरम्याना।

अगर किसी को इस गुमशुदा औरत के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पतों पर सूचित करें:–

**थाना प्रभारी**
**थाना: वेलकम, दिल्ली**
**फोन: 011–22822746, 22826808**
**मोबाइल: 8750870731**

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई–मेल: cic@cbi.gov.in**
**टेली. नं.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/7918/NE/2024**


# मायापुरी में दोस्त के घर गए युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- वारदात से पहले दोस्तों के बीच हुई थी शराब पार्टी
- एक युवक को हिरासत में लेकर की जा रही पूछताछ

मायापुरी इलाके में अपने दोस्त के घर गए एक युवक की हत्या कर दी गई। इस वारदात से पहले मौके पर शराब पार्टी हुई थी,। बाद में वहां झगड़ा हो गया। मृतक की पहचान राज कपूर (20) के तौर पर हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू अस्पताल भेजा गया है। एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक रविवार शाम इस घटना की सूचना मिली थी। बताया गया कि खजान बस्ती मायापुरी इलाके में एक युवक की हत्या हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां युवक मृत हालत में मिला। घटनास्थल पर काफी खून फैला था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक अपने दोस्त किशन के किराए के मकान पर आया था। वहां प्रहलाद और बबलू नाम के उनके दो अन्य दोस्त भी आए थे। सभी ने शराब पार्टी की थी। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। उस वक्त किशन ने बीच बचाव करवा दिया। मामला शांत हो गया। कुछ देर बाद किशन नहाने के लिए चला गया। जब वह वापस आया तो राज कपूर को खून से लथपथ देखा। पुलिस इस मामले में प्रहलाद को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। पता लगाया जा रहा है उनके बीच झगड़ा किस बात को लेकर हुआ था। हत्या की यह वारदात अचानक से आए गुस्से का नतीजा थी या फिर साजिश के तहत इस वारदात को अंजाम दिया गया है। तमाम पहलूओं को ध्यान में रख पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है।

## सिलेंडर ब्लास्ट युवक झुलसा

- दो लड़कियां हुई घायल

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर के संजय एंक्लेव इलाके में सोमवार दोपहर एक घर में लगी आग के बाद सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस वजह से बिल्डिंग की दूसरी मंजिल की दीवार भी ढह गई। हादसे की चपेट में आने से एक युवक झुलस गया और एक युवती घायल हो गई।

वहीं 11 साल की एक लड़की ने आग से बचने के लिए नीचे छलांग लगा दी। घटना में झुलसे युवक और दोनों घायल लड़कियों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। दमकल निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर संजय एन्क्लेव, उत्तम नगर स्थित एक चार मंजिला मकान में आग की सूचना मिली थी। मौके पर फायर की चार गाड़ियां भेजी गई। कुछ देर के भीतर ही आग पर काबू पा लिया गया। बाद में जांच के दौरान पता चला कि घर की दूसरी मंजिल पर एक एलपीजी सिलेंडर फट गया था, जिससे दूसरी मंजिल की दीवार ढह गई। इसके चलते इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर आग फैल गई। घटना में 18 साल का नकुल जल गया। उसे सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। सुरभि नाम की एक 11 साल की लड़की बिल्ड़िग से नीचे कूद गई, जिस कारण उसके पैर में चोट लगी है। लोगों ने उसे पास के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना में दीवार गिरने से बगल के घर की 22 साल की रीना नामक के सिर में भी चोट लग गई। वह भी प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती है। आग किस वजह से लगी, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## युवती समेत दो लोगों को किया अरेस्ट

# प्यार में धोखा मिलने पर प्रेमी पर करवाया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तीन साल बाद प्रेमी से धोखा मिलना एक युवती को बर्दाश्त नहीं हुआ और उसने युवक पर जानलेवा हमला करवा दिया। पुलिस ने युवती समेत दो लोगों को अरेस्ट किया है। दरअसल पीड़ित युवक की दूसरी जगह सगाई हो गई थी। युवती उस पर दबाव बनाने लगी तो उसने युवती को उसकी निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी थी।



बाहरी जिले के डीसीपी जिम्मी चिरम के अनुसार 19 जून को निहाल विहार में एक युवक पर चाकू से हमला की पीसीआर कॉल मिली थी। वारदात के समय पीड़ित ओमकार नत्थू राम फार्म हाउस के पास स्कूटी पर सवार था और अपने घर जा रहा था। उसी समय बाइक पर आए तीन युवकों ने उस पर हमला किया। घटना को लेकर पुलिस ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये। पीड़ति के मोबाइल की कॉल रिकॉर्ड और रूट मैप खंगाला गया। इसके बाद मिले क्लू से रविवार को द्वारका मोड से एक आरोपी को पकड़ा गया। उसकी पहचान विकास के तौर पर हुई। उसने अपने दो साथियों हर्ष और रोहन के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकारी। इससे पूछताछ में साजिश में युवती का नाम भी निकलकर सामने अया। बाद में युवती को तिलक नगर मेट्रो स्टेशन के नजदीक से पकड़ा गया। आरोपी युवती ने पूछताछ में खुलासा किया वह और पीड़ति ओमकार दोनों ग्राफिक डिजाइनर के रूप में काम करते थे। वह अपने पति से अलग होने के बाद पिछले तीन वर्षों से ओमकार के साथ रिलेशन में थी। उसे पता चला कि ओमकार की किसी दूसरी लड़की से सगाई हो गई है। यह पता चलने के बाद से वह ओमकार से काफी नाराज थी। इस बात को लेकर उसने ओमकार से बात की। गलती मानने के बजाए वह उसे ही धमकी देने लगा और उसकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देने लगा। इसके बाद उसने ओमकार को मरवाने की साजिश रची। वह नेपाली दोस्त के माध्यम से विकास से मिली और ओमकार को मारने का सौदा 30 हजार में किया। उसने ओमकार का चेहरा जलाने के लिए विकास को एसिड की बोतल भी उपलब्ध करवाई। पुलिस ने आरोपी महिला को जेल भेज दिया है। वहीं विकास को रिमांड पर लेकर उसके फरार साथियों की तलाश की जा रही है।


**IndusInd Bank**

**OFFICE ADDRESS: 43, BHAGERIA HOUSE NEW FRIENDS COLONY, NEW DELHI-110025**

**HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Soecification on **"AS IS WHERE IS BASIS"** Vehicle's Model & Reaistration No. Given Below

| DEAL NO | CUSTOMER NAME | REGISTRATION NO | ENGINE NO | CHASSIS NO | MODEL | YEAR OF MFG |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DED02142C | SUMAN LATA | DL5CU8245 | K15BN1363308 | MA3EXGL1S00482408 | Maruti Ciaz 1.5 P Mt S Bs Vi | 2023 |
| DAL01305G | TAJ | UP13CT3423 | AZXWNF78106 | MD2B17AXXNWF32030 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2022 |
| DAL01482G | BINNA | UP81ET0049 | 700CCDI02PXXSH7037 | MAT559029PVA00279 | TATA AC.E GOLD DIESEL BS VI | 2023 |
| DAL01575G | PRAKASH | UP81ET3122 | 700CCDI02AWXS00350 | MAT559029PZA00443 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2023 |
| DAM04706G | SONU | UP85CT2462 | AXTCSKY3001484 | MBX0007PBYK056945 | APE XTRA LDX CNG PU BS VI | 2021 |
| DAM05345G | HARIRAM | UP85CT7525 | AZXWNC76369 | MD2B25AX4NWC26152 | BAJAJ MAXIMA CARGO CNG BS6 | 2022 |
| DAM05523G | RAKESH | UP85CT9680 | 275C17HXXSA8785 | MAT556004NVH45895 | TATA AC.E GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DAM05636G | AMIT KUMAR | UP86AT0868 | AZXWNG48083 | MD2B17AX2NWG37774 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2022 |
| DAM05585G | NEERAJ | UP85CT9863 | G12BN1149837 | MA3EZLF1T00254433 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS 6 | 2022 |
| DAS00780G | SHIV | DL1LAJ1442 | 275CNG17KXXSD7818 | MAT556004NVK57535 | TATA AC.E GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DBR00180G | MOHAN | DL1LAE3137 | 275CNG17KZXK10945 | MAT556002LVK33629 | TATA AC.E GOLD CNG BS VI | 2020 |
| DBR00635G | LALU | DL1LAJ2360 | 275CNG17NXXSG0350 | MAT556004NVN67356 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DAS00512G | RAM KUMAR | DL1LA9342 | 275CNG17YXSC1169 | MAT556002MVN60355 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DAS00964G | MAHESH | DL1LAL1022 | 275CNG17BWXS28754 | MAT556002PVC12841 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DAA02526G | RAKESH | UP80GT6480 | G12BN1198376 | MA3EZLF1T00271071 | MARUTI SUPER CARRY CNG | 2023 |
| DAA02674G | SACHIN | UP80HT0176 | G12BN1203126 | MA3EZLF1T00275644 | MARUTI SUPER CARRY CNG | 2023 |
| ULY04287G | SHAHRUK | UP25ET7080 | 700CCDI02BXXS20101 | MAT559029NYB06998 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2022 |
| ULY04784G | SARVAR | UP25FT5436 | XUP6C13276 | MA1FN2XURP6C54500 | MAHINDRA SUPRA PROFITTRUCK MINI VX BS 6 | 2023 |
| ULY04305G | JAVED | UP26T7912 | 700CCDI02CXXS30517 | MAT559029NYC10345 | TATA AC.E GOLD DIESEL BS VI | 2022 |
| ULY04650G | KARAN PAL | UP25FT2454 | LF4KN4X00037 | MD6N2LCF0N4K00003 | TVS KING ZK FI KARGO DECK BS6 CNG | 2023 |
| UBS01445G | ANUJ KUMAR | UP27BT5843 | 800CCDI04PXXSH4022 | MAT559007NZP32048 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| UBS01567G | RAMESH | UP27BT9143 | TBP0SJ23012262 | MBX0009VF2J333589 | APE CITY NXT+ CNG BS6 | 2023 |
| DNG02781G | RANIL | DL1LAL3113 | 275CNG18EWXS62768 | MAT556013PVE25895 | TATAACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DNG02372G | KANJANI | DL1LAG0608 | 275CNG17HYXS76605 | MAT556002MVN61352 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DUZ01123G | HAKEEM | UP12BT7922 | 800CCDI02EXXS66978 | MAT535315NYE25313 | TATA INTRA V10 BS VI | 2022 |
| DUS00334G | RAJEEV | UP19AT1993 | PXP6E16757 | MA1FN2PXRP6E57798 | MAHINDRA SUPRO MINITRUCK CNG BS6 | 2023 |
| DUB00203G | ANISH | UP20AT8869 | G12BN1068974 | MA3EZLF1T00231561 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DUB00319G | BABLU | UP20BT2689 | G12BN1200185 | MA3EZLF1T00272728 | MARUTI SUPER CARRY STD CNG1.2I5MT BSVI | 2023 |
| UHK00580G | ASHARAF | UK19CA1095 | 275MPFI01EXXS69071 | MAT559002NVE29731 | TATA ACE GOLD P HIGHDECK BS VI | 2022 |
| UYN00410G | AKASH | UP24AT3618 | 700CCDI02GXXSA6241 | MAT559029NVG44738 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2022 |
| UYN00565G | JAYVEER | UP24AT4948 | 800CCDL43XXSD3206 | MAT559007NZJ24366 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| UYN00500G | BHUPENDRA | UP24AT4696 | LF4NN4800187 | MD6M1LCF5N4N00177 | TVS KING ZD225 LE FI CNG BS6 | 2023 |
| DDV01401G | S MOHD SAKIL | DL1LAE8736 | 275CNG17BYXK07892 | MAT556002MVB 11468 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DDV01706G | MS SEEDS BERRY ENTERPRISES | DL1LAH3559 | 275CNG17EXXS70366 | MAT556004NVF33061 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DMM03338G | V UMESH | UP15FT9931 | 800CCDI02EXXS61532 | MAT535315NYE21266 | TATA INTRA V10 AC BS VI | 2022 |
| DMM03699G | MSHER | UP12CT0998 | 275CNG17EXXS70377 | MAT556002NVE30512 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| UBS01354G | S PUSPENDRA | UP27BT3638 | 15CRAIL05GXXSA3565 | MAT535073NY J44370 | TATA INTRA V30 BS VI | 2022 |
| DMM03369G | RMOTI | UP15FT7261 | 275CNG17DXXS57833 | MAT556002NVD24994 | TATA AE,E GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DMM03623G | M MOHAMMAD FARMAN | UP15GT1741 | 275CNG17DXXS58491 | MAT556002NVD25206 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DMM03449G | AAZEEM | UP15FT8583 | 275CNG17JXXSC2296 | MAT556002NV J51381 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DMM03530G | K UMAKANT | UP15GT0372 | 800CCDL02PYXSD7307 | MAT535315MYP56895 | TATA INTRA V10 BS VI | 2022 |
| DMM03032G | M SHAHRUKH | UP15FT3077 | 275CNG17JYXS90276 | MAT556002MVK54861 | TATA AE,E GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DUZ01041G | I KAMIL | UP12BT7093 | 15CRAIL05BXXS18539 | MAT535073NYB06346 | TATA INTRA V30 BS VI | 2022 |
| DDA01747G | K MOHAMMAD BILAL | DL1LAL6697 | 275CNG18HWXSA8200 | MAT556012PVH45489 | TATA AE,E GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DMM03598G | S PRAVEEN | UP15GT0633 | 700CCDL02FXXS83570 | MAT559029NYF28675 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| UHK00624G | AATEEQ | UK18CA7093 | 275MPFI02NXXSG4737 | MAT559023NVP68549 | TATA ACE GOLD PETROL BS 6 | 2023 |
| DUZ01348G | LSURAJ | UP17BT3136 | 275CNG18EWXS59516 | MAT556012PVE24728 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DUZ01349G | KVIJAY | UP12CT2035 | 275MPFI03EWXS67705 | MAT559034PVE27931 | TATA ACE GOLD PETROL BS 6 | 2023 |
| DDB03752G | SUNIL | HR38AG8352 | AZXWPD92632 | MD2B47AX6PWD53736 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDM01049L | KGOVIND | DL1LAH7223 | HNH032146P | MB1AA23E8NRHY3023 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2022 |
| DDM01050L | KGOVIND | DL1LAH7261 | HNH033734P | MB1AA23E5NRHY3027 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2022 |
| DDM01087L | KCHANDAN | DL1LAH8702 | GNH039845P | MB1AA23E5NRGZ2761 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2022 |
| DDM01436L | ANOOR | DL1LAL8960 | LYP4K15621 | MA1RE2LYKP6K26213 | BOLERO MAXX HD 1.3LX BS611 | 2023 |
| DDV01846L | KSHINOD | UP14KT5822 | 3.8SGL79NYX632485 | MAT812033M5N17860 | TATA 1109G LPT OCR 38 HSD 85 M5 BS VI | 2022 |
| DDV02591L | KSARFARAJ | DL1LAL8582 | EPH050406P | MB1AA23ESPRDP6117 | AL DOST PLUS LS FSD BS6II | 2023 |
| DDV02645L | S KIRANPAL | UP16MT0970 | DPH055425P | MB1AB42E3PRCP8133 | AL BADA DOST 14 LS FSD BS611 | 2024 |
| DDZ02742L | RJAGDISH | DL1LAH8902 | UKN1G26285 | MA1ZP2UKKN1G66530 | BOLERO MAXI TRUCK CNG PS BS6 | 2022 |
| DDZ02746L | GANIL | DL1LAH8949 | UKN1023619 | MA1ZP2UKKN1043858 | BOLERO MAXI TRUCK CNG PS BS6 | 2022 |
| DDZ02830L | N SUMIT | DL1LAJ2264 | UKN1M29390 | MA1ZP2UKKN1M17215 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DED00701L | KSANJAY | DL1LAJ2084 | UKN1G27648 | MA1ZP2UKKN1G72427 | MAHINDRA BOLERO MAXI TRUCK PLUS PS BS 6 | 2022 |
| DGP01451L | SK XPRESS SERVICES | HR55AM8626 | SLTNG6AN273758 | MBUZT54AAN0280522 | SML ISUZU SAMRAT GS 21 CNG CAB CHASSIS B | 2022 |
| DSG00627L | R ROHIT | HR55AR1249 | E336CDPF073525 | MC2EDERC0PFB32542 | EICHER PRO 2059 XP | 2023 |
| DDF01699L | ANIL KUMAR TRANSPORT | HR38AC4985 | 3.8SGL79KYX807877 | MAT812025M5K 16501 | TATA LPT 1109/49CBC BS VI | 2021 |
| DDZ03288L | C MEENU | UP14NT9070 | GPH040742P | MB1AA23E2PREN0562 | AL BADA DOST 12 LX FSD BS VI | 2023 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**PLACE : DELHI** **Contact Person :** NAME YOGESH SAINI, MOBILE NO. 8860862245

## खबर संक्षेप

### एलजी ने गैरकानूनी तरीके से कटवाए 1100 बड़े वृक्ष : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया है कि उन्होंने गैरकानूनी तरीके से आदेश देकर 1100 बड़े वृक्ष कटवाए हैं। सौरभ भारद्वाज ने प्रेसवार्ता में बताया कि एक एनजीओ को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने छानबीन करना शुरू की। एनजीओ की छानबीन से डीडीए में घबराहट पैदा हुई और आनन-फानन में पेड़ काटने के बाद मार्च के महीने में डीडीए सुप्रीम कोर्ट इन पेड़ों की कटाई की परमिशन लेने पहुंची। उन्होंने बताया कि 4 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए द्वारा इन पेड़ों की कटाई के लिए जो एप्लीकेशन डाली थी उसे रिजेक्ट कर दिया। भारद्वाज ने कहा कि दो एनजीओ कपूरिया और न्यू दिल्ली नेचर सोसाइटी जो की इन पेड़ों की कटाई के मामले में छानबीन कर रही थी, यह दोनों एनजीओ मई के महीने में सुप्रीम कोर्ट पहुंची और इन्होंने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि डीडीए जिन पेड़ों को काटने की परमिशन मार्च में मांग रही थी, वह पेड़ फरवरी में ही काट दिए गए थे।

### जलमंत्री के समर्थन में आप नेताओं ने निकाला कैंडल मार्च

**नई दिल्ली।** दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने को लेकर पानी सत्याग्रह पर बैठी जलमंत्री के समर्थन में सोमवार की शाम आम आदमी पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने कैंडल मार्च निकाला। दिल्ली पुलिस ने कैंडल मार्च को रास्ते में ही रोक दिया और पार्टी के नेता वहीं पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान समर्थकों ने दिल्ली के हक का पानी दो, आतिशी तुम संघर्ष करो-हम तुम्हारे साथ हैं, समेत जमकर कई नारे लगाए। वहीं, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की महिला सांसद महुआ मोइत्रा, सागरिका घोष और प्रतिभा मंडल भी अनशन स्थल पर पहुंची और सत्याग्रह का समर्थन किया। इसके अलावा, पंजाब से 'आप' के सांसद डॉ. राजकुमार ने प्रदेश ईकाई की तरफ से अपना समर्थन दिया। सोमवार को जलमंत्री के अनशन का चौथा दिन था। अब उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। इसे देखते हुए आम आदमी पार्टी ने सत्याग्रह को और तेज करने का निर्णय लिया है। मंगलवार से जल मंत्री आतिशी के साथ 'आप' के पांच विधायक भी क्रमिक अनशन बैठेंगे।

### 'एलजी से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का संयुक्त दौरा करने की अपील'

# दिल्ली के मंत्रियों ने जल संकट के समाधान की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**



दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली में जल संकट को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आग्रह किया है। इस बात की जानकारी कैबिनेट मंत्रियों ने अपनी सहयोगी मंत्री आतिशी के अनशन स्थल पर प्रेसवार्ता कर दी। इस प्रेसवार्ता में मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और सौरभ भारद्वाज शामिल रहे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन चौथे दिन में प्रवेश कर गया है और उनकी तबीयत बिगड़ रही है। मंत्रियों ने जंगपुरा के भोगल में अनशन स्थल पर एक बैठक की, जहां उन्होंने इस मुद्दे के समाधान की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और सभी अधिकारियों को वजीराबाद, बवाना में फ्लो मीटर की रीडिंग देखने और वहां नदी के जलस्तर को देखने के लिए आमंत्रित करते हैं। हरियाणा द्वारा छोड़े गए पानी का डेटा उपलब्ध है और वे खुद देख सकते हैं कि पानी कैसे कम हुआ है। इस बात पर जोर देते हुए कि दिल्ली को पानी का उचित हिस्सा मिलना चाहिए। राय ने कहा कि देश में नदियों के जल का बंटवारा कर यह तय किया गया कि किस राज्य को कितना पानी मिलेगा। 30 साल पहले जब दिल्ली के लिए प्रतिदिन 1005 एमजीडी पानी निर्धारित किया गया था, तब दिल्ली की आबादी लगभग 1 करोड़ थी। लेकिन 30 साल बाद आज दिल्ली की आबादी 3 करोड़ हो गई है, फिर भी दिल्ली को उतना ही पानी दिया जाता है। इस भीषण गर्मी में जब पानी की मांग और बढ़ी, तो हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली के 1005 एमजीडी पानी में से भी 100 एमजीडी पानी रोक दिया। 100 एमजीडी पानी का मतलब है कि आज दिल्ली को 46 करोड़ लीटर पानी नहीं मिल रहा है।

### दिल्ली के हक का पानी मत रोकिए, हमारी किसी से नहीं है लड़ाई : राय

*गोपाल राय ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार, एलजी और देश के प्रधानमंत्री से हमारी केवल यह विनती है कि भले ही आप दिल्ली के लोगों की आबादी 3 गुना बढ़ने के बाद भी उनका पानी नहीं बढ़ा रहे हो, लेकिन 30 साल से मिलने वाले उनके हक का पानी तो मत रोकिए। हमारी किसी से लड़ाई नहीं है। हम दिल्ली के लोगों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिख रहे हैं। एलजी से हमारी अपील है कि वो मंगलवार को ज्वाइंट विजिट के लिए कोई भी समय निर्धारित कर दें, हम आपके साथ चलेंगे। हमारे पास और एलजी के पास जो रिपोर्ट आ रही है, ग्राउंड पर जाकर हम दोनों की हकीकत चेक कर लेंगे। अगर पानी कम आ रहा है तो हम चाहते हैं कि हरियाणा सरकार दिल्ली को वो पानी दे, ताकि दिल्ली के लाखों लोगों को पानी की समस्या से राहत मिल सके।*

### पानी की समस्या से मिले राहत : गहलोत

*मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि एलजी को इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि हम सब अधिकारियों के साथ मुनक नहर या वजीराबाद तालाब पर जाकर खुद देखें कि पानी क्यों नहीं छोड़ा जा रहा है? हमें केवल अधिकारियों की रिपोर्ट पर भरोसे नहीं रहना चाहिए ताकि दिल्लीवालों को उनका हक मिले और इस पानी की समस्या से राहत मिले।*

### दिल्लीवालों की पीड़ा को समझते हुए पीएम को देना चाहिए दखल : इमरान

मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि आज हम सभी मंत्री प्रधानमंत्री को सामूहिक चिट्ठी भेज रहे हैं, क्योंकि हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। वो खुद दिल्ली में रहते हैं, इसलिए दिल्लीवालों की पीड़ा देखते हुए उन्हें इस मामले में दखल देना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि अगर एलजी हम सभी मंत्रियों के साथ ग्राउंड पर जाकर खुद सारी चीजें देखेंगे तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। रिकॉर्ड से पता चल जाएगा कि 10 दिन पहले, 3 दिन पहले या एक दिन पहले कितना पानी आया।

### एलजी हमारे साथ ग्राउंड पर चलकर देखें हकीकत : सौरभ

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम लोग प्रधानमंत्री को भी पत्र लिख रहे हैं और एलजी से भी निवेदन कर रहे हैं कि वो हमारे साथ आएं और ग्राउंड पर चलकर चीजों की हकीकत देखें।

### मंत्रियों ने पत्र में बयां की दिल्लीवालों की परेशानी

दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली में जल संकट को लेकर दिल्ली में इस वर्ष भयंकर गर्मी के चलते पानी का एक बहुत बड़ा संकट पैदा हो गया है। दिल्ली में ऐसी गर्मी पिछले दशक में कभी नहीं पड़ी, जिसकी वजह से दिल्लीवाले बूंद-बूंद पानी को तरस गए है। दिल्ली पानी के लिए पूरी तरह से हरियाणा और उत्तर प्रदेश पर निर्भर है। दुर्भाग्य की बात यह है कि दिल्लीवालों को अधिक मात्रा में पानी मिलना तो दूर, हमें अपने हक्क का आवंटित पानी भी हरियाणा से नहीं मिल पा रहा है। कई दिनों से दिल्ली को 100 एमजीडी पानी कम मिल रहा है।

## आतिशी का वजन हुआ कम, डॉक्टरों ने दी अस्पताल में भर्ती होने की सलाह



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली के भोगल में अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह पर बैठी जल मंत्री आतिशी का स्वास्थ्य गिरता जा रहा है। डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। हालांकि आतिशी ने डॉक्टरों की सलाह को दरकिनार कर अस्पताल में भर्ती होने से इंकार कर दिया। उनका कहना है कि मेरी जान से ज्यादा दिल्ली की जनता को पानी दिलाना जरूरी है। जब तक दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता, उनका अनशन जारी रहेगा। गौरतलब है कि बीते 21 जून से दिल्ली की जल मंत्री आतिशी दिल्लीवालों को पानी दिलवाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी है। सोमवार को अनशन के चौथे दिन लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के दौरान डॉक्टरों ने जल मंत्री आतिशी के ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल में बड़ी गिरावट दर्ज की है। जल मंत्री आतिशी का वजन भी अप्रत्याशित रूप से कम हो रहा है। 21 जून को अनशन पर बैठने के पूर्व उनका वजन 65.8 किलो था जो अनशन के चौथे दिन घटकर 63.6 किलो पर पहुँच गया है। यानी मात्र 4 दिन में ही उनका वजन 2.2 किलो घट गया है। अनशन के पहले दिन की तुलना में चौथे दिन जल मंत्री आतिशी के ब्लड शुगर लेवल में 28 यूनिट की गिरावट आई है। साथ ही उनका ब्लड प्रेशर लेवल भी कम हुआ है। जिस तेजी से जल मंत्री आतिशी का ब्लड शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर और वजन घटा है, डॉक्टरों ने उसे ख़तरनाक बताया है। साथ ही जल मंत्री आतिशी का यूरिन कीटोन स्तर भी बढ़ता जा रहा है। उनके शरीर में कीटोन की मात्रा का इस प्रकार बढ़ना उनकी सेहत के लिए खतरनाक होगा।

### ईमानदारी से निभाया होता दायित्व तो नहीं करना पड़ता अनशन : भाजपा

नई दिल्ली। यदि आतिशी ने जल मंत्री के नाते अपना दायित्व ईमानदारी से निभाया होता तो आज फाइव स्टार अनशन नहीं करना पड़ता। दिल्ली भाजपा की उपाध्यक्ष योगिता सिंह एवं प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने सोमवार को जल मंत्री आतिशी पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। इन भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि आतिशी को एक दो दिन के उपवास का अभ्यास नहीं था तो उन्हें यह नहीं करना चाहिए था, वैसे भी वह तो एयरकंडीशन सत्याग्रह कर रही हैं जिससे दिल्ली वालों का कोई जुड़ाव नहीं है तो वह सत्याग्रह जारी रखें या नहीं उससे जनता को कोई मतलब नहीं। भाजपा नेताओं ने कहा कि हमारे देश में हजारों हजार ऐसे लोग हैं जो नवरात्रों में नौ दिन केवल जल पर रहकर अपना नियमित कामकाज करते हुए उपवास करते हैं पर आश्चर्यजनक है आतिशी सत्याग्रह शुरू करने के मात्र 2 घंटे बाद से ही सेहत खराब होने की बात करने लगीं हैं। जल मंत्री आतिशी ने यदि जनवरी फरवरी में ही गर्मियों के लिए दिल्ली की जल आवश्यकता का आकलन एवं उसके आधार पर यमुना रिवर बोर्ड में अपनी बात रखी होती, दिल्ली में पाइप लाइन लीकेज रोकी होती एवं प्राइवेट जल माफिया को मुनक नहर से जल लूटने से रोका होता तो दिल्ली वाले आज जल समस्या ना झेल रहे होते और उन्हे मुंह छुपाने के लिए नौटंकी सत्याग्रह ना करना पड़ता।

### अनिश्चितकालीन सत्याग्रह को खत्म करने के बहाने ढूंढ रहे हैं आप नेता : सचदेवा



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी अपने ही बुने अनिश्चितकालीन सत्याग्रह के जाल में फंस गई है और सोमवार को एयर कंडीशनर सत्याग्रह स्थल पर हुई मंत्री बैठक से साफ है कि अब यह लोग अनिश्चितकालीन सत्याग्रह को खत्म करने के बहाने ढूंढ रहे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को आम आदमी पार्टी नेताओं पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि सोमवार को मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक नई कहानी सुनाई है कि 1050 एम.जी.डी. पानी तो सिर्फ 1 करोड़ लोगों के लिए है जबकि दिल्ली की आबादी 3 करोड़ है। दिल्ली की जनता सौरभ भारद्वाज से पूछना चाहती है कि इतने दिन से उनकी सरकार किस आधार पर कह रही थी कि दिल्ली में केवल 100 एम.जी.डी. की समस्या है और केवल 28 लाख लोग ही परेशान हैं। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल सरकार के मंत्री अतिरिक्त जल के लिए सब जगह जाएंगे पर पंजाब सरकार एवं यमुना रिवर बोर्ड नहीं जाएंगे क्योंकि वहां जाते ही इनके झूठे दावों की पोल खुल जायेगी। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में यमुना नदी से सीधा नहीं बल्कि कैनाल से पानी आता है जो नियमित पानी आ रहा है। जहां तक वजीराबाद में यमुना में पानी ना रूकने का प्रश्न है उसका मूल कारण है कि यमुना गाद से पटी है, वजीराबाद के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के तालाब में भी 95 प्रतिशत गाद है जिस कारण वहां पानी रुकता नहीं और आगे बह जाता है।

## निगम अधिकारी मामले में भाजपा ने महापौर से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली की केबिनेट मंत्री आतिशी के खास अधिकारी विकास त्रिपाठी का डेपुटेशन कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी उन्हें पदमुक्त नहीं किया जा रहा है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने हाल ही में यह ब्यान जारी किया है। उन्होंने कहा कि विकास त्रिपाठी की पश्चिम रेलवे में नियुक्ति भी हो गई पर फिर भी एमसीडी उनको छोड़ नहीं रही है। आखिर क्यों महापौर डॉ. ओबरॉय जवाब दें? एक हफ्ते से अधिक हो गया रेल मंत्रालय को विकास त्रिपाठी की वापसी आदेश जारी किये फिर भी एमसीडी महापौर डॉ. शैली ओबरॉय उनको पदमुक्त नहीं होने दे रहीं है। वहीं, निगम के सूत्रों का कहना है कि रेलवे ने पिछले कुछ महीनों में हुए हादसों के चलते अपने सभी अधिकारियों को वापिस बुलाने के लिए आदेश निकाले हैं जिसमें निगम के दो अधिकारियों जिसमें प्रदीप कुमार और विकास त्रिपाठी के नाम प्रमुख हैं। पर दोनों ही अधिकारी अपनी पहुंच (सिफारिश) के कारण रिलीव नहीं किए गए हैं। वहीं, इस संबंध में निगम प्रशासन से जानकारी मांगी तो उन्होंने जानकारी चुप्पी साधे रखी। सूत्रों ने यह भी सूचना दी है कि केंद्र सरकार में अपने रसूखों का प्रयोग कर वर्तमान नवनियुक्त आयुक्त अश्विनी कुमार पर भी रिलीव ना करने का दबाव बनवाया हुआ है। सोचने योग्य बात यह है कि यह किस लिए किया जा रहा है ऐसा क्या है दिल्ली नगर निगम में जो रेलवे में नहीं है। निगम से रिलीव ना किया जाना डीओपीटी के आदेशों का उल्लंघन है।

### 'भ्रष्टाचार के आरोप के चलते हटाया था शिक्षा निदेशक के पद से'

निगम सूत्रों का कहना है कि विकास त्रिपाठी जो की निगम में 2 साल शिक्षा निदेशक के पद पर कार्यरत रहे हैं उनपर शिक्षक यूनियन शिक्षक न्याय मंच नगर निगम ने प्रेस कांफ्रेंस कर शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रांसफर प्रकिया और ऑफलाइन ऑर्डर निकाल कर ट्रांसफर करने में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते थे जिसके चलते उन्हें शिक्षा निदेशक के पद से हटाकर लुक आफ्टर चार्ज पर अंकिता शर्मा को शिक्षा निदेशक बना दिया गया था। वर्तमान में 20 अप्रैल 2024 को कार्यकाल खत्म होने बाद भी अब तक निगम के कोष से उन्हें सैलरी दी जा रही है जिसका निगम पर बोझ पड़ेगा क्योंकि निगम अपने कर्मियों को समय से सैलरी नहीं दे पा रहा है।

## वाहन पर एलईडी विज्ञापन पर एमसीडी सख्त

**दया राम ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम का विज्ञापन विभाग इन दिनों अवैध विज्ञापनों के मामले में काफी सख्त है और शिकायत मिलते ही एक्शन मोड़ में दिख रहा है। हाल ही में विज्ञापन विभाग को रात के समय वाहन पर बड़ी एलईडी स्क्रीन से प्रचार करने की सूचना मिली तो प्रशासन ने विज्ञापन कंपनी को नोटिस भेजकर तलब किया। कंपनी अधिकारी निगम मुख्यालय के विज्ञापन विभाग में पहुंचे और अधिकारी से इसकी अनुमति मांगी लेकिन संबंधित बाह्य विज्ञापन नीति के उल्लंघन के चलते इसे अस्वीकार कर दिया गया। साथ ही, निगम प्रशासन ने वाहन पर कोई भी एलईडी स्क्रीन पर विज्ञापन नहीं चलाने का निर्देश दिया। निगम विज्ञापन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विज्ञापनों के माध्यम से अर्जित होने वाला राजस्व निगम आय का एक मुख्य स्त्रोत है और बाह्य विज्ञापन नीति 2017 के नियमानुसार निगम प्रशासन कार्य करता है। बता दें कि दिल्ली देश की राजधानी है और यहां अनेक छोटी बड़ी कंपनियां, शिक्षा व स्वास्थ संस्थाएं अपने उत्पाद, सेवाओं, आदि का प्रचार कराती है लेकिन कुछ एमसीडी में पंजीकृत कुछ विज्ञापन कंपनी मनमाने तरीके से या फिर विज्ञापन विभाग के इंस्पेक्टर के साथ सांठगांठ कर और संबंधित नियमों को ताक पर रखकर निगम के राजस्व को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं, सूत्रों का कहना है कि निगम के 12 जोन हैं और कई जोनों में इन दिनों भी बाह्य विज्ञापन नीति का जमकर उल्लंघन हो रहा है।

■ **एलईडी स्क्रीन से विज्ञापन नहीं चलाने के दिए निर्देश**

### निगमायुक्त के साथ बैठक कर महापौर ने दिए निर्देश

# सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उठाए जाए उचित कदम : ओबरॉय

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**



सभी निगम जोनों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उचित क़दम उठाए जाएं। क्षेत्रों में अतिरिक्त सफ़ाई कर्मचारी लगाए जाएं तथा संबंधित ज़ोन के कंसेशनेयर पर भी सख्ती की जाए ताकि वह ठीक प्रकार से क्षेत्र में सफ़ाई करे। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने सोमवार को निगम आयुक्त अश्विनी कुमार के साथ सफाई व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक में निगमायुक्त को यह निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने सभी उपायुक्तों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के कंसेशनेयर के साथ बैठक करें और ऑटो टिप्परों द्वारा समय पर घरों से कूड़ा उठवाए। इसके अतिरिक्त गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी ज़ोन में सीएंडडी वेस्ट (अवैध मलबा) उठवाने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे, बैकलेन्स पार्कों में अवैध मलबा को जल्द से जल्द उठाया जाए। उन्होंने कहा कि सफ़ाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सभी एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए जाए ताकि बिना किसी परेशानी के दिल्ली को साफ़ सुथरा बनाया जा सके।

### मॉनसून से पहले युद्ध स्तर पर नालों की सफ़ाई की जाए

महापौर ने कहा कि मॉनसून से पहले युद्ध स्तर पर नालों की सफ़ाई की जाए ताकि दिल्ली में इस बार जल भराव न हो सके।

उन स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां जल भराव होने की संभावना अधिक होती है और वहां अतिरिक्त पंप लगाए जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी नागरिक जलभराव की समस्या की शिकायत करते हैं, उस क्षेत्र में तुरंत कार्रवाई की जाएं।

### सभी उपायुक्त अपने ज़ोन में जाकर ग्राउंड पर इंस्पेक्शन करें

महापौर ने कहा कि सभी उपायुक्त अपने ज़ोन में जाकर ग्राउंड पर इंस्पेक्शन करें ताकि क्षेत्र की समस्याओं का पता चल सके। उन्होंने कहा कि वह स्वयं और क्षेत्र के पार्षद भी क्षेत्र में जाकर निरीक्षण करेंगे ताकि पता लगाया जा सके कि ज़मीनी स्तर पर कार्य हो रहा है या नहीं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और मॉनसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए भी व्यापक तैयारी कर ली है।

### निगम ने जारी नहीं किए कंट्रोल रूम के फोन नंबर जलभराव की शिकायत कहां करें नागरिक

नई दिल्ली। दिल्ली में गत दिनों आई बारिश के बाद जगह जगह जलभराव हो गया था और इसे लेकर जब लोगों ने दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के नियंत्रण कक्ष को कई फोन किया तो फोन नंबर कनेक्ट ही नहीं हो पाया। जब इस संबंध में निगम प्रशासन से जानकारी मांगी तो उन्होंने भी कोई जानकारी नहीं दी। जबकि मानसून पूर्व की बारिश ने ही निगम के दावों की पोल खोल दी है और निगम प्रशासन ने जलभराव संबंधी शिकायतों के लिए कोई भी नंबर जारी नहीं किए हैं जबकि महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने गत मंगलवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में नेता सदन मुकेश गोयल के साथ प्रेसवार्ता कर कहा था कि जल्द ही निगम प्रशासन नियंत्रण कक्ष के नंबर जारी करेगी। इस दौरान महापौर डॉ. ओबरॉय ने कहा था कि इस बार दिल्ली में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए निगम ने व्यापक प्रयास किए हैं और वे इस वर्ष मॉनसून का आनंद उठा सकेंगे। दिल्ली नगर निगम ने आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली है।

### दिल्ली में हुई बारिश से मौसम हुआ सुहावना

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार को हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। गौरतलब है कि दिल्ली में दोपहर को कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई वहीं कई इलाकों में देर रात तक बूंदाबांदी जारी रही। इससे लोगों को उमस से भी राहत मिली। हालांकि दिल्लीवासियों की सोमवार की सुबह उमस भरी रही और न्यूनतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार इस पूरे सप्ताह ही दिल्ली में प्री मानसून का असर नजर आएगा। बादलों की आवाजाही कमोबेश हर रोज देखने को मिलेगी। हल्की बारिश होने की भी संभावना बनी रहेगी।

### 12 जगह हुआ जलभराव 11 जगह गिरे पेड़

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार को हुई बारिश के दौरान 12 जगह जल भराव हुआ है और 11 जगह पेड़ गिरने की सूचना है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से यह जानकारी प्राप्त हुई है। नरेला, बुराड़ी, रोहिणी, तोड़ापुर, उत्तम नगर, बसई दारा पुर, पटेल नगर, नया मुस्तफाबाद, इस्ट गुरू अंगद नगर, स्वास्थ्य विहार, शास्त्री नगर और मोहन पार्क में जल भराव की शिकायते हैं। वहीं, पेड़ गिरने की शिकायतें जंगपुरा, सैनिक फॉर्म, डिफेंस कॉलोनी, ग्रीन पार्क, उत्तरी पीतम पुरा, लाडो सराय, कालकाजी, देव नगर करोल बाग, फरश बाजार और मॉडल टॉउन से प्राप्त हुई है।

## खबर संक्षेप

### विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक



**फरीदाबाद।** सीजेएम कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ऋतु यादव ने बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें लंबे समय से चल रहे केसों से संबंधित आवेदक आपसी सहमति के लिए लोक अदालत के सामने रखने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

### विजय की हत्या के मामले में तीसरी गिरफ्तारी



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने सितंबर 2023 में गोली मारकर की गई की हत्या के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में आरोपी मोनू व अभिषेक को पहले ही गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम उत्तम कुमार है। उत्तम वारदात के मुख्य आरोपी मोहन उर्फ मोनू का दोस्त है। मृतक के भाई अजय की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया था।

### समाधान मिलने से लोग सरकार का जता रहे आभार




**फरीदाबाद।** जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में त्वरित समाधान मिलने से आमजन द्वारा हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना की जा रही है। शिविर में लोगों को उनकी समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान मिल रहा है। वहीं मुख्यालय स्तर पर पालिसी से जुड़ी शिकायतों के लिए अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जा रहा है।

### अभियान के तहत 7 नशा तस्कर धराए



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन में चौकी व अपराध शाखा ने नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों की धर-पकड़ के लिए विशेष अभियान में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने एनडीपीएस के तहत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में सचिन, मनीकेतन, गुलाम नबी, आसिफी, साहिल खान, प्रबल तथा गौतम के नाम शामिल हैं।

### सिटी बस डिपो से चोरी गई ड्राइवर की कार



**गुरुग्राम।** सेक्टर-53 एरिया के सिटी बस डिपो से ड्राइवर की कार चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। रविंद्र ने कहा कि वह सिटी बस सर्विस में बतौर ड्राइवर नौकरी करता है। वह अपने भाई की स्विफ्ट कार लेकर अपनी डयूटी के लिए सेक्टर-54 के सिटी बस डिपो पहुंचा। जहां उसने डिपो के अंदर ही खाली जगह पर अपनी कार खड़ी कर दी थी।

### ट्रक की टक्कर से ऑटो में सवार एक की मौत



**गुरुग्राम।** बिलासपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। ऑटों में सवार श्रद्धालु भिवाड़ी स्थित मंदिर जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक चालक पर केस दर्ज कर लिया। शिकायत में भगवान दास पाल ने कहा कि वह अपने दोस्तों के साथ सोहनबाबा मंदिर के लिए चले थे।

---

### विधायक नागर ने कहा -हिंदू धर्म की सार्वभौमिकता को दर्शाता है अयोध्या

# पूरी कैबिनेट व विधायकों के साथ रामलला के दर्शन को पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी

तिगांव के विधायक राजेश नागर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ अयोध्या धाम में श्री रामलला के दर्शन किए। इस दौरान सैनी कैबिनेट के मंत्री एवं अनेक भाजपा विधायक भी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव के विधायक राजेश नागर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ अयोध्या धाम में श्री रामलला के दर्शन किए। इस दौरान सैनी कैबिनेट के मंत्री एवं अनेक भाजपा विधायक भी मौजूद रहे।

दर्शन के बाद विधायक राजेश नागर प्रफुल्लित नजर आए। उन्होंने कहा कि रामलला बहुत दिव्य और भव्य नजर आते हैं। उनको देखकर नजरें हटती ही नहीं हैं। नागर ने कहा कि रामलला के दर्शन करने के लिए लाखों लोग अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं कि हिंदू धर्म की सार्वभौमिकता को दर्शाता है।



#### पहले से और अधिक जीवंत हो उठा है अयोध्या धाम

विधायक नागर ने कहा कि अयोध्या धाम पहले से बहुत बदला-बदला नजर आता है। वहां हर चीज पहले से अधिक जीवंत नजर आती है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बहुत अच्छा निर्णय लिया कि हम सबको लेकर अयोध्या धाम पहुंचे। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामलला को मंदिर प्राप्त हुआ है जो हम सबके लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इतना भव्य मंदिर है कि पूरी दुनिया यहां पर पहुंच रही है और भगवान से प्रार्थना कर रही है। भगवान राम सभी को देने वाले हैं, केवल हमें प्यार से मांगने की जरूरत है। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार बसों के जरिए 60 साल से अधिक उम्र और एक लाख 80 हजार रुपए सालाना आय वाले श्रद्धालुओं को मुफ्त तीर्थयात्रा करा रही है।

---

### गाजियाबाद में गंगाजल प्लांट से होगी सप्लाई

# विजय नगर के लिए 10 एमएलडी पानी की आपूर्ति की बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे विजय नगर इलाके के लोगों के लिए अच्छी खबर है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो जल्दी ही उनकी पेयजल की आपूर्ति की समस्या हल हो जाएगी तथा उन्हें भरपूर पानपानी मिलेगा। नगर निगम विजय नगर के लोगों के लिए हो गई जलापूर्ति के लिए 10 एमएलडी पानी के लिए व्यवस्था करने जा रहा है।

महापौर सुनीता दयाल ने नगर आयुक्त के साथ मिलकर जलकल अधिकारियों से विजय नगर जलापूर्ति के लिए योजना बनाई है जिसमें प्रताप विहार गंगाजल प्लांट से विजय नगर में बने 6 यू जी आर तक 10 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाएगी और यूजी आर से पानी की टंकी में पानी जाएगा। तब पानी की टंकियों से विजय नगर में जलापूर्ति की जाएगी, जिसके लिए गंगाजल प्लांट से समस्त यूजीआर तक बड़ी पानी की लाइन बिछाने का कार्य भी किया जाएगा यह कार्य 15 वें वित्त निधि से कराया जाएगा जिससे विजय नगर के समस्त वार्डो में जल संकट खत्म हो जाएगा। यह कार्य जल्द ही प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा उसके उपरांत अगले वर्ष तक यह कार्य पूर्ण किया जाएगा।

सब कुछ ठीक रहा तो जल्दी ही उनकी पेयजल की आपूर्ति की समस्या हल हो जाएगी तथा उन्हें भरपूर पानपानी मिलेगा। नगर निगम विजय नगर के लोगों के लिए होगई जलापूर्ति के लिए 10 एमएलडी पानी के लिए व्यवस्था करने जा रहा है।



#### भविष्य में जल संकट नही होगाः महापौर

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि विजय नगर में जल संकट से छुटकारे के लिए एक बड़ी सौगात दी जाएगी जिससे भविष्य में जल संकट नही हो पाएगा, उपरोक्त योजना पर नगर निगम गहनता से योजना बनाकर कार्य करेगा और इस कार्य मे नगर आयुक्त सहित जलकल विभाग के अधिकारी भी लगातार कार्य कर रहे है यह कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि से कराया जाएगा जिसका व्यय अनुमान से भी तैयार किया जा रहा है।

#### निगमायुक्त ने अभियंता को दिया कारण बताओ नोटिस



**फरीदाबाद।** निगम आयुक्त मोना ए श्रीनिवासन ने वार्ड-13 में अधीक्षण अभियंता ओमबीर सिंह के साथ नीलम बाटा रोड पर एसी नगर के साथ एरिया का निरीक्षण किया। जिसमें नीलम बाटा रोड पर जगह जगह गंदगी के ढेर मिलने और एसी नगर के नाले की सफाई ना होने पर नाराजगी जताई। निगमायुक्त ने अधिकारी, कर्मचारी द्वारा कोताही बरतने पर वार्ड-13 के संबंधित कार्यकारी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने और सफाई निरीक्षक का एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए। उन्होंने वार्ड-13 के कार्यकारी अभियंता व सफाई निरीक्षक को जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेरों को उठवाने तथा नालों की सफाई के निर्देश दिए। अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था को पूरी तरह से दुरुस्त करें और 30 जून तक सभी नालों की सफाई करवाए। सफाई व्यवस्था को लेकर लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

### सड़कों के बनने में 3 माह का समय लगेगा

# शिक्षामंत्री ने दी सेक्टर-21 सी पार्ट 3 की सड़क निर्माण की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने गत सांय सेक्टर-21-ए पार्ट-3 में बनने वाली विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ सेक्टर के स्थानीय निवासियों एवं कार्यकर्ताओं से करवाया। उन्होंने कहा कि लगभग 1.64 करोड़ की लागत से बनने वाली इन सड़कों के बनने में लगभग 3 माह का समय लगेगा। शिक्षा मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं से करवाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में बड़खल विधानसभा में विकास कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को 2 करोड़ 20 लाख रुपए से बनने वाले लक्कड़पुर फाटक पर बनने वाले पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया था। वहीं रविवार को ही लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की धनराशि से बनने वाली मंडल रोज गार्डन सत्संग से गोल्फ क्लब तक आरएमसी रोड निर्माण के शुभारंभ करने की सौगात दी गई थी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सत्येंद्र पांडे, प्रेम दीवान, रुद्र देव शर्मा, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह, विश्वनाथ, महेश आर्य, चमन सिंह चौहान, राजेश भाटिया, संजय सेठ, विनोद यादव, विकास भाटिया, अदिति सिवाल, किरण शर्मा, अंजू त्यागी, ममता चौधरी सहित गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### राजकुमार यूपी के सचिव नियुक्त

## कंडेरे समाज समिति की कार्यकारिणी में जगमोहन राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कन्डेरे समाज समिति भारत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक हरियाणा प्रदेश कार्यालय सेक्टर-56 फरीदाबाद में आयोजक कंडेरे नंदकिशोर नागर के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में भारत वर्ष के सभी प्रदेशों के पदाधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि कंडेरे समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाशचंद कंडेरे के द्वारा नए पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया। जिसमें जगमोहन सिंह को राष्ट्रीय महासचिव एवं राजकुमार को उत्तरप्रदेश का सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सभी प्रदेशों से आए पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखें और समाज को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। साथ ही समाज के बच्चों को पढ़ाई, खेल व अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने पर बल दिया।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चंद कन्डेरे व राष्ट्रीय ऑडिटर कंडेरे नंदकिशोर नागर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि कंडेरे समाज की पूरे देश में लगभग 20 से 25 लाख की आबादी है। आप समाज के प्रतिनिधियों को अपनी सरकारों में उचित स्थान दें।

---

### करनाल में आज आप पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

## सीएम केजरीवाल की पत्नी हरियाणा में करेंगी विधानसभा चुनाव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता निशांत आनंद ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल हरियाणा में विधानसभा चुनाव का आगाज करेंगी। उन्होंने कहा कि 25 जून को करनाल में आम आदमी पार्टी का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। इसमें शामिल होकर सुनीता केजरीवाल हर बूथ को मजबूत करने का बिगुल फूंकेंगी और इसके बाद आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर जुट जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गई है। पूरे प्रदेश में हर बूथ को मजबूत कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए सक्षम है। लेकिन गठबंधन पर अंतिम फैसला अरविंद केजरीवाल करेंगे।



#### हरियाणा व दिल्ली को पूरा पानी दिलाए केंद्र

उन्होंने जल संकट पर कहा कि हरियाणा की यूनिट 100 प्रतिशत हरियाणा के साथ है। हरियाणा में भी पानी का हाहाकार है। जब राजस्थान में भाजपा की सरकार आई तब हरियाणा सरकार ने हरियाणा के पानी का मुंह राजस्थान की तरफ मोड़ दिया। अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वो हरियाणा और दिल्ली को पूरा पानी दिलाए और पानी की चोरी को रुकवाए। देश के हर नागरिक को पीने का स्वच्छ पानी मिलना चाहिए। दिल्ली की वरिष्ठतम मंत्री धरने पर बैठी हैं। इससे जरूर फर्क पड़ेगा। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी को इस तरफ ध्यान देना पड़ेगा।

---

### दो लुटेरे पुलिस की गोली लगने से घायल

## सुनार को दिनदहाड़े गोली मारकर लूटने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वाट टीम क्राइम ब्रांच, स्वाट टीम सिटी जोन व थाना नंदग्राम पुलिस संयुक्त रूप से मुठभेड़ सुनार को दिन दहाड़े गोली मारकर लूट करने वाले तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस दौरान पुलिस की गोली से दो लुटेरे घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसीपी नंदग्राम रवि कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किया गए लुटेरों में प्रशांत निवासी निवासी बड़पुरा, पवन भाटी निवासी निजामुर थाना सिकंदराबाद व लाखन निवासी गुन्नपुरा दनकौर गौतम बुद्ध हैं। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो मोटरसाइकिलों से 4 बदमाश नंदी पार्क की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर



हिंडन कट पर चेकिंग की गई थोड़ी देर में दो मोटरसाइकिलों पर 4 व्यक्ति हिंडन मेट्रो स्टेशन की ओर से आते दिखाई दिए जिनकी घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति नहीं रुके और तेजी से नंदी पार्क की ओर बढ़े। इस पर पुलिस द्वारा पीछा कर घेराबंदी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिए। पुलिस पार्टी ने फायर करने वाले बदमाशो के शरीर के निचले हिस्से पर फायर किए जिसमे दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो कर जमीन पर नीचे गिर गए। पुलिस टीम ने मौके पर ही 3 बदमाशों को नंदी पार्क के पास गिरफ्तार कर लिया गया।

एक बदमाश मोटरसाइकिल से भागने में कामयाब रहा। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा 315 बोर के मय 2 अदद जिंदा व 2 अदद खोखा कारतूस 315 बोर तथा सुनार दीपक वर्मा को गोली मारकर हुई लूट के चांदी के आभूषण व अभियुक्तों के हिस्से में आए पैसों में से 15 हजार 500 व चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

---

### 6 ऑटोमेटिक पिस्टल, 5 मैग्जीन, 102 कारतूस बरामद

## लूटपाट की फिराक में 4 को पुलिस ने अवैध हथियारों सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-9 कॉलेज के समीप कार में सवार चार युवकों को भारी मात्रा में अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़ी लूटपाट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों से 6 अवैध ऑटोमेटिक पिस्टल, 5 मैग्जीन, 102 जिन्दा कारतूस, 1 कार (ह्यूडई आई-20) व 2 मोबाइल फोन बरामद कर सेक्टर-9 थाना में केस दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर विश्वगौरव को सूचना मिली कि सेक्टर-9 कॉलेज के निकट कुछ बदमाश अवैध हथियारों सहित लूटपाट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। टीम ने मौके पर दबिश मारते हुए कार में



सवार 4 युवकों को धर दबोचा। आरोपियों की पहचान रेवाड़ी के 25 वर्षीय दीपक, गुरुग्राम के 30 वर्षीय नगेन्द्र सिंह व 21 वर्षीय साहिल तथा नूंह के 31 वर्षीय धर्मेंद्र के रुप में हुई। आरोपी धर्मेंद्र व दीपक पर लूट करने के संबंध में गुरुग्राम में पहले भी केस दर्ज है। पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। उनसे अन्य साथी आरोपियों व अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ करेगी।

#### लूट करने के लिए मुहैया कराए अवैध हथियार व कार

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके एक अन्य साथी ने लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए ही ये कार व अवैध हथियार मुहैया कराए थे। वे गुरुग्राम में हथियार के बल पर एक कार को लूटने की फिराक में थे। लूटी गई कार प्रयोग करके इन्होंने लूट की किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना था।

---

### आध्यात्मिक प्रज्ञा की प्रतिमूर्ति थी मातेश्वरी जगदंबा

## बिना आध्यात्मिक सशक्तीकरण के मनुष्य संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त नहीं कर सकता : डॉ. गुप्ता

ब्रह्माकुमारीज मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्यतिथि सोमवार को राजनगर एक्सटेंशन में मनाई गई। इस अवसर पर दिल्ली से पधारीं महिला प्रभाग की अध्यक्षा एवं रुस तथा बाल्टिक देशों की निर्देशिका, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चक्रधारी ने मातेश्वरी के साथ के अपने पलों को साझा किया। उन्होंने कहा कि स्वयं परमपिता परमात्मा ने उनकी पवित्रता और आध्यात्मिक ज्ञान की धारणा से उन्हें ज्ञान की देवी जगदंबा सरस्वती कहा।

उन्होंने कहा कि सभी उन्हें मां जगदंबा या मम्मा भी कहते थे।



उनकी दृष्टि की पावनता, व्यवहार की निर्मलता, बोल की मधुरता तथा ईश्वरीय शक्तियों से परिपूर्ण जीवन किसी भी व्यक्ति को अपना अमिट प्रभाव छोड़ती और उसके जीवन को परिवर्तित कर देती थी। ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रारंभिक काल में विपरीत परिस्थितियों में भी वह अचल, अटल, सशक्त एवं ईश्वरीय ज्ञान या आध्यात्मिक प्रज्ञा की प्रतिमूर्ति बन कर रहीं।

हिंदू राव अस्पताल के पूर्व विभागाध्यक्ष, वर्तमान निरोगम स्वास्थ्य केंद्र के निदेशक डॉ. एमडी गुप्ता ने ब्रह्माकुमारीज के अपने लगभग 40 वर्षों के अनुभव को साझा किया। मातेश्वरी जगदंबा का सशक्त स्वरूप तथा साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा का त्याग, तपस्या और सेवा का जीवन हमारे जीवन में आध्यात्मिकता से एक खुशनुमा जीवन का आधार बन गया।

पूर्व अतिरिक्त निदेशिका डॉ मंजू गुप्ता ने आध्यात्मिकता से स्वयं के अद्भुत परिवर्तन से परिवार की श्रेष्ठ पालना का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि आज उनके दोनों बच्चे आध्यात्मिक जीवन शैली को अपनाते हुए अपने जीवन में सफलता के उच्च शिखर पर रहकर समाज के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं।

## खबर संक्षेप

### डंपर की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो



गई। दरअसल गंगानगर के सराय ममरेज थानाक्षेत्र में सोमवार को सोरू पेट्रोल पंप के पास डंपर ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक पर बैठे 2 मासूम समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया।

### राम मंदिर की छत बारिश में टपक रही

**अयोध्या।** लाखों करोड़ों राम भक्तों की आस्था के मंदिर में प्री मानसून की पहली बारिश में ही छत से बहुत



ज्यादा पानी टपक रहा है। रामलला के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा है कि भगवान राम के भव्य मंदिर के गर्भगृह की छत बीते दिनों टपक रही थी, जिसे ठीक किया गया लेकिन अब प्री मानसून की पहली बारिश में भगवान के मंदिर के ठीक सामने पुजारी के बैठने के स्थान और जहां पर वीआईपी दर्शन के लिए लोग आते हैं, उस स्थल पर तेजी के साथ बारिश का पानी टपक रहा है। यह सामान्य नहीं बहुत ज्यादा है, जिसको निकालने में भी कड़ी मशक्कत की गई। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में लापरवाही हुई है।


### बोतल बंद पानी में मिली छिपकली

**जमशेदपुर।** स्टेशन पार्किंग के पास रविवार दोपहर सिल्की ड्रॉप बोतलबंद पानी में छिपकली मिलने




से हड़कंप मच गया। बोतल खरीदने वाले टाटानगर मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा व अरुण सिंह ने इसपर आक्रोश जताया है। उन्होंने पानी की बोतल का सील नहीं तोड़ा और बोतल पर दर्ज नंबर पर फोन किया। बोतल में छिपकली मिलने के बाद संचालक दुकान बंद कर भाग गया। बागबेड़ा क्षेत्र में सिल्की ड्रॉप पानी का डिस्ट्रीब्यूटर तत्काल मौके पर पहुंचा। उन्होंने मुन्ना मिश्रा को बताया कि जमशेदपुर में सिल्की ड्रॉप पानी का बोतल हाइवे स्थित भिलाईपहाड़ी एवं पश्चिम बंगाल के बलरामपुर

# यूपी में बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्पोर्ट्स सिटी सेंटर
## आधा दर्जन से अधिक खेलों का मिलेगा विश्वस्तरीय प्रशिक्षण
## 650 करोड़ की निर्माण लागत



एजेंसी ▶▶ लखनऊ


यूपी की राजधानी लखनऊ के इकाना स्पोर्ट्स सिटी में देश का पहला खेल शहर बनकर तैयार हो गया है। यहां पर क्रिकेट के साथ ही करीब आधा दर्जन से अधिक खेलों का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी साथ ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए यह स्टेडियम मेजबानी करेगा। शहीद पथ के किनारे 71 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। करीब साढ़े छह सौ करोड़ की लागत से तैयार स्पोर्ट्स सिटी में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्क्वैश, बास्केटबाल, कबड्डी, वालीवाल और हैंडबाल के लिए इंडोर स्टेडियम बनाया गया है। सिटी में लान टेनिस के 10 कोर्ट निर्मित किए गए हैं।




इकाना बैडमिंटन अकादमी को बेहद शानदार तरीके से डिजाइन किया गया है। यहां किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान लगभग तीन हजार दर्शक एक साथ बैठकर मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। वर्तमान में प्रदेश की सबसे बड़ी बीबीडी बैडमिंटन अकादमी है, जहां दो हजार दर्शकों की क्षमता है।

**खास बातें**

- तीन साल सात महीनों में तैयार हुआ
- 71 एकड़ में अंतराष्ट्रीय स्तर का खेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित
- 5000 दर्शक की क्षमता वाला एक फुटबाल स्टेडियम तैयार
- लान टेनिस और स्क्वैश के 10-10 कोर्ट
- टेबल टेनिस के लिए 20 टेबल
- बैडमिंटन के 5 कोर्ट
- बास्केटबॉल और वालीबाल के 2 कोर्ट
- बालक और बालिकाओं के लिए होस्टल
- कबड्डी के लिए भी कोर्ट
- सभी खेलों की अकादमी, फैकल्टी बिल्डिंग और गेस्ट हाउस भी सिटी में निर्मित है
- अगस्त माह से प्रशिक्षण शुरू होगा
- 200 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार







## सीएम योगी आदित्यनाथ ने दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए दिए
# शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण करें गठन, होटल उद्योग के बिल्डिंग बायलॉज में भी करें परिवर्तन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई है। सोमवार को आवास विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि हालिया वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं, आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया है। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है और अब आवश्यकता है कि शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। सीएम ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण के गठन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि प्राधिकरण के अंतर्गत आ रहे गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैंड कतई न घोषित किया जाए। भूमि अधिग्रहण के दौरान आम आदमी को किसी प्रकार की समस्या न हो। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं है अथवा निर्माण कार्य अधूरा है। इन्हें चिन्हित कर पूरा कराएं और सदुपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम जनविकास कार्यक्रम के कार्यों के तेजी लाई जाए।

**खास बातें**

- पीएम जनविकास कार्यक्रम के कार्यों में तेजी लाएं
- यूपी पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा
- आवासीय क्षेत्र में 6 से 20 कमरों तक का कर सकेंगे निर्माण
- न्यूनतम भूमि और होटल तक पहुंच मार्ग सीमा में करें बदलाव



### यूपी में पर्यटन की अपार संभावनाएं

होटल उद्योग के विकास पर चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज यूपी पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। देश भर से सबसे ज्यादा पर्यटक यूपी में आते हैं। सकारात्मक परिस्थितियों ने होटल उद्योग के लिए अपार संभावनाओं को जन्म दिया है। प्रदेश में बड़ी संख्या में होटलों की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है। होटल उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए बिल्डिंग बायलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। आवासीय क्षेत्र में 6 कमरों से 20 कमरों तक के होटल निर्माण के लिए न्यूनतम भूमि और होटल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई की न्यूनतम सीमा में बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्किंग, सिक्योरिटी और फायर सेफ्टी जैसे अति महत्वपूर्ण विषयों में मानकों का सख्ती से अनुपालन कराया जाए।

### मोदी के नेतृत्व में हो रहे आत्मनिर्भर

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ ली। इस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम योगी ने लिखकर उन्हें शुभकामनाएं दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि लोकसभा सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने की आपको हार्दिक बधाई! आपके यशस्वी नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना साकार हो रही है। निःसंदेह, यह तीसरा कार्यकाल 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा।

## असम सीएम ने झामुमो पर साधा निशाना
# घुसपैठियों की राज्य सरकार ने की मदद, इलाके को खोखला किया

एजेंसी ▶▶ रांची

लोकसभा चुनाव के बाद अब झारखंड में विधानसभा चुनाव आयोजित कराने की तैयारियां शुरू हो रहीं हैं। इस बीच असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा झारखंड पहुंचे।



सरमा ने झारखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत का दावा करते हुए कहा कि झारखंड में जुलाई के लिए भाजपा का कार्यक्रम तैयार है। उन्होंने कहा कि संसदीय चुनावों में झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में से 52 सीटों पर भाजपा को बढ़त मिली थी।

असम के सीएम ने कहा कि आज झारखंड के आदिवासियों के सामने सबसे बड़ा मुद्दा घुसपैठ का है। सरमा के अनुसार भारतीय सेना भी मान रही है कि उन्होंने घुसपैठ के ऐसे हालात कभी नहीं देखे। उन्होंने कहा 'घुसपैठियों ने पूरे इलाके को खोखला कर दिया

### राज्य सरकार बीएसएफ को अधिकार दे

हिमंत बिस्व सरमा ने घुसपैठ के मुद्दे पर झारखंड सरकार को घेरते हुए कहा कि इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय कार्रवाई कर सकता है लेकिन घुसपैठियों को राज्य में शरण कौन दे रहा है? उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सीमा के 50 किलोमीटर के भीतर काम करने की शक्ति देती है, जैसा कि असम सरकार ने किया है। सरमा ने कहा कि झामुमो सरकार को भी बीएसएफ को पूर्ण अधिकार देना चाहिए।

### कांग्रेस ने चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की दिल्ली में सोमवार को बैठक हुई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष, कांग्रेस कोटे के मंत्री सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल रहे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस की बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए हर सीट पर चर्चा हुई। किन जनहित के मुद्दों पर आगामी विधानसभा चुनाव में जनता के बीच जाया जाए, ये तय किए गए। झारखंड की महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच कैसे पहुंचाया जाए, ताकि विपक्ष द्वारा किसी भी तरह जनता को बरगलाया न जा सके, इस पर रणनीति बनाने पर विचार-विमर्श हुआ।

## पेज एक का शेष

### भोपाल की प्रिंटिंग...

है। गाजीपुर की जिला मजिस्ट्रेट आर्यका अखौरी ने कहा कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ था। सेंटर इंविजिलेटर की ओर से लापरवाही हुई। उन्होंने एग्जाम हॉल के बजाए कंट्रोल रूम में क्वेश्चन पेपर का बंडल खोल दिया था। दूसरी ओर पुलिस की जांच में सामने आया कि यूपी रिव्यू ऑफिसर/असिस्टेंट रिव्यू ऑफिसर के एग्जाम का पेपर भोपाल से लीक किया गया था। इसमें इंजीनियरिंग के 4 छात्र शामिल थे। यूपी पुलिस एसटीएफ ने एग्जाम पेपर लीक मामले में प्रयागराज जिले के कीडगंज में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले सुनील रघुवंशी समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पेपर 11 फरवरी की सुबह प्रयागराज के एग्जाम सेंटर बिशप जॉन्सन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज से लीक कराया गया था। जांच टीम को शक हुआ कि पेपर इस एग्जाम सेंटर के अलावा कहीं और से भी लीक कराया गया हो सकता है। ऐसे में प्रिंटिंग प्रेस के बारे में जानकारी ली गई, तो पता चला कि पेपर भोपाल से प्रिंट करवाया गया था।

### 4 इंजीनियरों ने ...

मास्टरमाइंडों में से एक राजीव नयन मिश्रा ने एक प्रिंटिंग प्रेस स्टाफ सुनील रघुवंशी (भोपाल), विशाल दुबे (प्रयागराज) और सुभाष प्रकाश (मधुबनी) के साथ मिलकर इसकी साजिश रची थी। जब यह पेपर प्रिंटिंग प्रेस में आया, तो सुनील ने अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पेपर हाथ में देने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की। हालांकि, सुनील ने शर्त भी रखी कि उम्मीदवारों को उनके सामने पेपर पढ़ना होगा, ताकि यह वायरल न हो जाए। राजीव मिश्रा, सुनील रघुवंशी और एक अन्य साथी सुभाष प्रकाश ने शर्तों पर सहमति जताई।

### 3 फरवरी को पेपर...

मौजूद था। प्रेस में क्वेश्चन पेपर देखकर वह मशीन को ठीक करने का बहाना करते हुए मशीन में छपा का एक हिस्सा अपने साथ लेकर गया। वह कागजात घर ले आया और अपने साथियों को इसकी खबर दी। ग्रुप ने फैसला लिया कि एग्जाम से तीन दिन पहले 8 फरवरी को कैंडिडेट्स को एक होटल के रूम में बुलाया जाएगा और हर एक को 12 लाख रुपए में पेपर दिखाया जाएगा। सुनील रघुवंशी क्वेश्चन पेपर के दो सेट की 6 कॉपी लेकर होटल पहुंचा। सुभाष प्रकाश ने एक असिस्टेंट के साथ पेपर सॉल्व किया। होटल में ही स्टूडेंट्स को आंसर याद कराए गए। दो अन्य साथी विवेक उपाध्याय और अमरजीत शर्मा बाकी अभ्यर्थियों को होटल लेकर आए।

### नीट पेपर लीक...

ईओयू ने अपनी जांच रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है। पटना में पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए ईओयू की 6 टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है।

### क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों...

की। इसमें भारत-यूएई व्यापक सामरिक भागीदारी की समीक्षा की गई और उसके बाद दोनों विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए व्यापारिक और आर्थिक सहयोग, फिनटेक, शिक्षा, संस्कृति और लोगों का लोगों से संबंध जैसे विभिन्न विषयों में जारी प्रगति को लेकर प्रसन्नता जाहिर की। नए क्षेत्रों में परस्पर सहयोग और आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। अपनी यूएई यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अबूधाबी के लौवर संग्रहालय में आयोजित किए गए दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भी भाग लिया।

### सैन्य शिक्षा और रक्षा...

से संकाय आदान-प्रदान, विकास कार्यक्रम, ज्ञान साझाकरण, संयुक्त कार्यशालाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही रणनीतिक, क्षेत्रीय और परिचालन मुद्दों की आपसी समझ को भी बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक, एमओयू पर हस्ताक्षर करने के पीछे उद्देश्य यह था कि इससे दोनों कॉलेजों के तीनों सेवाओं से जुड़े अधिकारियों का प्रशिक्षण को लेकर आदान-प्रदान शुरू हो सकेगा। जिससे उन्हें हायर स्टाफ और कमांड नियुक्तियों के लिए तैयार किया जा सकेगा। समझौते में साझा लोकाचार, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, पद्धति और साझा चुनौतियों के मामले को भी शामिल किया गया है।

### बम धमाके की 39वीं ...

को लेकर रखे गए एक मिनट के मौन के विरोध में आयोजित किया था। भारत ने इसकी सख्त लहजे में निंदा की थी। कार्यक्रम में भारतीय उच्चायोग ने कनिष्क बम धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, दूसरी ओर हाल ही में इटली के अपूलिया में आयोजित की गई जी-7 की बैठक से इतर भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच एक मुलाकात हुई थी। इसमें दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग के अलावा आतंकवाद के मुद्दे पर भी एकजुटता से कार्य करने पर जोर दिया था। यह घटना आतंकियों की कायराना हरकतस्मारक सभा कार्यक्रम में कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा ने कहा कि कनिष्क बम धमाका एक कायराना हरकत है। इस घटना को 39 वर्ष पूरे हो चुके हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए आज भी खतरा बना हुआ है। राजनीतिक लाभ के लिए दुनिया की किसी भी सरकार को आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आतंकवाद किसी सीमा, राष्ट्रीयता और नस्ल से परे है। साथ ही भारत का कहना है कि कनाडा में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को महिमामंडित करना बेहद निंदनीय है। कई मौकों पर इस तरह की गतिविधियों की अनुमति देना दुर्भाग्यपूर्ण है। शांति के समर्थक देशों और नागरिकों को इनकी निंदा करनी चाहिए।

## विश्वनाथ धाम को अंबानी का निमंत्रण
# नीता अंबानी ने विधि-विधान से किया पूजन, एक करोड़ 51 लाख दिया दान

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी की पत्नी व रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी सोमवार की शाम काशी पहुंचीं। उन्होंने बाबा विश्वनाथ का विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। नीता अंबानी ने अपने बेटे अनंत और बहू राधिका की शादी का निमंत्रण बाबा के चरणों में समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वो गंगा आरती में



शामिल हुईं। इस दौरान मंदिर परिसर में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। नीता अंबानी ने काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए एक करोड़ 51 लाख रुपये का चेक दिया। साथ ही मां अन्नपूर्णा मंदिर के लिए भी एक करोड़ रुपये का चेक दिया।

## डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का आरोप
# पिता के नक्शेकदम पर चल रहे हैं तेजस्वी, डरा-धमका रहे

एजेंसी ▶▶ पटना

नीतीश सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आजकल तेजस्वी यादव धमकी भरे बयान दे रहे हैं। अधिकारियों और प्रशासन से जुड़े लोगों को धमकाना उनकी सोच और संस्कार को दिखाता है। असंतुलित बयानबाजी से पहले उन्हें सोचना चाहिए कि वे विधानसभा में विरोधी दल के नेता हैं। गैर



जिम्मेदाराना बयान से बाज आएं। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव पिता के नक्शेकदम पर चल रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब ये लोग सरकार में रहे हैं तब सत्तापोषित अराजक तत्त्वों ने शासन के दुरुपयोग से लेकर अपराध, अपहरण और आतंक का कैसा खुला प्रदर्शन किया है। सत्ता से बाहर रहते हैं तब भी अपराधियों और जालसाजों के ढाल बनते हैं।

## निहारिका वेंचर्स कंपनी द्वारा 400 करोड़ की ठगी
# एमडी की सास गिरफ्तार, पूछताछ में उगले कई राज

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

400 रुपए की ठगी के मामले में प्रयागराज की शिवकुटी पुलिस ने एक और आरोपी निरुपमा मिश्रा को गिरफ्तार किया है। उसे प्रयाग स्टेशन के पास रविवार को पुलिस ने पकड़ा। वह मुख्य आरोपी निहारिका वेंचर्स कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी की सास है। पूछताछ में उसने कई राज उगले हैं। साथ ही फरार आरोपियों के बारे में भी पुलिस को कई सुराग मिले हैं। जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।

**खास बातें**

- मोटा मुनाफा होने का दिया लालच
- मुख्य आरोपी अभिषेक द्विवेदी फरार
- पिता ओपी द्विवेदी जेल में

### बेटी को लेकर हुई थी फरार

गौरतलब है कि 6 जून को जब निवेशकों ने कंपनी एमडी अभिषेक के घर हंगामा किया तो निरुपमा भी बेटी के घर पर थी। ओपी द्विवेदी को पुलिस पकड़कर थाने ले गई तो वह बेटी को लेकर फरार हो गई। गिरफ्तार निरुपमा ने बताया कि अभिषेक और निहारिका कहां हैं। इस बारे में कुछ नहीं पता। उसने बताया कि अभिषेक तो पहले से ही गायब था। निहारिका उसके साथ फैजाबाद तक गई थी। इसके बाद वह भी लापता है। कहां गई कुछ नहीं बता रही है।



### सीडब्ल्यूसी की रह चुकी है सदस्य

पूछताछ में पता चला कि निरुपमा मिश्रा पहले बाल कल्याण समिति की सदस्य रह चुकी है। पूर्व वह अपने जिले फैजाबाद में एक राजनीतिक दल से सक्रिय रूप से जुड़ी रही। बताया जाता है कि उसकी अभिषेक के पिता से पहले जान पहचान थी।

### धोखाधड़ी, रकम हड़पने, रंगदारी का केस दर्ज

शुक्रवार को इस मामले में एक और एफआईआर शिवकुटी थाने में दर्ज हुई। इसमें अभिषेक द्विवेदी, उसके पिता डॉ. ओपी द्विवेदी, पत्नी निहारिका द्विवेदी और सास निरुपमा मिश्रा को आरोपी बनाया गया है। शिवकुटी पुलिस ने कमल देव और कुसुम पांडेय की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी, रकम हड़पने और रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया है। इसी मामले में रविवार को प्रयाग स्टेशन के पास से निरुपमा मिश्रा को पकड़ लिया।

हरिभूमि सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
25 जून 2024



अलर्टनेस / शिखर चंद जैन

## अच्छी हैं ये बुरी आदतें

अच्छा हासिल करने के लिए बुरी समझी जाने वाली आदतों के कुछ अंश हम अपना लें तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। वे कौन-सी बुरी आदतें हैं, जो हमारा हित कर सकती हैं, आप जरूर जानिए।

कहने को तो कुछ आदतें अच्छी नहीं कही जाएंगी, बुरी ही कही जाएंगी, लेकिन ये 'बुरी आदतें' हमारे लिए अच्छी साबित होती हैं, हमें अलर्ट रखकर लाभ पहुंचाती हैं। तो क्यों ना, इन आदतों को अपनाएं और लाभ उठाएं।

**इस मामले में हो जाइए आलसी:** अगर आप शेयर्स में इंवेस्ट करती हैं, अपने अच्छे-खासे पोर्टफोलियो में बार-बार बदलाव की कोशिश में रहती हैं यानी, दिनभर बार-बार शेयर्स लेती-बेचती हैं तो इस काम में आलसी हो जाइए। बहुत ज्यादा एक्टिव रहने की आदत त्याग दीजिए। बार-बार शेयर्स लेने-बेचने में सिर्फ ब्रोकर को फायदा होता है, आप इनके लॉन्ग टर्म प्रॉफिट से वंचित रह सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रांग कंपनियों के शेयर खरीदकर उनको लंबे समय तक रखने में फायदा है, आप इसकी आदत डालिए।

### थोड़ी सी प्राउडी बनें

लोग प्राउडी बनने से मना करते हैं, लेकिन आप जो कुछ भी काम करती हैं या प्रोफेशनल रूप से आप जो भी हैं, कामयाब हैं, उस पर आपको प्राउड भी करना चाहिए। अपने बिजनेस,



प्रोफेशन या अपनी एक्सपर्टाइज के बारे में आपको हर किसी को गर्व के साथ बताना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में जानेंगे और आपका काम बढ़ेगा। आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**कभी-कभी गुस्सा भी करिए:** हमेशा कूल माइंड रहने से काम नहीं बनता। लोग आपको सॉफ्ट टार्गेट समझने लगेंगे। अगर कोई वित्तीय संस्थान, ग्राहक, सप्लायर या कर्जदार आपसे वादा खिलाफी करता है तो आपको अपने तेवर दिखाने चाहिए। आपका इंश्योरेंस एजेंट, शेयर ब्रोकर और बैंक रिप्रेजेंटेटिव आपको बेवकूफ बनाने की कोशिश करे, तो उसके साथ जरा कड़क तरीके से पेश आएं, ताकि आपसे चीटिंग करने की उसकी हिम्मत न हो।

**जरा-सी लालची बनें:** पैसे कमाने, बचाने और इकट्ठा करने के मामले में आपको थोड़ा लालची बनना चाहिए। अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए या पैसे कमाने के लिए लालची होना जरूरी है। जब पैसों के प्रति आपका लालच खत्म हो जाएगा तो आपकी कमाने और बचाने की आदत कमजोर पड़ती चली जाएगी। इससे आप आर्थिक रूप से कमजोर हो सकती हैं।

**पॉजिटिव जेलसी करें:** कोई कुछ भी कमाए अपने को क्या! ये वैराग्य भाव आपको लक्ष्मी कृपा से वंचित कर सकता है। आपको अपने इर्द-गिर्द मौजूद सफल और समृद्ध लोगों से जेलसी करनी चाहिए, लेकिन यह पॉजिटिव रूप में हो। आपको उनकी वित्तीय आदतों को बारीकी से देखना-समझना चाहिए, उनसे बातचीत करके, उनसे मिलकर उनकी सफलता का सूत्र जानना चाहिए फिर उन आदतों को अपनाना चाहिए।

**जरा शक्की भी बनें:** अपने धन की सुरक्षा और निवेश के प्रति आपको थोड़ा सनकी और शक्की भी होना चाहिए। कहीं भी निवेश करने से पहले चार बार सोचें, चार लोगों से पूछताछ करें। इससे आप आर्थिक नुकसान की आशंका से बची रहेंगी।



कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

दूसरों की मदद करना, चिंता करना आपकी संवेदनशीलता का परिचायक है। लेकिन इसके चलते आप अपनी उपेक्षा करें, अपनी खुशियां मारें, आपके अपने जरूरी काम प्रभावित हों और आप हमेशा तनाव से घिरी रहें, ये आपके लिए सही नहीं है। इसलिए अनावश्यक चिंताओं से बचने के लिए कभी-कभी 'आई डोंट केयर' का भाव भी जरूरी है।

# करामाती है आई डोंट केयर

'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', 'मैं परवाह नहीं करती', 'आई डोंट केयर', ये सिर्फ शब्द भर नहीं हैं। ये हमारे जीवन को गति देने वाले वाक्य हैं। हर मीनमेख को अनदेखी कर आगे बढ़ते जाने का हौंसला देने वाली सोच है। इसे आजकल 'आइडीसी एटिट्यूड' भी कहा जाता है। आमतौर पर नकारात्मक समझे जाने वाले इंसानी व्यवहार के इस पक्ष के कई सकारात्मक पहलू भी हैं। हमें इसे जरूर जानना-समझना चाहिए ताकि हम एक शांत, तनावरहित जीवन जी सकें।

### ऊर्जा बचाती सोच

बहुत सी बातों और बर्ताव की अनदेखी सीधे-सीधे हमारी ऊर्जा बचाती है। कहते हैं कि जिस पल हम लोगों की परवाह करना बंद कर देते हैं, उसी पल से चीजें बेहतर होना शुरू हो जाती हैं। इसीलिए दूसरों को खुश करने की कोशिश में अपना समय बर्बाद करने के बजाय, उनकी आलोचना या मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति को अनदेखा करना सबसे सही राह है। यूं भी यह जीवन सिर्फ दूसरों के मन-मुताबिक जीने के लिए नहीं है। जिंदगी, हर बार औरों को खुश करने की कोशिशों में जुटे रहने के लिए नहीं मिली है। समझना मुश्किल नहीं कि अपने हों या पराए, सहकर्मी हों या मित्र। अधिकतर लोगों को, उनकी बातें मानने, उनके अनुसार बर्ताव करने पर ही खुशी मिलती है। दूसरों को खुश रखने का यह फेर सबसे पहले खुद की खुशी छीनता है। इतना ही नहीं, खुद की अनदेखी का यह व्यवहार मन-मस्तिष्क की ऊर्जा भी सोखता है। इसलिए दूसरों की खुशी के लिए अपनी ऊर्जा न नष्ट करें, अपनी खुशी न मारें।



### अपनी खुशी को अहमियत

कोई भी इंसान हर बार, हर हाल में सबको खुश नहीं रख सकता है। 'आई डोंट केयर' वाले अंदाज के साथ इंसान अपने आपको खुश रख सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे लोग स्पष्टवादी बन जाते हैं। प्रतिक्रिया लेने या देने में कोई लाग-लपेट नहीं करते। अपनी नकली छवि बनाए रखने की कोशिश में समय नहीं गंवाते। लोगों की कही हर बात की परवाह करने वाला इंसान खुद की खुशी के लिए कुछ नहीं कर पाता। ऑस्ट्रेलियाई न्यायविद कैथरीन होम्स के मुताबिक, 'किसी चीज की परवाह करना, आपसे वह काम करवा सकता है, जो आपको नहीं करना चाहिए।' समझना मुश्किल नहीं कि हमेशा दूसरों के अनुसार चलने की सोच, अपने मन को खुशी नहीं दे सकती।

### आत्मविश्वास की सौगात

'आई डोंट केयर' की सोच को आमतौर पर नेगेटिव एंगल से देखा जाता है। जबकि यही सोच असल में जिम्मेदारी का भाव भी लाती है। अपने काम, अपनी सोच और अपने फैसलों के प्रति जिम्मेदारी लेने का मनोबल मिलता है। लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गौर न करते हुए, जो रास्ता चुना है, उस पर भरोसे के साथ बढ़ते जाने का जज्बा आता है। 'मुझे कोई परवाह नहीं है' या 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', असल में बहुत सी नेगेटिव बातों के लिए मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर इंसान का सुरक्षा कवच भी बनता है। बात-बात में मन को ठेस पहुंचाने के हालातों में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। ऐसे में दूसरों की ऊल-जुलूल बातों की परवाह ना करना, आत्मविश्वास तो बढ़ाता ही है, अपने सपनों को भी गति देता है। इतना ही नहीं, यह सोच खुद को, दूसरों की जिंदगी में बेवजह दखल देने से भी बचाती है।

### जरूरी है एक संतुलित व्यवहार

**आई डोंट** केयर का यह मतलब नहीं कि हम दूसरों की परवाह बिल्कुल ना करें। दूसरों की परवाह करना गलत नहीं है, लेकिन इसके चलते अपने आपको भूल जाना गलत है। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि कई बार हम दूसरों की चिंता में तनाव से घिर जाते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि दूसरों की मूल्यवान सलाह या परिवार-घनिष्ठ मित्रों की राय हमेशा नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि दूसरे का ध्यान रखने के पीछे संवेदनशीलता और इंसानियत की सोच रहती है। जब भी, जिस परिस्थिति में भी किसी को सहायता की जरूरत होती है, संवेदनशील मन दूसरों की मदद करने में नहीं चूकता। बात-बात में खुद का मन ना दुखाने की सोच रखने वाले इंसान में अपनों की चिंता और परायों की परेशानी समझने का केयरिंग भाव भी कम नहीं होता। ऐसे लोग कभी किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाते। साथ ही तकलीफ के दौर में साथ देने का भाव भी रखते हैं। इसलिए एक संतुलित व्यवहार रखना जरूरी है। इस व्यावहारिक सोच में स्वयं को बेवजह की परेशानियों से बचाने के साथ ही, औरों के मन को समझना भी जरूरी है।



बिहेवियर / मेघा राठी

## शिकायत सुनकर नाराज ना हों

रिश्तों में कभी-कभार शिकायत होना कोई बड़ी बात नहीं। अगर किसी संबंधी ने कोई शिकायत की है तो इसमें नाराज ना हों। शिकायत की वजह समझ कर अपने रिश्तों को बनाए रखना चाहिए।

यह गलत नहीं कहा जाता कि जब तक कोई शिकायत कर रहा है, तब तक यह मान कर चलिए कि उसका संबंध आपसे जुड़ा हुआ है और यदि वह शिकायत करना बंद कर दे तो समझ जाइए कि अब उसका जुड़ाव आपसे खत्म हो चुका है।

**समझें शिकायतकर्ता के मन की बात:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत करने वाला व्यक्ति हमसे संबंध बनाए रखना चाहता है, इसलिए वह अपनी बातें हमारे सामने रखना चाहता है। हो सकता है कि उसके कहने का ढंग गलत हो, लेकिन क्रोध, आवेग या अभिमान में शिकायत को अनदेखा-अनसुना करना या बहस करके व्यक्ति को चुप करा देना सही नहीं है। वर्षों पुराने अपने रिश्ते इतनी आसानी से नहीं खत्म किए जाने चाहिए। इनका मान रखना चाहिए।

**शिकायत का कारण समझें:** जब भी कोई शिकायत करे तो एक बार ठंडे दिमाग से शिकायत के कारण को समझने का प्रयास जरूर करें। जरूरी नहीं कि हम सही ही हों। हमारे नजरिए से जो काम या बातें सही लग रही हैं, वे दूसरे व्यक्ति को तकलीफ पहुंचा रही हों। शिकायत आने पर दूसरे पहलू को भी समझने का प्रयत्न करें, दूसरे व्यक्ति का पक्ष भी जानें, इसके बाद किसी निर्णय पर पहुंचें। जल्दबाजी में लिए निर्णय गलत भी हो सकते हैं, इससे बाद में हमें अपने निर्णय से पछतावा होगा।

### बातचीत का रास्ता ना करें बंद

क्रोध में आकर संबंधों को खत्म करने से बेहतर है कि हम शांतिपूर्ण बात का रास्ता अपनाएं। हो सकता है, शिकायत किसी भ्रम के कारण उपजी हो या शिकायतकर्ता स्थिति को समझने, स्वीकार करने में



असमर्थ हो। इन परिस्थितियों में बातचीत के माध्यम से शिकायत को दूर किया जा सकता है। अपने रिश्तों को बनाए रखा जा सकता है।

**शिकायत के उद्देश्य को समझें:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत का उद्देश्य हमेशा गलत नहीं होता है, ना ही दूसरे व्यक्ति को नीचा दिखाना होता है। यदि उद्देश्य गलत नहीं है तो शिकायत को स्वयं के लिए सिरदर्द समझना या तनाव में आना उचित नहीं है। यहां यह समझना भी जरूरी है कि शिकायत के कारण उपजी झुंझलाहट, नाराजगी अधिक महत्वपूर्ण है या व्यक्ति से संबंध, इसके बाद ही निर्णय लीजिए कि किसका साथ देना है और किसका छोड़ना है? यह भी विचार कर लें कि कहीं हम ही अनजाने में बार-बार अपने संबंधी को शिकायत करने का अवसर तो नहीं दे रहे हैं।

**पॉजिटिव रुख अपनाएं:** शिकायतों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाया जाए तो यह हमेशा बुरी नहीं होती बल्कि यह हमें स्वयं के व्यक्तित्व विश्लेषण का अवसर देती हैं। साथ ही दूसरे व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी समझने का मौका भी देती है। इसको व्यक्तित्व विकास के एक पाठ के रूप में स्वीकार करना चाहिए, किंतु शिकायत का उद्देश्य यदि सही नहीं है, अपमान करना या हानि पहुंचाना है, तब ऐसी शिकायतों पर कठोर कदम जरूर उठाना चाहिए।

---

मेडिकल सजेशन

डॉ. अंशु जिंदल, स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रेग्नेंसी पीरियड में कुछ महिलाएं कूल्हों के दर्द से बहुत परेशान रहती हैं। इससे बचाव और राहत पाने के लिए यहां दिए जा रहे सजेशन बहुत यूजफुल हो सकते हैं।

## प्रेग्नेंसी में कूल्हों का दर्द ऐसे करें बचाव-उपचार

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनमें से ही एक है कमर या कूल्हे की हड्डी या दोनों पैरों के बीच में दर्द होना। कई बार तो इतना असहनीय दर्द रहता है कि चलने, उठने-बैठने में भी मुश्किल होने लगती है। यहां तक कि महिलाएं घर के काम भी आसानी से नहीं कर पाती हैं।

**दर्द का कारण:** ऐसे दर्द के कई कारण हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से शारीरिक बदलाव होते हैं। मांसपेशियां स्ट्रेच करने लगती हैं, लिगामेंट्स फ्लेक्सिबल होने लगती हैं। उनके गर्भ का आकार और भार धीरे-धीरे बढ़ रहा होता है, जिसकी वजह से उन्हें दर्द महसूस होता है। डिलीवरी का समय आने पर यह दर्द ज्यादा बढ़ जाता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव, कैल्शियम, प्रोटीन जैसे पोषक तत्त्वों की कमी भी इस दर्द का कारण हो सकता है।

**बचाव के उपाय:** अगर महिलाएं कुछ बातों का ध्यान रखें तो वे प्रेग्नेंसी के दौरान कूल्हों में होने वाले असहनीय दर्द से बच सकती हैं।

- बहुत देर तक खड़े होकर कोई काम न करें। इससे गर्भ का भार नीचे की ओर पड़ेगा और शरीर के निचले हिस्से यानी पेल्विक और कूल्हे के आस-पास दर्द ज्यादा बढ़ सकता है।
- कोई भारी-भरकम सामान न उठाएं या ऐसा काम न करें, जिसमें आपको 5 किलो से ज्यादा वजन उठाना पड़े।
- जहां तक संभव हो प्रेग्नेंसी के दौरान सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने से बचें।
- पोषक और संतुलित आहार का सेवन करें क्योंकि प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है। प्रोटीन ज्यादा मात्रा में लें। खाना सही समय पर, ताजा और घर का बना ही खाएं।
- कई मेडिकल एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शरीर में दर्द का संबंध डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी से भी होता है। इससे बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए, जैसे- विटामिन सी वाले फल, जूस, छाछ, नारियल पानी पीना फायदेमंद है।
- प्रेग्नेंट महिलाओं को कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए रोजाना सुबह-शाम दूध जरूर पीना चाहिए। डॉक्टर से परामर्श कर कैल्शियम सप्लीमेंट्स भी ले सकती हैं।



**ऐसे मिलेगा आराम:** कूल्हे के दर्द से राहत पाने के लिए प्रेग्नेंट महिलाएं कुछ बातों पर गौर कर सकती हैं।



- रोजाना नारियल तेल या फिर सरसों का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करना फायदेमंद है। अपनी क्षमता के अनुसार हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या वॉक करें।
- सोते समय करवट लेकर सोना चाहिए और दोनों पैरों के बीच तकिया लगाकर सोएं। इससे यूटेरस और कूल्हों पर कम प्रेशर पड़ेगा। इसी तरह कुर्सी या सोफे पर बैठते समय पीछे तकिया लगाकर बैठें।
- यथासंभव वेस्टर्न टॉयलेट का इस्तेमाल करें, क्योंकि इंडियन टॉयलेट में नीचे बैठने पर दर्द बढ़ सकता है।
- झटके से उठना-बैठना अवॉयड करें। इससे दर्द बढ़ सकता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

---

आपकी खूबसूरती तब और बढ़ जाती है, जब लिप्स सॉफ्ट-पिंक हों। लेकिन किसी वजह से अगर आपके लिप्स डार्क दिखने लगें तो आप कुछ इफेक्टिव होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

## जब लिप्स दिखने लगें डार्क आजमाएं ईजी होम रेमिडीज





केयर

शहनाज हुसैन कॉस्मेटोलॉजिस्ट

तेज धूप, शरीर में पानी की कमी और बार-बार होंठों पर जीभ फेरने से कई बार इनका कलर डार्क दिखने लगता है। इसके अलावा शरीर में खून की कमी, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ज्यादा चाय, कॉफी पीने से भी होंठ काले पड़ जाते हैं। ज्यादा लिपस्टिक लगाने से भी लिप्स का कलर डार्क हो सकता है। वजह कोई भी हो, डार्क लिप्स अच्छे नहीं लगते। डार्क लिप्स से छुटकारा पाने के लिए आप कुछ ईजी-इफेक्टिव होम रेमिडीज अपना सकती हैं।

**लिप्स स्क्रब:** डार्क लिप्स को सॉफ्ट और पिंक बनाने के लिए स्क्रब का यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको आधा चम्मच मलाई में एक चौथाई चम्मच चीनी और आधा चम्मच नीबू का रस मिलाना होगा। इसे अच्छी तरह मिक्स कर होंठों पर हल्के से स्क्रबिंग करें।

**नीबू-शक्कर पेस्ट ब्लीचिंग:** नीबू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लीचिंग की तरह काम करते हैं। इस गुण की वजह से होंठों के कालेपन को दूर करने में नीबू काफी मददगार होता है। एक कांच की कटोरी में एक चम्मच शक्कर और एक चम्मच नीबू के रस को मिला लें। शक्कर थोड़ी पिघल जाने पर इसमें आधा चम्मच शहद को मिला लें। इससे केवल अपने चेहरे को साफ कर लें और इसके बाद ताजे पानी से धोकर होंठों को सुखा लें। कुछ देर बाद केवल होंठों पर इस पेस्ट को लगाकर लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद होंठों को पानी से अच्छी तरह साफ कर लें और लिप बाम लगा लें।



**खीरे का जूस:** इसके लिए खीरे का जूस बनाकर फ्रिज में रख दीजिए। इस जूस को रुई की मदद से होंठों पर लगाकर छोड़ दें और कुछ समय बाद ताजे पानी से धो डालिए। खीरे में विटामिन ए और सी के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट्स और सिलिका रिच कंपाउंड्स पाए भी जाते हैं। ये विटामिंस और कंपाउंड्स, पिगमेंटेशन को कम कर होंठों के डार्क कलर को लाइट करते हैं।

**हल्दी-मलाई पेस्ट:** हल्दी और मलाई का पेस्ट बनाकर रात में सोने से पहले होंठों पर हल्की-हल्की मसाज करें। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुण मौजूद होते हैं, जो होंठों के कालेपन के साथ फटे होंठों की समस्या को भी दूर करते हैं। मलाई, होंठों को पोषण देकर इसकी रंगत को निखार देगी।

---

रेसिपी

ओम प्रकाश गुप्ता

तपिश भरी गर्मी से राहत पाने के लिए बार-बार कुछ ठंडा खाने का मन करता है। इसीलिए हम आपको बता रहे हैं, आसानी से बनने वाली कुछ टेस्टी कुल्फी की रेसिपी।

## हॉट सीजन-चिल्ड कुल्फी

### आड़ू कुल्फी



**सामग्री:** पके आड़ू-2, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-6 बड़े चम्मच, ताजा क्रीम-2 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले आड़ुओं का गूदा निकालकर मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। एक बर्तन में दूध को आधा रहने तक पकाएं। इसमें चीनी, आड़ू पेस्ट और मिल्क पावडर मिलाकर फेंटें। मिश्रण को कुल्फी के सांचों में भरकर 6-7 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। सांचों से निकालकर तुरंत सर्व करें।

### अंजीर-दही कुल्फी



**सामग्री:** सूखे अंजीर-4 (3-4 घंटे पानी में भीगे), चक्का दही-300 ग्राम, ठंडा दूध-आधा कप, बादाम चूरा-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, वनिला एसेंस-आधा छोटा चम्मच, कटे बादाम-2 छोटे चम्मच

**विधि:** भीगे अंजीरों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। बादाम चूरा छोड़कर शेष सारी सामग्री इसके साथ अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कुल्फी मोल्ड्स में डालकर 6 से 8 घंटों के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर कुल्फियों को मोल्ड्स से निकालें और बादाम चूरा बुरक कर सर्व करें।

### ब्लैक करेंट कीवी कुल्फी



**सामग्री:** ब्लैक करेंट (काले अंगूर) क्रश-2 बड़े चम्मच, कीवी क्रश-2 बड़े चम्मच, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-4 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले दूध को मोटे तले के बर्तन में उबालें और चलाते हुए आधा रहने तक पकाएं। इसमें पिसी चीनी और मिल्क पावडर मिलाएं और ठंडा करके दो भागों में बांट लें। एक भाग में एक बड़ा चम्मच पानी और कीवी क्रश मिलाएं, दूसरे में केवल ब्लैक करेंट क्रश मिलाएं। अब कुल्फी मोल्ड्स में कीवी मिश्रण आधा-आधा भरें फिर ब्लैक करेंट मिश्रण इनके ठीक बीच में डालें। इन मोल्ड्स को 7-8 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर निकालें और काटकर सर्व करें।



# सीएम सचिवालय में ज्यादातर कार्य देखेंगे डॉ. राजौरा, शुक्ला और राघवेंद्र को भी जिम्मेदारी

**»** *यादव के पास जनसंपर्क व पीडब्ल्यूडी सहित कई विभागों की जवाबदारी*

**»** *मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों के बीच हुआ कार्य विभाजन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों के बीच नवीन कार्य विभाजन किया गया है। यह सभी अधिकारी इन निर्देशों के अधीन रहेंगे। अधिकारियों को स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारी उनके सौंपे गए विभागों एवं कार्यों की नस्तियों को अपर मुख्य सचिव के माध्यम से सीएम को प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही साथ समस्त अधिकारी सहयोग के लिए कनिष्ठ अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन अपने स्तर पर करेंगे।

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा मुख्यमंत्री की घोषणाओं ए प्लस और ए मानिट के संदर्भों का पालन एवं मॉनिटरिंग तथा फॉलोअप कार्य देखेंगे। इसके साथ ही संकल्प पत्र 2023 संबंधी कार्य, कैबिनेट से संबंधित कार्य एवं नीतिगत विषय, कैबिनेट की बैठकों से संबंधित कार्य एवं ट्रेकर से संबंधित कार्य, मुख्यमंत्री कार्यालय स्थापना एवं आंतरिक व्यवस्था, प्रशासनिक सुधार एवं नवाचार, राज्य के मेगा प्रोजेक्ट की मैन्युफैक्चरिंग, विभिन्न शासकीय नियुक्तियां, मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित स्थानांतरण, पद स्थापना संबंधी प्रकरण, मुख्यमंत्री के दिल्ली भ्रमण कार्यक्रम संबंधित फोल्डर इत्यादि तैयार करने के अलावा प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री के मुख्यमंत्री तथा संसद सदस्यों से प्राप्त पत्रों का संधारण, उत्तर समय सीमा में स्वीकृत, भारत सरकार के समस्त लंबित विषयों के संबंध में आवश्यक तैयारियां, कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस, ऐसे समस्त विभाग जो किसी अन्य अधिकारी को आवंटित नहीं है, वह सभी कार्य डॉ. राजौरा देखेंगे।

## प्रमुख सचिव संजय शुक्ला को आवंटित कार्य



प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला को समस्त विभागों के लंबित मामलों के संबंध में समय-समय पर मुख्यमंत्री को अवगत कराने, सीएम डैशबोर्ड, मुख्यमंत्री कार्यालय वेबसाइट, मुख्यमंत्री कार्यालय पोर्टल से संबंधित कार्य सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े विषय, प्रगति पोर्टल, राजकीय विभिन्न वृहद परियोजनाओं के नियमित समीक्षा, मानिट, सांसदों मंत्रियों, विधायक से प्राप्त पत्रों का संधारण एवं कार्रवाई, प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, आंकड़ों का संग्रह, शिक्षा अनुदान, विधानसभा से संबंधित कार्य, सीएम हेल्पलाइन समाधान, ऑनलाइन के अलावा मुख्यमंत्री की ओर से सौंपे गए अन्य कार्य तथा कुल 19 विभागों से संबंधित कार्य देखेंगे। इसमें गृह, वित्त, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन, जल संसाधन, वन, ऊर्जा जैसे विभाग शामिल है।

### प्रमुख सचिव राघवेंद्र को मिला यह दायित्व

प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह के पास कल 21 विभागों से संबंधित मुख्यमंत्री की घोषणाओं, ए प्लस और ए मानिट के संदर्भों का पालन, मानिटरिंग व फॉलोअप, इन विभागों से संबंधित मामलों को समय-समय को मुख्यमंत्री को अवगत कराने, सांसद विधायकों के इन विभागों के कार्य संबंधित कार्य समय पर सौपने के अलावा स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा पर्यावरण, पर्यटन, जनजाति, आयुष, श्रम, प्रवासी भारतीय, संस्कृति, महिला बाल विकास जैसे कार्य भी देखेंगे।

### मुख्यमंत्री के सचिव भरत यादव को आवंटित कार्य

मुख्यमंत्री के सचिव भरत यादव को 13 विभागों से संबंधित मुख्यमंत्री की घोषणाओं की मानिटरिंग, फॉलोअप इन विभागों से संबंधित मामलों को मुख्यमंत्री को समय-समय पर अवगत कराने, मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम की पूर्व तैयारी, समन्वय, मुख्यमंत्री से भेंट, सांसद विधायक के विकास कार्यों से संबंधित पत्रों की मानिटिरिंग, उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ 2028 से संबंधित कार्य के अलावा जनसंपर्क, पीडब्ल्यूडी, वाणिज्य कर, खनिज, विमानन, सहकारिता जैसे विभागों के अलावा जबलपुर रीवा संभागों से जुड़े प्रशासनिक विषयों का कार्य भी देखेंगे।

### इनको भी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री के ओएसडी महेश चौधरी को के पास सांसद, विधायक अन्य जन प्रतिनिधियों से संबंधित संदर्भों के निराकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय में लंबित संदर्भ घोषणाओं की नियमित विभागीय समीक्षा बैठकों का आयोजन जैसे कार्य सौंपे गए हैं। इसीतरह मुख्यमंत्री के ओएसडी राजेश हिंगणकर को गृह, जेल, खेल युवा कल्याण से संबंधित विभागों की घोषणाओं की मॉनिटरिंग और फॉलोअप, समय-समय पर मुख्यमंत्री को अवगत कराने, पुलिस, पूर्व सैनिकों के कल्याण संबंधित मामले आदि की जिम्मेदारी दी गई है। अपर मुख्य सचिव अविनाश लवानिया को एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को आवंटित समस्त कार्य और मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों की समस्याओं पर गए कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। इन अधिकारियों उप सचिव लक्ष्मण मरकाम, उप सचिव मनीष पांडे, ओएसडी लोकेश शर्मा, अपर सचिव चंद्रशेखर वालिंबे, उप सचिव अदिति गर्ग, उपसचिव अंशुल गुप्ता, उप सचिव हृदयेश श्रीवास्तव और उप सचिव ऋषि पवार, अवर सचिव आदित्य कुमार शर्मा, अवर सचिव संदीप अस्थाना, अवर सचिव आशीष कुमार पांडे, अवर सचिव श्रीमती श्रीलेखा, अवर सचिव आशुतोष गोस्वामी और अवर सचिव केवल राम धुर्वे, आदि को भी उसी अनुसार जवाबदारी सौंपी गई है।

---

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

# मुखर्जी ऐसे महानायक थे, जिन्होंने आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांपा

**»** *बलिदान दिवस से जयंती तक कार्यकर्ता 'एक पेड़ मां के नाम' से रोपें पौधा*

**»** *कश्मीर समस्या के लिए आंदोलन किया और धारा 370 हटाने बलिदान दे दिया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे, जो आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांप लिया था। उन्होंने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंग-भंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था। वहीं, आजादी के बाद कश्मीर समस्या को भांपकर आंदोलन किया। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने बलिदान दे दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के दो महानायकों डॉ. मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय की संदिग्ध मौत का जिम्मेदार कौन है, इसका आज तक पता नहीं चला है।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री हितानंद सहित पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। इसके बाद प्रदेश कार्यालय प्रांगण में स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं पौधरोपण किया। भाजपा की ओर से प्रदेश भर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।



### संदिग्ध मौत का जिम्मेदार कौन?

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि आज देश के ऐसे महान सपूत को श्रद्धांजलि देने यहां एकत्रित हुए हैं, जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। वही जनसंघ आज विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल भाजपा के रूप में आप सबके सामने है।

### प्रदेशभर में 6 जुलाई तक चलाया जाएगा पौधरोपण अभियान

प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद शर्मा ने कहा कि देश के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर महापुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के श्री चरणों में आज हर भाजपा का हर कार्यकर्ता श्रद्धासुमन अर्पित करता है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई जयंती के दिन तक एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है।



### प्रदेश के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने किया डॉ. मुखर्जी को याद

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के सभी बूथों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को श्रद्धासुमन अर्पित किए। भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

### भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर किया पौधरोपण

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

---

प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा में बोले मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर मध्यप्रदेश को बनाएंगे नंबर वन राज्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में आवागमन के साधन विकसित करने को लेकर हमारी सरकार गंभीरता से काम कर रही है। वर्तमान में इंदौर और भोपाल मेट्रो ट्रेन का प्रोजेक्ट चल रहा है। यहां आखिरी चरण का काम शेष रह गया है, जल्द ही दोनों मेट्रो ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है।

मुख्यमंत्री रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे भारत ट्रेन का नया वर्जन निकाला है, जिसमें हमारी बनी बनाई पटरियों पर वन्दे मेट्रो ट्रेन चलाई जाएगी। जिसकी स्पीड भी डबल हो जाएगी। साथ ही, ऐसे छोटे इलाके में जहां आवागमन ज्यादा है, यहां मेट्रो के प्रोजेक्ट को लेकर कठिनाइयां आती हैं। ऐसे में रोप-वे, केबल कार के माध्यम से यातायात की व्यवस्था में सुव्यवस्था स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे कई विषयों को लेकर हमने जॉइंट मीटिंग की है। खासकर पहले चरण में



5 शहर इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में हम काम कर रहे हैं। इंदौर से उज्जैन मेट्रो ट्रेन की एक फिजिबिलिटी रिपोर्ट आई थी, सिंहस्थ से पहले इस प्रोजेक्ट को हाथ में लेने का निर्णय किया है। हम अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए, मध्यप्रदेश को नंबर वन राज्य बनाएंगे।

**खेत में काम कर रहे दो किसानों पर गिरी आकाशीय बिजली, मौत**: पलारी थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो ग्रामीणों की मौत का मामला सामने आया है। पलारी थाना पुलिस मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। पूरा मामला इस प्रकार है कि बीते रविवार को दोपहर 12 बजे ग्राम गातापार निवासी भोला निषाद 34 वर्ष एवम सहयोगी नंद कुमार वर्मा दोनों अपने खेतो में काम करने गए हुए थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इसलाम पुत्र हिमायत खान पताः झुग्गी नंबर 142, के ब्लॉक, नई सीमापुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 26921/2020, दिनांक 17-10-2020 U/S 379 IPC, पुलिस थाना जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इसलाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इसलाम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 26921/2020, दिनांक 17.10.2020 U/S 379 IPC, पुलिस थाना जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **इसलाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**संघामित्रा**
**महानगर दंडाधिकारी–01, कमरा सं. 54,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली**

**DP/7853/SHD/2024**

---

विस्फोट से हो गया था लगभग आठ फीट गहरा और 12 फीट चौड़ा गड्ढा

# सुकमा में 50 किलो आईईडी का हुआ इस्तेमाल निशाने पर था जवानों से भरा वाहन, प्लान फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा में रविवार को जगरगुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत टैकलगुडम से एक किलोमीटर दूर नक्सलियों ने एक बड़ा विस्फोट किया। जिसमें एक वाहन के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान वाहन में सवार दो जवान मौके पर ही शहीद हो गए। वहीं इस घटना के बाद जवान मौके पर पहुंचे और शवों को निकाल कर कैंप ले जाया गया। इस घटना को नक्सलियों ने अंजाम दिया। जहां सड़क पर नक्सलियों ने 50 किलो की आईईडी का उपयोग किया था। जिससे लगभग आठ फीट गहरा और 12 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया।

बता दें कि रविवार को जवानों के लिए राशन पूवर्ती और टेकलगुडम कैंपों के लिए जा रहा था। वहीं ऑपरेशन पर गए जवानों की वापसी भी इस दौरान होनी थी। घटना को देख अनुमान लगाया जा सकता है कि दंतेवाड़ा जिले में 26 अप्रैल 2023 को हुए अरनपुर ब्लास्ट में जिस प्रकार 10 जवान और एक वाहन चालक शहीद हुए थे।

### 10 साल में सैकड़ों जवानों की गई जान



#### राशन से भरा हुआ था वाहन

ठीक उसी प्रकार नक्सली जवानों से भरी वाहन को निशाना बनाना चाह रहे थे। जिसमें 10, 15, 20, 25 या 30 जवान होंगे। लेकिन नक्सलियों ने जिस वाहन को निशाना बनाया उसमें सिर्फ दो जवान ही मौजूद थे और वह वाहन राशन से भरा हुआ था। वाहन के पीछे तिरपाल लगी होने की वजह से नक्सली यह नहीं समझ पाए की इस वाहन के पीछे कितने जवान हैं।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में पिछले 10 सालों में सैकड़ों जवान शहीद हुए हैं। सैकड़ों की नक्सलियों ने जवानों और बेस कैंप को घेरकर उन पर हमला किया। हालांकि जवानों ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया, लेकिन अचानक हुए नक्सली हमलों में सुरक्षा बलों को ज्यादा नुकसान हुआ। वहीं प्रशासन ने भी नक्सलियों के खत्मे के लिए अभियान चला रखा है। रोजाना जवान सर्चिंग कर रहे हैं। इस दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ भी हो रही है। वहीं सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी भी मिली है, जिसमें भारी मात्रा में नक्सलियों के पास मौजूद सामान और हथियार और ब्लास्ट करने के सामान भी बराम किए।

---

नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए थे दो जवान

# नम आंखों से दी श्रद्धांजलि, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी शहीदों को अंतिम विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिले के जगरगुंडा में रविवार को नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में कोबरा बटालियन के दो आरक्षक शहीद हो गए। घटना के बाद शहीद जवानों के शव को मेकाज लाया गया। जहां देर रात जवानों के शव को पहले एम्बोम्बिंग किया गया, उसके बाद पीएम हुआ।

सोमवार की सुबह जवानों का पार्थिव शरीर करनपुर स्थित कोबरा बटालियन ले जाया गया। जहां आला अधिकारियों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बता दें कि 23 जून की सुबह जगदलपुर के करनपुर से राशन सामग्री को लेकर 201 कोबरा बटालियन के दो आरक्षक सामान लेकर टेकलगुड़ा कैंप जा रहे थे। जिसमें शैलेन्द्र (30) ग्राम नबगांव गौतम थाना महराजपुर जिला कानपुर यूपी और विष्णु आर 35 वर्ष निवासी कुरुपूजा पोस्ट आफिस चिरंगतेल जिला तिलवेंद्रपुरम राज्य केरल से थे। अचानक पहले से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में मौके पर ही दोनों आरक्षक शहीद हो गए थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की उर्फ राकेश पुत्र श्री हरबंस लाल निवासी म.नं. ए–219, गांधी विहार, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली–110009** ने case **CC 4829/2020 U/s 138 NI Act, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **विक्की उर्फ राकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विक्की उर्फ राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **CC 4829/2020 U/s 138 NI Act, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्की उर्फ राकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 26.07.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दिव्या गुप्ता**
**महानगर दंडाधिकारी (एनआई एक्ट)–05, (केन्द्रीय)**
**कमरा नं. 02, भूतल, न्यायालय उपभवन–01**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7956/N/2024(Court Matter)**

---

सूर्यकांत केलकर शालिगराम तोमर स्मृति राष्ट्र सेवी सम्मान से सम्मानित, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा...

# शालिगराम तोमर ने विद्यार्थी परिषद के एक-एक विद्यार्थी को गढ़ने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के संस्थापक शालिगराम तोमर ने विद्यार्थी परिषद के एक-एक विद्यार्थी को गढ़ने का कार्य किया। उन्होंने कार्यकर्ता की गलतियों को क्षमा कर उनके अंदर छुपी अच्छाइयों को निखारने का कार्य किया। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के निर्माण के लिए उनके गुण-अवगुणों का बारीकी से अध्ययन कर उनकी प्रतिभा को उभारने में योगदान दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मानस भवन में नवलय संस्था की ओर से आयोजित शालिगराम तोमर स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी और शालिगराम तोमर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता सूर्यकांत केलकर को शाल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट कर शालिगराम तोमर स्मृति राष्ट्र सेवी सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में शालिगराम तोमर की धर्मपत्नी श्रीमती शांता तोमर तथा परिवार के अन्य सदस्य, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद बृज मोहन अग्रवाल एवं जनप्रतिनिधि और संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नवलय संस्था ने किया शालिगराम तोमर स्मृति समारोह का आयोजन




### आपातकाल में जो जेल में थे, उनके परिवारों से जीवंत संपर्क किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शालिगराम ने आपातकाल में जो कार्यकर्ता जेल में थे, उनके परिवारों से जीवंत सम्पर्क कर उनका उत्साह बनाए रखने में प्रमुख भूमिका निभाई। शालिगराम को 1978 में 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद' का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने महाकौशल, मध्यप्रदेश, उड़ीसा तथा उत्तर प्रदेश में विद्यार्थी परिषद के कार्य को मजबूत किया। इस दौरान बने कई कार्यकर्ताओं ने भविष्य में सामाजिक क्षेत्रों में प्रतिष्ठा प्राप्त की।

### तोमर ने किए असाधारण कार्य

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि शालिगराम तोमर ने विद्यार्थियों के हित में असाधारण कार्य किया। उनका जीवन कठिन परिस्थितियों से भरा हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में पौधारोपण कर प्रकृति संवर्धन और संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। उन्होने शालिगराम जी की धर्मपत्नी श्रीमती शांता तोमर का शाल, स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवलय अनुबोध पत्रिका का विमोचन भी किया। समारोह में अभय महाजन तथा मप्र और छत्तीसगढ़ से पधारे बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कायकर्ताओं ने अपने स्मरण सुनाए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि/बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | वार्ड नं. 19 एम.सी. टोहाना में शक्ति नगर में विभिन्न रोड का निर्माण। | 20.06.2024 27.06.2024 | 20.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |
| | नगर परिषद टोहाना | दुर्गा कॉलेज वाली गली के साथ-साथ गली का निर्माण (जन संवाद)। | 21.06.2024 05.07.2024 | 25.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27090/I/88/7 दि. 24.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सिरसा | सिरसा जिले में एम.सी. डबवाली ग्रुप-1 में विभिन्न सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत (आईडी 2156, 6942, 2155 और 2163) कार्य योजना 2024-25 और सिरसा जिले में एम.सी. डबवाली ग्रुप-2 में विभिन्न सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत (आईडी 5120, 4842 और 2142) कार्य योजना 2024-25 + 4 कार्य। | 19.06.2024 03.07.2024 | 11.07 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 xensirsa.hsamb23@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/60/27100/I/88/7 दि. 24.06.24

## चिंतन

# संसद में पक्ष व विपक्ष दोनों रचनात्मक भूमिका निभाएं

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र का आगाज हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत लोकसभा के सांसदों के शपथग्रहण के साथ संसद की कार्यवाही शुरू हुई है। दस कार्यदिवस तक चलने वाले इस संक्षिप्त सत्र के दौरान 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसद शपथ लेंगे, लोकसभा का अध्यक्ष चुना जाएगा, राष्ट्रपति का संयुक्त संबोधन होगा और फिर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। कायदे से देखा जाय तो इस सत्र के दौरान किसी विधेयक पर न चर्चा होगी, न नया विधेयक आएगा, इसके बावजूद यह सत्र हंगामेदार रहेगा, इसकी झलक पहले ही दिन देखने को मिल गई। विपक्ष सांसद संसद में संविधान लेकर पहुंचे, जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शपथ ले रहे थे, तो विपक्ष ने नीट, नीट के नारे लगाए। ऐसा नजारा आगे भी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिपक्वता दिखाई कि वे विपक्ष की तरफ मुखातिब होकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ साथ अन्य विपक्षी सांसदों का शिष्टाचार अभिवादन किया। सत्र शुरू होने से पहले पीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार सहमति से चलेगी, लेकिन देश भी जिम्मेदार विपक्ष चाहता है, जो रचनात्मक लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाएं, संसद में राष्ट्रीय विषयों पर गंभीर बहस करे, सुझाव दे, केवल हंगामा और विरोध में ही मशगूल न रहे। पीएम का संदेश साफ है कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारी समझे। हालांकि पिछले दो दशक से विपक्ष संसद में व्यवधान, हंगामा, नारेबाजी करता रहा है, ऐसे में विपक्ष से सदन में रचनात्मक भूमिका की अपेक्षा बिल्कुल नई बात है। इसलिए प्रधानमंत्री ने जिस रचनात्मकता व गरिमा की बात की है, इसे मिसाल के तौर पर जिन राज्यों में भाजपा विपक्ष में है, वहां अगर वह हंगामा व नारेबाजी से हटकर ठोस काम व सार्थक बहस में भाग लेकर रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाए, तो इससे कांग्रेस व दूसरे दलों पर भी नैतिक दबाव पड़ेगा व देश में रचनात्मक विपक्ष की परिपाटी फिर से शुरू होगी। केवल संसद में विपक्ष से ही रचनात्मक भूमिका की उम्मीद रखना पॉलिटिकली करेक्ट नहीं है। वैसे भी इस बार विपक्ष अधिक मजबूत और संगठित है, ऐसे में पीएम मोदी की राजग सरकार को नजाकत के साथ सदन को चलाने का प्रयास करना होगा। इस बार पीएम मोदी का सामना मजबूत विपक्ष के साथ राजग के घटक दलों से भी है, जो सरकार को स्तंभ प्रदान कर रहे हैं। वैसे भी सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है, ऐसे में पीएम मोदी व उनकी राजग सरकार के मंत्री व सांसदों को संसद में अधिक विनम्र, लोकतांत्रिक, रचनात्मक व संवाद फ्रेंडली रहना होगा। पीएम मोदी हमेशा लोकतांत्रिक बहस व विमर्श की वकालत करते रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद से जितने भी संसद सत्र आहूत हुए हैं, पीएम ने विपक्ष से रचानात्मक व ठोस भूमिका की अपील करते रहे हैं, पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने संसद सत्र के दौरान हमेशा व्यवधान डाला है, हांगामा किया है, नारेबाजी की है, विधेयक पर बहस में खलल डाली है। कांग्रेस ने एक भी सत्र सुचारू नहीं चलने दिया है। विपक्ष की हुल्लड़बाजी का नतीजा रहा है कि सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों को कई बार निलंबित करना पड़ा है। इसलिए 18वीं लोकसभा में विपक्ष को चाहिए कि हंगामे से बाहर निकल कर देशहित में रचनात्मक भूमिका निभाए। पीएम ने राहुल गांधी के संविधान पुस्तिका की नौटंकी का करारा जवाब भी आपातकाल को लोकतंत्र का धब्बा व संविधान का गला घोंटने वाला बता कर दिया है। अब पक्ष व विपक्ष दोनों की रचनात्मक भूमिका निभाने की बारी है।

## आपातकाल
सुरेश हिंदुस्थानी



# आज भी डराती है वो काली रात

सत्ता की ताकत का दुरुपयोग कैसे किया जाता है, इसका उदाहरण कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में देश पर तानाशाही पूर्वक लगाया गया आपातकाल है। जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही समाप्त कर दिया था। इंदिरा शासन द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में सरकार के विरोध में आवाज उठाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। यहां तक कि सरकार ने विपक्ष की राजनीति करने वालों के साथ ही उन समाजसेवियों और राष्ट्रीय विचार के प्रति समर्पित उन संस्थाओं के व्यक्तियों को जेल में ठूंस दिया था, जो सरकार की कमियों के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे थे। सरकार के इस कदम को पूरी तरह से अलोकतांत्रिक कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंदिरा गांधी की सरकार ने अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर उस आवाज को दबाने का प्रयास किया, जो लोकतांत्रिक रूप से भी सही थी। वैसे देखा जाए तो कांग्रेस शासन का यही चरित्र रहा है कि उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को किसी भी प्रकार से शांत किया जाए। आज भी कांग्रेस ठीक इसी पद्धति से काम करती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बलि दी जाती रही है। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी ने कई बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्र विरोधी ताकतों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने काम किया है, लेकिन जो कांग्रेस आज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत कर रही है, उसने ही 25 और 26 जून 1975 की रात को आपातकाल लगाने के बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंट दिया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किस प्रकार कुठाराघात किया जाता है, इस तथ्य को जानने के लिए कांग्रेस के नेताओं को आपातकाल के काले अध्याय का अध्ययन करना चाहिए। आपातकाल के नाम पर कांग्रेस ने अंग्रेजों से भी भयंकर यातनाएं देते हुए देश भक्तों पर कहर बरपाया। जिसके स्मरण मात्र से दिल में सिरहन दौड़ जाती है। जिन लोगों ने इस काली रात का साक्षात्कार किया, उनके अनुभव सुनने मात्र से ही लगता है कि इन्होंने आपातकाल को किस कदर भोगा होगा। आपातकाल लगाने के पीछे के कारणों पर दृष्टिपात किया जाए तो यही तथ्य सामने आते हैं कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरी तरह से तानाशाह शासक की भूमिका में दिखाई दीं। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा बताते हुए अपना प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया, यह प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग ही था। वह निर्णय क्या था? इसकी जड़ में 1971 में हुए लोकसभा चुनाव था, जिसमें उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजनारायण को पराजित किया था, लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर उन पर छह साल तक चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया और उनके मुकाबले हारे और श्रीमती गांधी के चिर प्रतिद्वंद्वी राजनारायण सिंह को चुनाव में विजयी घोषित कर दिया था। राजनारायण सिंह की दलील थी कि इंदिरा गांधी ने चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, तय सीमा से अधिक पैसा खर्च किया और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए गलत तरीकों का इस्तेमाल किया। न्यायालय ने इन आरोपों को सही ठहराया था। इसके बावजूद श्रीमती गांधी ने प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देने से इनकार कर दिया और देश में आपातकाल घोषित कर दिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के साथ ही गुजरात में चिमनभाई पटेल के विरुद्ध विपक्षी जनता मोर्चे को भारी विजय मिली। इस दोहरी चोट से इंदिरा गांधी बौखला गईं। इन्दिरा गांधी ने न्यायालय के इस निर्णय को मानने से इनकार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की घोषणा की और आपातकाल लागू करने की घोषणा कर दी। आपातकाल के नाम पर केवल उन्हीं लोगों को जेल में जबरदस्ती बंद किया था, जो सरकार के विरोधी थे। देश भर में इंदिरा शासन के विरुद्ध जबरदस्त आंदोलन खड़ा किया। आपातकाल में शासन, प्रशासन ने लोकनायक जयप्रकाश के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन में हिस्सा लेने वाले हर उस व्यक्ति को प्रताड़ना दी, जो लोकतांत्रिक तरीके सरकार के विरोध में आवाज उठा रहे थे। विपक्षी राजनेताओं ने देश में केन्द्र सरकार के विरोध में ऐसा वातावरण बनाया कि इंदिरा गांधी को अपना सिंहासन हिलता हुआ दिखाई दिया। जॉर्ज फर्नांडीज को लोहे की जंजीरों से बांधकर यातनाएं दी गईं। देश के जितने भी बड़े नेता थे, सभी के सभी सलाखों के पीछे डाल दिए गए। एक तरह से जेलें राजनीतिक पाठशाला बन गईं। जिन लोगों ने यह दृश्य देखा, उनका यही कहना था कि ऐसा दृश्य तो अंग्रेज़ों के शासनकाल में भी नहीं दिखा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## काला अध्याय
अरविंद जयतिलक

# आपातकाल था संविधान का अपमान

**इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की गर्दन मरोड़कर देश में आपातकाल थोप दिया था। श्रीमती गांधी ने सिर्फ संविधान की धज्जियां ही नहीं उड़ायी बल्कि जनतांत्रिक मूल्यों को भी नजरअंदाज कर मानवीय मूल्यों को निर्ममता से रौंद डाला था। संविधान के अपमान से देश कराह उठा था। जब भी 25 जून का दिन आता है, आपातकाल की टीसें उभरने लगती है। उसी टीस का नतीजा है कि आपातकाल के पांच दशक बाद भी इस पर विमर्श जारी है। उचित होगा कि संविधान में कुछ इस तरह का प्रावधान किया जाए कि दोबारा आपातकाल थोपे जाने की न तो गुंजाइश बचे और न ही कोई निर्वाचित सरकार दुस्साहस दिखाए। मौजूदा सरकार को यह काम करना चाहिए।**

25 जून, 1975. वह काला दिन जब देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की गर्दन मरोड़कर देश में आपातकाल थोप दिया था। श्रीमती गांधी ने सिर्फ संविधान की धज्जियां ही नहीं उड़ायी बल्कि जनतांत्रिक मूल्यों को भी नजरअंदाज कर मानवीय मूल्यों को निर्ममता से रौंद डाला। देश कराह उठा और संविधान को बर्फखाने में डाल दिया गया। जब भी 25 जून का दिन आता है, आपातकाल की टीसें उभरने लगती है। उसी टीस का नतीजा है कि आपातकाल के पांच दशक बाद भी इस पर विमर्श जारी है। इन पांच दशकों में देश में युवाओं की ऐसी पीढ़ी आयी है जो न सिर्फ लोकतंत्र की समर्थक है बल्कि उन सभी विचारों का विरोधी है, जो मानवीय गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। फिलहाल कहना मुश्किल है कि देश की युवा पीढ़ी इंदिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल से खुद को कितना जोड़ पाई है या इसे लेकर उनका सोचने का तरीका क्या है? ऐसा इसलिए कि आपातकाल के बारे में न तो नई पीढ़ी को संपूर्ण जानकारी है और न ही उन्हें पता है कि आपातकाल क्या होता है? एक जिम्मेदार जनतांत्रिक राष्ट्र का कर्तव्य है कि वह अपनी आने वाली पीढ़ी को देश का इतिहास, संस्कृति धर्म-दर्शन राजनीति और जनतांत्रिक मूल्यों से सुपरिचित कराए। साथ ही उन अलोकतांत्रिक और जनविरोधी तानाशाही विचारों को भी उद्घाटित करे जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवीय मूल्यों और जनतांत्रिक गरिमा के खिलाफ है। यह तभी संभव होगा जब राष्ट्र के प्रत्येक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक प्रसंगों को ईमानदारीपूर्वक शिक्षा के पाठ्यक्रम से जोड़ा जाएगा। अगर आपातकाल के तत्काल बाद ही इस घटना को शिक्षा के पाठ्यक्रमों में जोड़ दिया गया होता तो देश की युवा पीढ़ी लोकतांत्रिक और तानाशाही विचारों के फर्क को बेहतर ढंग से समझती। इससे लोकतंत्र मजबूत होता। नागरिक कर्तव्यों और अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ती और इस विषय पर नजरिया स्पष्ट होता।

यह अच्छी बात है कि अब आपातकाल के काले अध्याय को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग तेजी से मुखर हो रही है। अगर आपातकाल के प्रसंग को इतिहास के पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया जाता है तो युवा पीढ़ी को जानने-समझने का मौका मिलेगा कि किस तरह एक जनता द्वारा निर्वाचित सरकार अपने हठीले रवैए से लोकतंत्र को तबाह कर जनतांत्रिक मूल्यों को रौंद डाला था। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। एक स्वस्थ संसदीय लोकतांत्रिक परंपरा में धरना-प्रदर्शन, सत्याग्रह और सिविल नाफरमानी जनतंत्र के बुनियादी सिद्धांत और आधार होते हैं। कोई भी निर्वाचित सरकार इन लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती है। अगर दशकों पहले इस प्रसंग को शिक्षा पाठ्यक्रम से जोड़ दिया गया होता तो उसके गुण-दोष से आज की युवा पीढ़ी सुपरिचित होती। आपातकाल को शिक्षा के पाठ्यक्रम से जोड़ा जाना इसलिए भी आवश्यक है कि आपातकाल लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के विपरित एक ऐसी तानाशाही विचारधारा है जिसे भारत ही नहीं दुनिया का हर सभ्य समाज और लोकतांत्रिक देशों द्वारा खारिज किया जाता है।



युवाओं को जानना होगा कि आपातकाल का मूल कारण 12 जून, 1975 का इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वह फैसला था जिसमें न्यायमूर्ति जगमोहनलाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव को यह कहकर रद कर दिया था कि चुनाव भ्रष्ट तरीके से जीता गया। इसे ध्यान में रखते हुए न्यायमूर्ति ने इंदिरा गांधी पर छः साल चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इस फैसले का सम्मान करने के बजाए सत्ता बचाने के खेल में जुट गयी। उनके पास बचाव के सिर्फ दो ही उपाय थे। या तो वह न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए अपने पद से इस्तीफा देतीं या संविधान का गला घोंटती। उन्होंने दूसरे रास्ते को चुना और संविधान को निलंबित कर दिया। आंतरिक सुरक्षा को मुद्दा बनाकर बगैर कैबिनेट की मंजूरी लिए ही देश पर आपातकाल थोप दिया। यही नहीं उन्होंने संवैधानिक नियमों को ताक पर रख उच्चतम न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की वरिष्ठता की अनदेखी कर चैथे नंबर के न्यायाधीश को मुख्य न्यायाधीश बना दिया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय पर स्थगनादेश जारी किए जाने के बाद श्रीमती गांधी और उग्र हो उठी। उन्होंने संविधानेत्तर सरकार चला रहे अपने पुत्र संजय गांधी की मदद से उन सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं को मटियामेट करना शुरू कर दिया जो लोकतंत्र की संवाहक थी। श्रीमती गांधी की सरकार अत्याचार की सभी सीमाएं लांघ गई, जयप्रकाश नारायण समेत उन सभी आंदोलनकारियों को मीसा और डीआईआर कानूनों के तहत जेल भेज दिया जो आपातकाल का विरोध कर रहे थे। सरकार ने प्रेस की आजादी पर प्रतिबंध लगा दिया। यहां तक कि समाचार पत्रों को अपने संपादकीय का स्थान रिक्त छोड़ने की भी अनुमति नहीं दी। दरअसल वे संपादकीय को रिक्त छोड़ा जाना अपनी सरकार के खिलाफ समझती थी। उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारों और संपादकों पर भी डंडा चलाना शुरू कर दिया। मोरार जी देसाई के शासन काल में गठित शाह आयोग की रिपोर्ट में सरकार की निरंकुशता का दिलदहला देने वाले सच उजागर हुआ। इस रिपोर्ट में कहा गया कि आपातकाल के दौरान गांधी जी के विचारों के साथ-साथ गीता से भी उद्धरण देने पर पाबंदी थी। श्रीमती गांधी के समर्थकों ने आंदोलन की धार कुंद करने के लिए यह प्रचारित करना शुरु कर दिया कि जयप्रकाश नारायण का आंदोलन फासिस्टवादी है।

सरकार के अत्याचार की पराकाष्ठा का परिणाम रहा कि बिना अभियोग चलाए ही लाखों आंदोलनकारियों को हिरासत में ठूंस दिया गया। सरकारी संस्थाएं सरकार से डर गयी और उसके सुर में सुर मिलाने लगी। लेकिन कहते हैं न कि लोकतंत्र में तानाशाही की उम्र ज्यादा लंबी नहीं होती और अंततः लोकतंत्र ही जीतता है। कुछ ऐसा ही हश्र श्रीमती गांधी की तानाशाह सरकार के साथ भी हुआ। लोकतंत्र जीत गया। वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता ने श्रीमती गांधी की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका और आपातकाल की रीढ़ तोड़ दी। विश्व इतिहास गवाह है कि जन आंदोलनों के आगे दुनिया की हर तानाशाह सरकार झुकती रही है। रूस की जारशाही और फ्रांस की राजशाही भी जन आंदोलनों को डिगा नहीं पायी। आज सर्वाधिक चिंता इस बात की है कि देश में आपातकाल थोपे जाने के पांच दशक बाद भी उसे रोकने का अभी तक कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं बनाया गया है। उचित होगा कि संविधान में कुछ इस तरह का प्रावधान किया जाए कि दोबारा आपातकाल थोपे जाने की न तो गुंजाइश बचे और न ही कोई निर्वाचित सरकार ऐसा दुस्साहस दिखाए। स्वाभाविक है कि जब इस तरह का कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं होगा तो आपातकाल की आशंका बनी रहेगी। इसलिए मोदी 3.0 सरकार को संवैधानिक रूप से यह कोशिश करनी चाहिए। नागरिक अधिकारों व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सतर्कता बढ़ी है। न्यायपालिका दबावमुक्त, स्वतंत्र और सक्रिय हुई है। मीडिया आजादी की कुलांचे भर रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# अहंकार ही अज्ञान



संकलित
**दर्शन**

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

# झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
**प्रेरणा**

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### परीक्षाओं में घोटाले देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण

मोदी सरकार ने छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले बेईमान लोगों को सबक सिखाने के लिए एंटी पेपर लीक कानून अर्थात लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम-2024 अमल में ला दिया है। यह कानून परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए कामयाब होगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन सवाल तो यह है कि सरकारें इतने लंबे समय तक क्यों युवाओं के कैरियर को दांव पर लगते हुए तमाशा देखती रहीं। नीट परीक्षा की गड़बड़ी से पहले भी दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। उसके लिए अगर सख्ती बरती होती तो आज नीट के परीक्षार्थियों के साथ धोखा नहीं होता।

*- मुकेश पाठक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### सामान काफी सस्ता हुआ



हमारे लिए सुधार 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने का एक साधन है। जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू उपयोग का सामान काफी सस्ता हो गया है। इससे गरीबों और आम आदमी को काफी बचत हुई है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### सरकार नहीं सुन रही



संविधान देश में जनता के अधिकारों का सुरक्षा कवच है। पिछले 10 सालों में सरकार ने इस कवच को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। आज भी युवा परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार नहीं सुन रही है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### गलत दावा



जो कोई यह दावा करता है कि उसका राजनीतिक दल कभी भी कोई ग़लत काम नहीं करता और दूसरा दल कोई सही काम नहीं करता, वह या तो झूठा है, मूर्ख है या दोनों है। गलत किए बिना कोई राजनीतिक दल चल नहीं सकता।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### कोला और जंक फूड




मेरा मुद्दा यह है कि कोला और जंक फूड का विज्ञापन करने वाली अधिकांश हस्तियां अपने बच्चों को वही उत्पाद नहीं खाने देंगी जो दूसरों के बच्चों को खाने के लिए प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

## करंट अफेयर


# यूरोपीय संघ में शामिल होने छूट नहीं मांगेगा यूक्रेन

यूरोपीय संघ द्वारा इस सप्ताह औपचारिक रूप से यूक्रेन को प्रवेश देने के लिए वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त करने के बाद युद्धग्रस्त देश यूक्रेन पश्चिम के साथ एकीकरण के 'अपरिवर्तनीय' रास्ते पर है। एक शीर्ष यूक्रेनी अधिकारी ने यह बात कही। यूरोपीय और यूरो-अटलांटिक एकीकरण की उप प्रधानमंत्री ओल्गा स्टेफनिशिना ने कहा कि इस सप्ताह प्रवेश वार्ता शुरू करने का निर्णय उनके देश के लिए एक 'बड़ा दिन' है। ओल्गा ने रविवार को कीव में कहा, 'यह यूक्रेनी लोगों की सर्वोच्च इच्छा है और यह अपरिवर्तनीय है। और आपने देखा है कि यूक्रेन के लोग अपनी पसंद के लिए खड़े हुए हैं।' यूक्रेन के यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने के लिए मुख्य वार्ताकार नियुक्त किए जाने के बाद यह उनका पहला साक्षात्कार था। ईयू नेताओं ने शुक्रवार को यूक्रेन और मोल्दोवा के साथ प्रवेश वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की। ओल्गा मंगलवार को लक्जमबर्ग में प्रवेश वार्ता के उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगी जिसमें कई शीर्ष सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उद्घाटन समारोह में भाषण देने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने शुक्रवार के फैसले को एक 'ऐतिहासिक कदम' बताया।



## ऑफ बीट

# बालों का विग हो सकता है महिलाओं के लिए जहरीला



अच्छी तरह से संवारे हुए बाल बहुत सी अश्वेत अफ्रीकी महिलाओं के लिए सुंदरता का प्रतीक हैं। हालाँकि, प्राकृतिक बालों को विशेष देखभाल और ध्यान देने की आवश्यकता होती है, जिसमें समय लग सकता है। विग (मानव या सिंथेटिक बाल), वीव-ऑन और अन्य कृत्रिम बाल एक्सटेंशन महिलाओं को उनके प्राकृतिक बालों का विकल्प प्रदान करते हैं। नाइजीरिया में, ये विकल्प युवा और वृद्ध दोनों ही महिलाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। सिंथेटिक बाल लाखों डॉलर का एक बड़ा व्यवसाय है और स्थानीय और विदेशी दोनों उद्योगों द्वारा चलाया जाता है। हेयरड्रेसिंग सैलून फल-फूल रहे हैं, जो महिलाओं के लिए स्टाइलिंग और सौंदर्य सेवाएँ प्रदान करते हैं। लेकिन हमने पाया है कि सिंथेटिक बालों में प्रदूषक तत्व छिपे होते हैं। मानव निर्मित रेशे विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजरते हैं ताकि वे मानव बाल की तरह दिखें और महसूस हों। कुछ उत्पादों को बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल जहरीले होते हैं। और बाल उत्पाद मुख्य रूप से प्लास्टिक से बने होते हैं जो बायोडिग्रेडेबल नहीं होते हैं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक होते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


अनुप्रिया पटेल



अनुराग सिंह ठाकुर


धर्मेंद्र प्रधान


फग्गन सिंह कुलस्ते


जितेंद्र सिंह


कंगना रनौत


सुरेश गोपी


किरण रिजिजू

## 280 सांसदों ने ली शपथ

# शपथ से शुरू हुआ नई संसद में पहला सत्र

**1** शपथ के दौरान भाषाई विविधता दिखी

**2** धर्मेंद्र प्रधान के शपथ के दौरान नारे लगे



### सबसे पहले सदन के नेता नरेंद्र मोदी ने ली शपथ, विपक्षी सदस्यों ने दिखाई संविधान की प्रतियां



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को लोकसभा सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ। सबसे पहले सदन के नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलाई।

ओडिशा के संबलपुर से सांसद और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उड़िया में शपथ ली। जब वह शपथ लेने के लिए उठे तो विपक्षी सदस्यों ने 'नीट-नीट' के नारे लगाए। लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को जब शपथ ली तो भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में सत्य और निष्ठा का प्रतिज्ञान किया।

विपक्ष के अनेक सदस्य सत्र के पहले दिन की बैठक में संविधान की प्रति लेकर पहुंचे थे। असम के धुबरी से निर्वाचित कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन ने अपने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ पढ़ी। बिहार के सासाराम से कांग्रेस के सदस्य मनोज कुमार ने भी अपने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ग्रहण की। गौरतलब है कि 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का भी चुनाव किया जाएगा, इसके बाद अगले दिन 27 जून को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति मुर्मू का संबोधन होगा। सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। सत्र में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक द्वारा कई मुद्दों पर एनडीए सरकार पर निशाना साधने की उम्मीद है, जिसमें बढ़ती कीमतें, खाद्य मुद्रास्फीति, अभूतपूर्व गर्मी के कारण मौतें और एनईईटी यूजी, एनईईटी पीजी, यूजीसी नेट सहित परीक्षा प्रशासन में हालिया अनियमितताएं शामिल हैं।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के नेता 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र के पहले दिन सोमवार को संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे और एकजुटता प्रकट की। कार्यवाही आरंभ होने से पहले विपक्षी गठबंधन के सांसद संसद परिसर में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। उन्होंने संविधान की रक्षा हम करेंगे और तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन सबसे पहले सदन के सदस्य के तौर पर शपथ ली और उन्होंने हिंदी में शपथ ली। उनके शपथ लेने के बाद सत्तापक्ष से कई सदस्यों ने 'जय श्रीराम' के नारे भी लगाए। हिंदी में शपथ लेने वालों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर शामिल थे। मंडी से सांसद कंगना रनौत ने हिंदी में शपथ ली।नागर विमानन मंत्री तथा तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सदस्य राममोहन नायडू और भाजपा सांसद एवं कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू में, जनता दल सेक्यूलर नेता और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में, जुएल ओरांव ने उड़िया में, सीआर पाटिल ने गुजराती में और सर्वानंद सोनोवाल ने असमिया में शपथ ग्रहण की।

### इस तरह खत्म हुआ पुराना लोकसभा सत्र

भारत में 17वीं लोकसभा सत्र 16 जून को खत्म हो गया था। हालांकि, इससे पहले ही निर्वाचन आयोग की ओर से नतीजे जारी कर दिए गए थे। इसके बाद से नए लोकसभा सत्र की शुरुआत मानी जाती है। सोमवार से शुरू हुआ लोकसभा सत्र पहला सत्र है, जो कि 3 जुलाई तक चलेगा। इस बीच 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदन को संबोधित करेंगी।

### किस सांसद ने सबसे पहली ली शपथ

संसद के लोकसभा सदन में सबसे पहले शपथ लेने वाले व्यक्ति भृतहरी मेहताब थे, जिन्होंने प्रोटेम स्पीकर पद के रूप में शपथ ली थी। वहीं, सोमवार को सबसे पहले शपथ लेने वाले सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ ली है।

### संविधान को कोई ताकत नहीं छू सकती: राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा सत्र के पहले दिन शपथ लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि देखिए, प्रधानमंत्री और अमित शाह संविधान पर जो हमला कर रहे हैं। वह हमें मंजूर नहीं हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। इसलिए हमने शपथ लेते वक्त संविधान की कॉपी को अपने साथ रखा था। कोई भी ताकत हिंदुस्तान के संविधान को नहीं छू सकती। मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हमारा संदेश लोगों तक पहुंच रहा है। इसके बाद उन्होंने मीडिया को संविधान की एक किताब भी दिखाई।

**कितने सांसदों ने ली शपथ**

*लोकसभा सदन में शुरुआती दो दिनों तक सांसदों को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाने का कार्यक्रम तय किया गया है। पहले दिन 280 सांसदों व अन्य सांसदों को मंगलवार को शपथ दिलाने का कार्यक्रम है।*

### शांतनु और सुकांतो ने बांग्ला में ली शपथ

शांतनु ठाकुर और सुकांतो मजूमदार ने बांग्ला में तथा सुरेश गोपी ने मलयालम में शपथ ली। गोवा से भाजपा के सदस्य तथा विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक और मध्य प्रदेश के बैतूल से सदस्य निर्वाचित हुए केंद्रीय आदिवासी कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने संस्कृत में शपथ ली। बिहार के शिवहर से जनता दल (यूनाइटेड) की सांसद लवली आनंद, मधुबनी से भाजपा सांसद अशोक कुमार यादव, झंझारपुर से जदयू के रामप्रीत मंडल और दरभंगा से भाजपा सदस्य गोपालजी ठाकुर ने मैथिली में शपथ ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री और नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा की सदस्य बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में शपथ ली।

---

**खबर संक्षेप**

### नौकरियों में 5 अंक के बोनस पर लगाई रोक



**चंडीगढ़।** हरियाणा में सरकारी भर्ती परीक्षा में सामाजिक-आर्थिक आधार पिछड़े उम्मीदवारों को 5 नंबर का बोनस अंक दिए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि यह असंवैधानिक है। बता दें कि हरियाणा सरकार ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट में कम आय वालों को यह आरक्षण दिया था।

### मॉल में टॉय ट्रेन पलटने से बच्चे की मौत



**चंडीगढ़।** एलांते मॉल में शनिवार देर रात बच्चों के लिए चलाई गई टॉय ट्रेन अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे ट्रेन के सबसे आखिरी वाले डिब्बे में बैठे बच्चे का सिर नीचे जमीन पर लगा और वह लहूलुहान हो गया। आनन-फानन बच्चे को सेक्टर-32 अस्पताल में ले जाया गया लेकिन बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने चालक व संचालकों पर केस दर्ज कर लिया है।

---

### मोदी 3.0 में नितिन गडकरी इस बार करने जा रहे यह बड़ा काम

# 30 हजार किमी हाईवे का प्लान 22 लाख करोड़ रुपये की मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मोदी सरकार अपने दो टर्म के रिपोर्ट कार्ड में हाइवेज और एक्सप्रेस के निर्माण का जिक्र करती रही है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्टर तैयार भी हुआ है। अब तीसरे कार्यकाल में भी एनडीए सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करने पर जो दे रही है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कैबिनेट से 22 लाख करोड़ रुपए के निवेश की मंजूरी मांगी है।

मंत्रालय का कहना है कि वह 2031-32 तक देश में 30,600 किलोमीटर हाइवे बनाएगा। यह प्लान वित्त मंत्रालय को सौंपा गया है। इस प्लान के मुताबिक, पूरे देश में 18 हजार किलोमीटर एक्सप्रेसवे और हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। इसके अलावा शहरों के आसपास 4 हजार किलोमीटर हाईवेज को जाममुक्त करने का भी प्लान है। वहीं सीमांत इलाकों में भी सड़क बनाने की योजनाएं हैं, जो रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम हैं।

मंत्रालय की योजना के मुताबिक, इसमें 25 फीसदी रकम प्राइवेट सेक्टर से आएगी। सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार, दो चरणों में योजना तैयार की गई है। पहले राउंड के तहत 2028-29 तक सभी टेंडर जारी हो जाएंगे और उन पर 2031 तक काम पूरा कर लिया जाएगा। इन प्रोजेक्ट्स में 22 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगेगी। मंत्रालय ने सालाना 10 फीसदी बजट आवंटन बढ़ाने की मांग की है। ताकि परियोजनाओं को समय पर सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

### *देश में 30,600 किमी के हाइवे*

- 18 हजार किलोमीटर एक्सप्रेसवे और हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने की तैयारी
- उप्र,महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में तेजी से तैयार हुआ इंफ्रास्ट्रक्चर



**अंतरिम बजट में हाईवेज मिनिस्ट्री को 2.78 लाख करोड**

*बता दें, सरकार ने अंतरिम बजट में हाईवेज मिनिस्ट्री को 2.78 लाख करोड़ का बजट आवंटित किया था। यह बीते वित्त वर्ष की तुलना में 2.7 फीसदी ज्यादा था। सड़क परिवहन मंत्रालय ने दूसरे चरण की जो योजना तैयार की है, उसके तहत 28,400 किलोमीटर हाइवे बनेगा। इस प्लान के तहत पूरी कार्ययोजना और टेंडर का काम 2033-34 तक निपटा लिया जाएगा और इन पर काम 2036-37 तक निपटा लिया जाएगा। हालांकि, इसको लेकर अभी तक किसी तरह के फंड की मांग नहीं गई है। पहले चरण का काम पूरा होने के बाद इस पर फोकस किया जाएगा। बता दें, सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के कामकाज को लेकर तारीफ होती रहती है। ऐसे में सरकार भी चाहती है कि हाइवेज पर काम तेजी से चलता रहे।*

---

### नड्डा ने खरगे को लिखा पत्र

# शराब को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड को लेकर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा। नड्डा ने इस मामले पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। जहरीली शराब से राज्य में कई लोगों की मौत हुई है।

पत्र में कहा कि तमिलनाडु में जहरीली शराब त्रासदी मानव जनित है। अगर द्रमुक-विपक्षी गठबंधन सरकार और अवैध शराब माफियाओं के बीच सांठगांठ नहीं होती तो शायद 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा, शराब त्रासदी के बाद कल्लाकुरिची के करुणापुरम गांव में चिताएं जलाने की भयावह तस्वीरों ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा, करुणापुरम में अनुसूचित जाति की आबादी काफी ज्यादा है, जो गरीबी और भेदभाव के कारण कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मैं हैरान हूं कि जब इतनी बड़ी आपदा आई है।

### एससी-एसटी के अधिकारों पर राहुल के उपदेश बंद हो गए

नड्डा ने आरोप लगाया कि अचानक संविधान और अनुसूचित जाति /अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण व अधिकारों को सुनिश्चित करने के बारे में राहुल गांधी के सभी उपदेश बंद हो गए हैं। नड्डा ने कहा, कार्रवाई करने का समय आ गया है। खोखले शब्द, फर्जी बयानबाजी और खोखले वादे द्रमुक-इंडि गठबंधन सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के पीड़ितों और उनके परिवारों पर किए गए अन्याय को खत्म नहीं करेंगे।

---

**उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध**

# केजरीवाल को मिलेगी जमानत या रहेंगे जेल में.. फैसला आज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आबकारी नीति मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भाग्य का फैसला आज होगा। केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे या नहीं इस मुद्दे पर हाई कोर्ट का फैसला मंगलवार को आएगा। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन दोपहर 2:30 बजे फैसला सुनाएंगे।

ईडी ने जमानत के विरोध में जवाब दाखिल कर दिया है। बता दें कि ईडी ने जमानत दिए जाने के फैसले के खिलाफ 21 जून को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जहां से राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश पर स्टे लग गया था। दूसरी तरफ केजरीवाल ने इस स्टे पर आज ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर सुनवाई भी हुई। सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए। हम आपको 26 जून को सुनेंगे। केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने जमानत आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध किया।

**ये है पूरा मामला**

दरअसल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने बीते शुक्रवार को इस पर अंतरिम रोक लगा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा था कि अगले आदेश तक जिस फैसले को चुनौती दी गई है, उसे अमल में नहीं लाया जा सकेगा। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को 24 जून तक लिखित दलील दाखिल करने को कहा था। जिस पर दोनों ओर से जवाब दाखिल कर दिए गए।

---

### ममता बेनर्जी की पीएम मोदी से दो टूक

**तीन नए कानून 1 जुलाई से लागू करने के बजाय पटल पर लाऐं**

# बंगलादेश से नदी के जल बंटवारे की बातचीत में बंगाल को भी करें शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर दो बातें स्पष्ट रूप से रखी । उन्होंने बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ तीस्ता और गंगा नदी जल बंटवारे पर बात हुई उस बातचीत में पश्चिम बंगाल को भागीदारी निभाने का मौका नहीं दिया गया जब कि ये पश्चिम बंगाल का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार ऐसी बातचीत को स्वीकार नहीं करेगी। ममता बेनर्जी ने कहा कि मुझे पता चला है कि भारत और बंगलादेश के बीच फरक्का-ट्रीटी (1996) को पुनः बहाल करने की योजना पर काम चल रहा है। दोनों देशों के बीच हुए नदी जल बंटवारे का समझौता वर्ष 2026 में खत्म हो रहा है।

दूसरे मसले पर उन्होंने प्रधानमंत्री से इस बात का अनुरोध किया कि आगामी एक जुलाई से लागू होने वाले नये कानूनों को सदन पटल पर रखकर उस पर पहले बहस करायें। उसे सदन से बहस के बाद पास करायें। फिर लागू करें। आखिरकार फेडरल स्ट्रक्चर में सरकारें ऐसे ही काम करती हैं। तणमूल कांग्रेस के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से इस बात का भी जिक्र किया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की उस बात से सहमत हूं कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे बेहद महत्वपूर्ण कानूनों को पिछले संसदीय सत्र मे उस समय पास करा लिया गया था जब विपक्ष के 146 सांसदों को सदन से उठाकर मार्शल के द्वारा बाहर कर दिया गया था। बिना विपक्ष के, बिना बहस के ऐसे संवेदनशील कानूनों को लागू नहीं करने चाहिए। ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री से निवेदन किया कि कानूनों को संसद में बहस के बाद ही लागू कराने का विचार किया जाए।

**खास बातें**

- तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने तीनों कानून पर पहले ही लिखा है पीएम को पत्र
- नवीन पटनायक के बदले तेवर से विपक्षी कुनबा हुआ मजबूत

### विपक्ष की तरह बर्ताव करना है

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजू जनता दल के एक वरिष्ठ सांसद ने हरिभूमि से बातचीत में स्पष्ट कहा, बीजद के सभी सांसदों को नवीन बाबू ने साफ आदेश दिया है कि विपक्ष की तरह संसद में बर्ताव करना है। पहले मुद्दा आधारित भाजपा को बीजद संसदीय दल समर्थन करता रहा है। बलदे हालात में जाहिर है कि विपक्ष को ताकत मिलेगी। शह और मात पक्ष और विपक्ष के बीच लोकसभा के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव के वक्त होना है। उसके बाद नीट, नेट परीक्षा के बवाल से लेकर महंगाई जैसे मुद्दो से लैस विपक्ष की तरकश में कई तीर तो पहले से हें।

# पहले से कहीं अधिक मजबूत समूह, सर्वश्रेष्ठ आना बाकी : अदाणी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

## बंदरगाह से लेकर ऊर्जा कारोबार से जुड़ा है समूह

■ समूह ने दिया सबसे कम कर्ज अनुपात का हवाला

जाने-माने उद्योगपति गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि उनका बंदरगाह से लेकर ऊर्जा कारोबार से जुड़ा समूह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है और इसका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। उन्होंने रिकॉर्ड कमाई, नकदी की मजबूत स्थिति और सबसे कम कर्ज अनुपात का हवाला देते हुए यह बात कही। अदाणी ने कहा कि भारत 2032 तक 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और बुनियादी ढांचे के 20-25 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,500 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। 'ऐसे में अदाणी समूह एक बुनियादी ढांचा कंपनी होने के नाते आने वाले इस अवसर का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है।'

### नवीकरणीय ऊर्जा पार्क का विकास

अदाणी ने गुजरात के खावड़ा में अपने समूह द्वारा विकसित किए जा रहे 30 गीगावाट (30,000 मेगावाट) क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा पार्क का उल्लेख किया। यह सौर पार्क बेल्जियम और स्विट्जरलैंड जैसे देशों को बिजली देने के लिए पर्याप्त होगा। धारावी पुनर्विकास का जिक्र किया जो दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती में आमूल-चूल बदलाव लाएगा।



### हमने 45 फीसदी की वृद्धि हासिल की

अदाणी ने कहा, 'हमने जो कदम उठाया, उसके परिणाम वित्तीय आंकड़ों में दिखते हैं। हमने 2023-24 में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। हमने 82,917 करोड़ रुपये यानी लगभग 10 अरब डॉलर का अपनी उच्चतम कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) अर्जित की। इसमें 45 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### अदाणी हुए 62 साल के

समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. के शेयरधारकों की सालाना बैठक में उन्होंने पिछले साल अमेरिकी निवेश और शोध कंपनी की रिपोर्ट के बाद आए अभूतपूर्व संकट का जिक्र किया। सोमवार को 62 साल के हुए अदाणी ने कहा, हमें एक विदेशी निवेश और 'शॉर्ट सेलर' कंपनी के निराधार आरोपों का सामना करना पड़ा।

### अदाणी ने हिंडनबर्ग के आरोपों से किया था इंकार

हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह पर शेयरों के मूल्य में हेराफेरी, अकउंटिंग के स्तर पर धोखाधड़ी, मुखौटा कंपनियों का एक जटिल जाल बनाकर नियमों की अनदेखी कर समूह की कंपनियों में निवेश करने जैसे आरोप लगाये।

## खबर संक्षेप

### सोने में 120 रुपये की गिरावट चांदी 400 रुपये टूटी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सोना 120 रुपये के नुकसान के साथ 73,480 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव के मुकाबले 400 रुपये की गिरावट के साथ 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी।

### एलएंडटी को बिहार में मिला सौर संयंत्र का ठेका

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलएंडटी को बिहार में ग्रिड से जुड़े सौर संयंत्र और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनाने का महत्वपूर्ण ऑर्डर मिला है। अनुबंध का मूल्य 1,000 करोड़ रुपये से 2,500 करोड़ के बीच होता है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में कहा कि यह ठेका एलएंडटी के बिजली पारेषण और वितरण खंड को मिला है।

### सॉस डॉट वीसी और रण विजय सिंघा ने बेवरिज ब्रांड रॉकिट में किया निवेश

**मुंबई।** अनुभवी एफएमसीजी फाउंडर और प्रोफेशनल वेदांत गर्ग द्वारा स्थापित नई पीढ़ी के बेवरिज ब्रांड रॉकिट ने सॉस डॉट वीसी और रणविजय सिंघा की अगुवाई में छह करोड़ रुपये का प्री-सीड निवेश जुटाया है। भारत में कंज्यूमर प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियों में शुरुआती चरण में निवेश करने वाले सबसे सफल निवेशकों में से एक सॉस डॉट वीसी ने रॉकिट में आइडिया स्टेज में निवेश किया है। सॉस डॉट वीसी मार्केट गैप की पहचान करने और बेवरिज इंडस्ट्री में बिल्कुल नए तरह का ब्रांड स्थापित करने के लिए रॉकिट के मैनेजमेंट के साथ मिलकर काम कर रहा है। एनर्जी ड्रिंक ऑफर करने वाली कंपनी अभी पूरे देश में विभिन्न प्लेटफॉर्म पर अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

### रिटेलर 3000 मीट्रिक टन तक गेहूं का स्टॉक रख सकते हैं

# केंद्र ने गेहूं पर भंडारण सीमा लगाई, कीमतों पर नियंत्रण के लिए आयात शुल्क घटाने पर विचार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

*केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इस पहल का मकसद जमाखोरी को रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी।*

केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया और कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए जरूरत पड़ने पर खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी सहित अन्य नीतिगत विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40 प्रतिशत आयात शुल्क है।

- गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 तक वैध रहेगी
- पहल का मकसद जमाखोरी को रोकना व कीमतों पर काबू पाना है
- गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने से केंद्र ने किया इंकार



### देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता

निर्णय की घोषणा करते हुए केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और खाद्यान्न की जमाखोरी को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### गेहूं की कमी सिर्फ 3 लाख टन सिर्फ

चोपड़ा ने समझाया कि इसलिए गेहूं की कमी (शुरुआती स्टॉक में) सिर्फ 3 लाख टन का ही है। खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, जो लगभग 184 लाख टन है, आवश्यकतानुसार बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

### सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के लिए लागू

यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है।



### तुअर व चना दाल पर भी स्टॉक सीमा लगी

चोपड़ा ने कहा, 'मैं देश में गेहूं की कमी को दूर करना चाहता हूं...हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें।' पिछले हफ्ते केंद्र ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी।

### आदेश आज से ही प्रभावी

यदि उनके पास मौजूद स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है तो उन्हें इस अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों के भीतर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा। एक सरकारी बयान के अनुसार लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है।

### हर शुक्रवार को स्टॉक की घोषणा करनी होगी

चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को एक पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी।

### एलन टैलेंटेक्स लॉच, 30 जून तक आवेदन करने पर रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 प्रतिशत का लाभ

**नई दिल्ली।** देश की प्रसिद्ध प्रतिभा खोज परीक्षा एलन टैलेंटेक्स-2025 की घोषणा दिल्ली में एलन के नोएडा सेक्टर-62 स्थित कैम्पस में बुकलेट, वेबसाइट व पोस्टर विमोचन के साथ की गई। इस अवसर पर एलन के जोनल हैड एंड वाइस प्रसीडेंट अमित मोहन अग्रवाल मौजूद रहे।अग्रवाल ने कहा कि इस परीक्षा में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में होने वाली इस परीक्षा में कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। एलन टैलेंटेक्स के लिए 30 जून तक आवेदन करने पर रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 प्रतिशत का लाभ दिया जा रहा है। ऑनलाइन एग्जाम 5 से 20 अक्टूबर के मध्य विभिन्न स्लॉट में परीक्षा होगी। वहीं ऑफलाइन परीक्षा 13 अक्टूबर को होगी। स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए तक की एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दी जाएगी। टैलेंटेक्स ऑफलाइन में 4750 कैश प्राइज तथा ऑनलाइन में 10500 कैश प्राइज दिए जाएंगे। इसके साथ ही एलन क्लासरूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकतें हैं। टेलेंटेक्स के लिए आवेदन पत्र दिल्ली में विभिन्न लोकेशंस पर स्थित एलन कैम्पस में ऑफलाइन आवेदन के लिए फार्म उपलब्ध है।परीक्षा में वे स्टूडेंट्स भी शामिल हो सकते हैं जो एलन के क्लासरूम कोर्स में प्रवेश ले चुके हों। विद्यार्थी को **www.tallentex.com** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। ऑफलाइन फॉर्म मिलना शुरू हो चुके हैं। परीक्षा का परिणाम व पुरस्कार वितरण की घोषणा नवम्बर माह सक्सेस पॉवर सेशन के रूप में होगी। प्रेक्टिस पेपर्स निशुल्कटेलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रेक्टिस के लिए स्टूडेंट्स को टेस्ट पेपर्स वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए गए हैं, जो स्टूडेंट्स के लिए मददगार हो सकते हैं। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी का होगा। एग्जाम पैटर्न और सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। टैलेंटेक्स में परीक्षा के माध्यम से स्टूडेंट्स न केवल अपने विषय के चयन में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** 27 वर्ष, **रंग:** गेहुँआ, **कद:** 5'7'', जिसने आसमानी रंग का टी–शर्ट और काले रंग का लोअर पहना था, जो दिनांक 18.06.2024 को सुबह 5:06 बजे गली नं. 1, गौतम विहार, दिल्ली में मिला जिसे जेपीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ ईलाज के दौरान डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 19ए, दिनांक 18.06.2024 को थाना न्यू उस्मानपुर, दिल्ली** में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना न्यू उस्मानपुर, दिल्ली**
**DP/8007/NE/2024** **फोन: 8178441201, 8750870722**

## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 36 साल, **कद:** 5'9'', **रंग:** गेहुंआ जिसने हल्के ग्रे रंग की कमीज और ग्रे रंग का लोअर पहना हुआ था। जो नेपाली पार्क रिंग रोड, हनुमान मंदिर के नजदीक, कश्मीरी गेट, दिल्ली में मृत पाया गया इस संबंध में डी.डी. संख्या 59ए दिनांक 20.06.2024 को थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष: थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली**
**दूरभाष सं.: 011-23967889, 23968730, 8750870123**
**DP/7890/N/2024**


### ब्रिटानिया के तारातला संयंत्र में वीआरएस योजना स्वीकार

**कोलकाता।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कोलकाता के तारातला कारखाने के सभी स्थायी कर्मचारियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) स्वीकार कर ली है। स्थायी कर्मियों द्वारा वीआरएस स्वीकार किये जाने से कंपनी के कारोबारी परिचालन पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने हाल ही में तारातला संयंत्र के सभी स्थायी कर्मचारियों के वीआरएस स्वीकार करने की जानकारी शेयर बाजार को दी थी।


## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**


# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 131 अंक मजबूत

एजेंसी ▸▸| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 131 अंक की बढ़त में रहा। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बिजली, वाहन और पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आयी। कारोबारियों के मुताबिक, इस सप्ताह वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के मासिक निपटान से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली दबाव देखा गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 131.18 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,341.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 36.75 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,537.85 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'इस सप्ताह वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के मासिक निपटान से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और प्रमुख सूचकांक शुरूआती कारोबार में तेजी से गिरने के बाद हल्की मजबूती के साथ बंद हुए।



■ निफ्टी में भी 37 अंक की बढ़त दर्ज

### इन शेयरों में लाभ दर्ज

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### नुकसान में रहे शेयर

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

## राशिफल

**मेष** – वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** – माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** – स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** – वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** – कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** – कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को सौंपा 857 करोड़ का लाभांश

**पुणे।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) देश के सार्वजनिक क्षेत्र का प्रमुख बैंक है। बैंक ने शुक्रवार को माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए रु. 857.16 करोड़ का लाभांश प्रदान किया। शनिधु सक्सेना, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की उपस्थिति में लाभांश सौंपा। इस अवसर पर आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक और संतोष दुलार. प्रभारी एनबीसीए, बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी उपस्थित थे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्तीय वर्ष 24 के लिए रुपये 1.40 प्रति इक्विटी शेयर (14 प्रतिशत) लाभांश की घोषणा की। यह लाभांश भुगतान वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक के उल्लेखनीय वित्तीय कार्य-निष्पादन को दर्शाता है। बैंक का निवल लाभ पिछले वित्तीय वर्ष के रू. 2602 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 55.84% बढ़कर रु. 4055 करोड़ हो गया।बैंक ऑफ महाराष्ट्र निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और मजबूत बुनियादी संकेतकों के साथ कुल व्यवसाय और जमाराशि संग्रहण के मामले में पीएसबी की सूची में शीर्ष स्थान पर रहा है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जमाराशि संग्रहण में 15.66% की वृद्धि और कुल व्यवसाय में 15.94% की वृद्धि दर्ज की।बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वर्ष-दर-वर्ष उल्लेखनीय वित्तीय कार्य-निष्पादन करते हुए बैंकिंग क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता प्रदर्शित की है। बैंक ने निरंतर बाजार की बदलती परिस्थितियों के प्रति अनुकूलता और स्वीकार्यता दर्शायी है, जिससे यह सेवा प्रदान करने और ग्राहक संतुष्टि के मामले में अग्रणी रहा है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रदर्शन उसके कर्मचारियों के समर्पण और प्रयासों के साथ-साथ बैंक द्वारा लिए गए रणनीतिक निर्णयों और परिचालन नीतियों की प्रभावशीलता को भी दर्शाता है।

### मेटा एआई अब भारत में व्हाट्सएप, फेसबुक व मैसेंजर पर भी उपलब्ध

**नई दिल्ली।** मेटा ने भारत में अपने एआई असिस्टेंट 'मेटा एआई' को व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम और मेटा.एआई पोर्टल पर उपलब्ध कराने की घोषणा की है। सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इसके साथ लोग अब मेटा एआई का इस्तेमाल उसके विभिन्न ऐप पर फीड्स और चैट में कर अपना काम पूरा कर सकेंगे, सामग्री बना सकेंगे और किसी विषय में गहराई तक जा सकेंगे और इसके लिए उन्हें उस ऐप से हटना नहीं होगा, जिसका वे इस्तेमाल कर रहे हैं। मेटा एआई दुनिया के अग्रणी एआई असिस्टेंट में से है। अब व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम और मेटा.एआई पर यह उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि इसे मेटा लियामा 3 के साथ बनाया गया है, जो हमारा अब तक का सबसे उन्नत एलएलएम है। मेटा ने इसे भारत में अंग्रेजी और हिंदी में पेश करने की घोषणा की है। पहली बार कनेक्ट में आई मेटा ने पिछले साल पहली बार 'कनेक्ट' में मेटा एआई की घोषणा की थी।



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि व बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी करनाल | 12-सेक्टर-12-I, यू.ई. करनाल में पेवमेंट्स का निर्माण "सभी प्रकार से पूर्ण 175 मिमी मोटी जीएसबी, 60 मिमी मोटी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान व बिछाने समेत तीन वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी/रखरखाव अवधि" + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.07.2024 | 199.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842267454 xenhsvpkarnal1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2025/40/27108/I/88/7 दि. 24.06.24


## शब्द पहेली - 5552




**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -5551 का हल





## पेगुला बनीं बर्लिन लेडीज ओपन क्वीन

**बर्लिन।** जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7 (0), 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और कॅरियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है।



ग्रास कोर्ट पर अपने कॅरियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा, 'मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया। फाइनल में बेहद करीबी मैच में जीत दर्ज करना शानदार रहा।' पेगुला ने इससे पहले सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराया था।

## सिनर ने जीता हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट

**हाले।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6 (8), 7-6 (2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा, 'मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।' सिनर पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें नोवाक जोकोविच से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था।




## टॉमी पॉल बने क्वींस क्लब टेनिस चैंपियन

**लंदन।** अमेरिका के टॉमी पॉल ने क्वींस क्लब टेनिस में फाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेटी को 6-1, 7-6 से हराकर अपना तीसरा एटीपी खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज पॉल विम्बलडन से पहले घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट को 2010 में सैम क्वेरी के बाद जीतने वाले दूसरे अमेरिकी खिलाड़ी है।



वह इसके साथ ही जॉन मैकेनरो, जिमी कॉनर्स और पीट सैम्प्रास जैसे अपने देश के दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए जो यहां चैंपियन रहे हैं। विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज मुसेटी टूर स्तर की दो प्रतियोगिताओं को जीतकर यहां पहुंचे थे। घसियाले कोर्ट पर यह उनका पहला फाइनल मुकाबला था। इस जीत के बाद वह टेलर फ्रिट्ज को पछाड़कर अमेरिका के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### हम काफी कुछ सीखकर जा रहे हैं

**ब्रिजटाउन।** अमेरिका का टी20 विश्व कप में स्वर्णिम अभियान भले ही सुपर 8 में थम गया लेकिन उसके बल्लेबाज कोरी एंडरसन ने कहा कि उनकी टीम को इस टूर्नामेंट से काफी कुछ सीखने को मिला। अमेरिका ने टूर्नामेंट के पहले दौर में पाकिस्तान को हराया था तथा भारत के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन सुपर 8 चरण में उसे दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा।

### जमशेदपुर ने कोच का अनुबंध दो साल बढ़ाया

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग । की टीम जमशेदपुर एफसी ने मुख्य कोच खालिद जमील की सेवाओं को अगले दो वर्षों के लिए बरकरार रखने की सोमवार को घोषणा की। एएफसी प्रो लाइसेंस धारी कोच खालिद 2017 में सुर्खियों में आए थे जब उनकी देखरेख में आइजोल एफसी ने आई-लीग का खिताब जीता था। उन्होंने पिछले सत्र के मध्य में जमशेदपुर के मुख्य कोच का पदभार संभाला था। जब वह टीम से जुड़े थे उस समय जमशेदपुर एफसी अपने 11 में से केवल दो मैच जीत सका था। उनकी नियुक्ति के बाद टीम के प्रदर्शन में सुधार आया।

### पीसीबी में आमूलचूल बदलाव की तैयारी

**कराची।** अमेरिका में टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के लचर प्रदर्शन के बाद देश के क्रिकेट बोर्ड में बदलाव की तैयारी है। खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता बनाने की तैयारी भी की जा रही है जो टूर्नामेंट के दौरान अपने परिवारों को साथ ले जाने और पैसे लेकर प्रचार कार्यक्रमों में जाने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं।

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए शुभमन गिल कप्तान

**नई दिल्ली।** युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिए पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा जिसमें पांच टी20 मैच खेले जाएंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी20 विश्व कप में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है।

**भारतीय टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

# रोहित का तूफानी अर्धशतक, ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत शान से सेमीफाइनल में

## वनडे वर्ल्डकप का बदला पूरा, कंगारुओं को 24 रन से मात दी

एजेंसी ▶▶ ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)

कप्तान रोहित शर्मा के तूफानी अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत सुपर आठ के अपने तीनों मैच जीतकर छह अंक के साथ शीर्ष पर रहा और सेमीफाइनल में 27 जून को इंग्लैंड से भिड़ेगा। ग्रुप एक से अब भी ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश तीनों के पास अंतिम चार के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। भारत के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (76 रन, 43 गेंद, नौ चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और उनकी कप्तान मिशेल मार्श (37) के साथ दूसरे विकेट की 81 और ग्लेन मैक्सवेल (19) के साथ तीसरे विकेट की 41 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 181 रन ही बना सका। भारत की तरफ से अर्शदीप ने 37 रन देकर तीन जबकि कुलदीप यादव ने 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) और जसप्रीत बुमराह (29 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। रोहित ने इससे पहले 41 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों से 92 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे भारत ने पांच विकेट पर 205 रन का मौजूदा टूर्नामेंट का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने ऋषभ पंत (15) के साथ दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 38 गेंद में 87 रन की साझेदारी की। सूर्यकुमार यादव (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (नाबाद 27) ने भी उपयोगी पारियां खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और मार्कस स्टोइनिस ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। स्टार्क ने 45 जबकि स्टोइनिस ने 56 रन लुटाए। जोश हेजलवुड ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर एक विकेट चटकाया। पैट कमिंस ने भी चार ओवर में 48 रन खर्च किए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहले ओवर में ही डेविड वार्नर (06) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने अर्शदीप की गेंद पर सूर्यकुमार को कैच थमाया।

मार्श और सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने इसके बाद पावर प्ले में स्कोर एक विकेट पर 65 रन तक पहुंचाया। मार्श को अर्शदीप ने अपनी ही गेंद पर जीवनदान दिया जिसका फायदा उठाकर उन्होंने इसी ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा।




### भारत-205/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा बो स्टार्क | 92 |
| कोहली का डेविड बो हेजलवुड | 00 |
| पंत का हेजलवुड बो स्टोइनिस | 15 |
| सूर्यकुमार का वेड बो स्टार्क | 31 |
| दुबे का वार्नर बो स्टोइनिस | 28 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 27 |
| रविंद्र जडेजा नबाद | 09 |

अतिरिक्त: 03
कुल:20 ओवर में पांच विकेट पर: 205 रन
विकेट पतन: 1-6, 2-93, 3-127, 4-159, 5-194
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-45-2, हेजलवुड 4-0-14-1, कमिंस 4-0-48-0, जंपा 4-0-41-0, स्टोइनिस 4-0-56-2

### ऑस्ट्रेलिया-181/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| वार्नर का सूर्यकुमार बो अर्शदीप | 06 |
| ट्रेविड हेड का रोहित बो बुमराह | 76 |
| मिशेल का अक्षर बो कुलदीप | 37 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो कुलदीप | 19 |
| स्टोइनिस का पंड्या बो अक्षर | 02 |
| डेविड का बुमराह बोअर्शदीप | 15 |
| मैथ्यू का कुलदीप बो अर्शदीप | 01 |
| पैट कमिंस नाबाद | 11 |
| मिशेल स्टार्क नाबाद | 04 |

अतिरिक्त: 09
कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 181 रन
विकेट पतन: 1-6, 2-87, 3-128, 4-135, 5-150, 6-153, 7-166
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-37-3, बुमराह 4-0-29-1, अक्षर 3-0-21-1, पंड्या 4-0-47-0, कुलदीप 4-0-24-2, जडेजा 1-0-17-0

## दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, वेस्टइंडीज बाहर



एजेंसी ▶▶ नॉर्थ साउंड

दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। अफ्रीका ने सुपर 8 में अपने तीनों मैच जीते और इस तरह से ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। वह अन्य मेजबान अमेरिका को 10 विकेट से हराकर पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था। स्पिनर तबरेज शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (एक विकेट) और कप्तान मार्कराम (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए।

### बांग्लादेश-अफगानिस्तान में मुकाबला आज


**किंग्सटाउन।** पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत अभी ग्रुप में शीर्ष पर काबिज है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश का नंबर आता है।

## डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी का अहम योगदान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ज्योति चौहान, एमके काशमीना और किरण पिस्दा की भारतीय तिकड़ी ने जेडएनके डिनामो जगरेब को क्रोएशियाई महिला फुटबॉल कप दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह इस क्लब का क्रोएशिया के शीर्ष स्तर के महिला फुटबॉल का पहला बड़ा खिताब है।

मणिपुर की 25 साल की कशमीना ने 19 बार की चैंपियन टीम ओसिजेक के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूट ऑफ के आखिरी मौके को गोल में बदल कर टीम को 5-4 से जीत दिलाई। डिनामो जगरेब ने पिछले दो सत्र में चार भारतीय खिलाड़ियों को मौका दिया है जिसमें ज्योति और सौम्या गुगुलोथ 2022 में इस टीम से जुड़ी थी जबकि किरण और कश्मीना बाद भी यहां आयी। कशमीना ने 'एआईएफएफ डॉट कॉम' से कहा, 'जिस तरह से हमने यह कप जीता वह विशेष था। हमारे क्लब ने इसे पहले कभी नहीं जीता था, यह काफी यादगार था।'






## भारतीय स्क्वाश टीम का चयन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की 11 सदस्यीय टीम इस्लामाबाद में मंगलवार से शुरू हो रही 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेगी। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में नौ खिलाड़ियों को अपने-अपने आयु-समूह वर्ग में शीर्ष-10 में वरीयता दी गई है। शिवेन अग्रवाल और आद्या बुधिया को क्रमशः लड़कों के अंडर-15 और लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में दूसरी वरीयता मिली है।

**भारतीय टीम :** बालक वर्ग: अंडर-17: युशा नफीस; अंडर-15: शिवम अग्रवाल, लोकेश सुब्रमणि; अंडर-13: ध्रुव बोपन्ना। बालिका वर्ग: अंडर-19: निरुपमा दुबे , शमीना रियाज; अंडर-17: उन्नति त्रिपाठी; अंडर-15: अनिका दुबे , दिवा शाह; अंडर-13: आद्या बुधिया, गौसिका एम।

## अदिति और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई





**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिए। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया था। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा के लिए यह दूसरा मौका होगा तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे। ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति ने ही किया है। वह टोक्यो ओलंपिक में पदक से चूक कर चौथे स्थान पर रही थी। ओलंपिक प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं।

पेरिस ओलंपिक 24 जुलाई से

# भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमों ने हासिल किए ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया। भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा। ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालिफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।




### तरुणदीप, दीपिका का चौथा ओलंपिक

अनुभवी तीरंदाज तरुणदीप रॉय और दीपिका कुमारी रिकॉर्ड चौथी बार ओलंपिक में चुनौती पेश करेंगे।सेना के 40 साल के दिग्गज तरुणदीप ने 2004 में एथेंस ओलंपिक में पहली बार देश का प्रतिनिधित्व किया था। जबकि दीपिका का यह लगातार चौथा ओलंपिक होगा। उन्होंने 2012 में लंदन में पहली बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था। धीरज बोम्मदेवरा, अंकिता भकत और भजन कौर ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जबकि प्रवीण जाधव का टोक्यो के बाद यह लगातार दूसरा ओलंपिक खेल होगा।


**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात, जिसकी **उम्र** करीब 40 वर्ष, **कद:** 5'5", **चेहरा:** वर्गाकार, **रंग:** सांवला, **शरीर:** कमजोर, **बाल:** लंबे काले, **दाढ़ी:** काली, जिसने नीले रंग की टी-शर्ट, काले रंग का पजामा जो कि गंदी हालत में है और नंगे पैर है। जो कि 19.06.2024 को शाम 5:08 बजे पर डीटीसी रोड, राजघाट के पास, दरियागंज, दिल्ली में बेहोशी की अवस्था में मिला। जिसे पीसीआर के द्वारा एलएनजीपी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। जिसके मृत शरीर को एमएएमसी अस्पताल के शवगृह, दिल्ली में 72 घंटो के लिए पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **GD No. 64A दिनांक: 19.06.2024 u/s 174 Cr.PC** थाना दरियागंज, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना: दरियागंज, दिल्ली**
फोन नं. 011-23279331, 23274683
दि.पु./8018/केंद्रीय जिला/2024 मो.: 8750870421



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि/बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू-सीपीएएस गुरुग्राम में फर्नीचर अर्थात डबल बैड, तकिये, स्टडी टेबल, कुर्सियां, मीडिया यूनिट इत्यादि का प्रावधान। | 20.06.2024 10.07.2024 | 8.26 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27105/I/88/7 दि. 24.06.24




रॉकेट को पूरी तरह से ऑपरेशनल होने के बाद मिलेगा दर्जा

# अगले महीने इसरो लॉन्च करेगा नया रॉकेट...छोटे सैटेलाइट्स के बाजार में बन जाएगा 'सुप्रीम लीडर'


इसरो अपने छोटे रॉकेट की तीसरी और अंतिम डेवलपमेंटल उड़ान के लिए तैयार है। यह लॉन्च 10 जुलाई 2024 के आसपास होगी। इस रॉकेट की उड़ान से भारत सस्ती लॉन्चिंग की दुनिया में ऊंची छलांग लगा लेगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 10 जुलाई 2024 के आसपास अपने स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल की तीसरी डिमॉन्सट्रेशन डी-3 उड़ान करने जा रहा है। यह रॉकेट इसलिए बनाया गया है ताकि मिनी, माइक्रो और नैनो सैटेलाइट्स की लॉन्चिंग की जा सके। वह भी कम कीमत में इस लॉन्चिंग के बाद ररछ को पूरी तरह से ऑपरेशनल रॉकेट का दर्जा मिल जाएगा। साथ ही भारत दुनिया में सबसे सस्ती लॉन्चिंग के मामले में







ऊंची उड़ान भर लेगा। इससे पहले इस रॉकेट के दो उड़ान हो चुके हैं। पहली उड़ान एसएसएलवी-डी-1 7 अगस्त 2022 को हुई थी। हालांकि मिशन में कुछ टारगेट अचीव नहीं हुए थे।

फिर अगली उड़ान यानी एसएसएलवी-डी-2 10 फरवरी 2023 को की गई थी। इसमें तीन सैटेलाइट भेजे गए थे। ईओएस -07, जानूस-1- और आज़ादीसैट-2 इन सैटेलाइट्स को 15 मिनट के अंदर ही तय 450 किलोमीटर ऊंची गोलाकार ऑर्बिट में तैनात कर दिया गया था। इसी सफलता के बाद इसरो ने तीसरी उड़ान का फैसला लिया।

### तमिलनाडु में बन रहा है नया स्पेसपोर्ट

*इस रॉकेट की लॉन्चिंग के लिए अलग से स्मॉल सैटेलाइल लॉन्च कॉम्प्लेक्स (एसएसएलसी) बनाया जा रहा है। तमिलनाडु के कुलाशेखरापट्नम में नया स्पेसपोर्ट बन रहा है। फिर एसएसएलवी की लॉन्चिंग वहीं से होगी। एसएसएलव्ही की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि छोटे सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के लिए पीएसएलवी के बनने का इंतजार करना पड़ता था। वो महंगा भी पड़ता था। उन्हें बड़े सैटेलाइट्स के साथ असेंबल करके भेजना होता था।*

## खबर संक्षेप

### बोहरी कदल में भीषण आग से मचा हड़कंप



**श्रीनगर।** श्रीनगर के बोहरी कदल में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग इतनी भयानक थी कि ऊंची-ऊंची लपटें आसमान को छू गई। इस घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। अभी तक आग पर काबू नहीं पाया गया है। लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। हालांकि आग के कारणों का अभी तक पता नहीं लग पाया है।श्रीनगर के बोहरी कदल में स्थित मस्जिद शरीफ और एक व्यावसायिक ढांचे में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसकी ऊंची-ऊंची लपटें आसमान को छू रही हैं।

### युद्ध समाप्त समझौते पर सहमत नहीं होंगे: नेतन्याहू



**तेल अवीव।** गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए जब इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल 'आंशिक' युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया। नेतन्याहू ने कहा गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए है। 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं ।

बाबा बर्फानी की यात्रा 29 जून से शुरू होकर 29 अगस्त को समाप्त होगी

# एडीजीपी ने उच्च अधिकारियों व सुरक्षा बलों के साथ की बैठक

एजेंसी ▶▶ कश्मीर

एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) और एसडीआरएफ के सह कमांडेंट जनरल विजय कुमार ने आईजीपी कश्मीर वीके बिरदी और अन्य अधिकारियों के साथ 29 जून से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर समीक्षा बैठक की। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने वाली है और इस साल 29 अगस्त को समाप्त होगी। वहीं, आगामी वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में 26 जून से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो रही है।

**शीर्ष अधिकारियों ने उपकरणों का निरीक्षण किया:** एक अधिकारी ने बताया कि शीर्ष अधिकारियों ने उपकरणों का निरीक्षण भी किया और यात्रा से पहले टीमों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके साथ डीआईजी दक्षिण कश्मीर, डीआईजी सशस्त्र, कमांडिंग ऑफिसर एनडीआरएफ और कमांडिंग ऑफिसर एसडीआरएफ भी थे।

उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस की 13 टीमों, एसडीआरएफ की 11 टीमों, एनडीआरएफ की 8 टीमों, बीएसएफ की 4 टीमों और सीआरपीएफ की 2 टीमों को अधिकारियों ने जानकारी दी और उन्हें यात्रा मार्गों पर आगे की तैनाती के लिए रवाना कर दिया गया।





### श्री अमरनाथ यात्रा के लिए करवाएं तत्काल पंजीकरण

*वहीं दूसरी ओर श्री अमरनाथ यात्रा को जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि यात्रा के लिए जम्मू में 26 जून से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो रही है। जिसके लिए पांच पंजीकरण केंद्र बनाए गए हैं और इनमें से दो केंद्र साधुओं के लिए आरक्षित रहेंगे। चूंकि बड़ी संख्या में साधु यात्रा में शामिल होते हैं। ऐसे में शहर के गीता भवन व राम मंदिर में पंजीकरण के साथ ठहरने व खाने-पीने की व्यवस्था की गई है।*

### दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु एडवांस पंजीकरण करा चुके

दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु एडवांस पंजीकरण करा चुके हैं। तत्काल पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं की संख्या उपलब्ध कोटे के आधार पर होगी और यह पूरी तरह पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी। अर्थात पहले से पंजीकृत श्रद्धालुओं को अवसर मिलने के बाद कोटा प्रतिदिन जारी किया जाएगा और उस कोटा के आधार पर श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं व साधु-संतों की स्वास्थ्य जांच होगी

इसके अतिरिक्त तत्काल पंजीकरण के दौरान ही इन श्रद्धालुओं व साधु-संतों की मौके पर स्वास्थ्य जांच होगी और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र मिलने पर ही यात्रा पंजीकरण होगा। पंजीकरण करवाने के लिए श्रद्धालु अपनी पहचान के लिए आधार कार्ड लाना न भूलें, मेडिकल जांच मौके पर ही होगी। यह सुविधा उन सब श्रद्धालुओं को राहत देगी जो पंजीकरण कराने से चूक गए हैं।

मोदी सरकार का बड़ा फैसला

# अब सरोगेसी से मां बनने वाली महिलाओं को 6 महीने की छुट्टी

50 साल पुराने नियम में संशोधन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरोगेसी से मां बनने वाली महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। अब सरकारी महिला कर्मचारी सरोगेसी से मां बनने पर भी छह महीने का मातृत्व अवकाश ले सकेंगी। केंद्र सरकार ने इस मामले में 50 साल पुराने नियम में संशोधन कर दिया है। सरोगेसी का मतलब किराए पर ली गई कोख के जरिए बच्चे को जन्म देना होता है। केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियमावली, 1972 में किए गए बदलावों के मुताबिक मां (सरोगेसी के जरिए पालने वाली मां) बच्चे की देखभाल के लिए अवकाश ले सकती है। इतना ही नहीं, पिता 15 दिन का पितृत्व अवकाश ले सकता है। केंद्र सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार सरोगेसी के जरिए बच्चों को जन्म देने वाली मां और बच्चों को अपनाने वाले माता-पिता की छुट्टियों की जरूरत को देखते हुए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।

# पिछले साल पासपोर्ट आवेदकों का मासिक आंकड़ा पहुंचा 14 लाख के पार: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर ने सोमवार को 12वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि पिछले साल 2023 में पासपोर्ट को लेकर मासिक आवेदकों का आंकड़ा 14 लाख के पार पहुंच गया। इसके अलावा विदेश मंत्रालय पासपोर्ट बनाने में पुलिस सत्यापन में लगने वाले समय को कम करने के लिए काम कर रहा है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि 2023 में मंत्रालय ने नागरिकों को पासपोर्ट से जुड़ी हुईं 1.65 करोड़ सेवाएं प्रदान की। इस वर्ष पासपोर्ट और अन्य संबंधित सेवाओं में लगभग 15 फीसदी की सराहनीय वार्षिक वृद्धि हुई है।

### 440 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू

विदेश मंत्री ने कहा कि नागरिकों को बेहतर पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए 440 डाकघर पासपोर्ट सेवाकेंद्र शुरू किए गए हैं। यह देश में 93 पासपोर्ट सेवाकेंद्रों, 533 पासपोर्ट प्रसंस्करण केंद्रों और 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों के अलावा शुरू किए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने 187 भारतीय मिशनों में पासपोर्ट जारी करने की प्रणाली को भी एकीकृत किया है। उन्होंने कहा कि एम-पासपोर्ट पुलिस ऐप 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 9 हजार पुलिस स्टेशनों में शुरू किया गया है। पासपोर्ट सेवा प्रणाली को डिजिलॉकर सेवा प्रणाली के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है। ताकि कागजात रहित दस्तावेजीकरण प्रक्रिया को सुलभ बनाया जा सके।

सिंधु जल संधि में बिजली परियोजनाओं का निरीक्षण शुरू

# किश्तवाड़ पहुंचा भारत-पाक का चालीस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल



एजेंसी ▶▶ जम्मू

भारत और पाकिस्तान के दलों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल सोमवार को तटस्थ विशेषज्ञों के साथ जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में पहुंचा और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत दो बिजली परियोजनाओं का निरीक्षण शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार की शाम को जम्मू पहुंचा और चेनाब घाटी क्षेत्र में विभिन्न निर्माणाधीन बिजली परियोजनाओं के निरीक्षण के लिए आज सुबह किश्तवाड़ के लिए रवाना हुआ।

वर्ष 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है। भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल हुआ था। यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

### 2019 में किया था दौरा

यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। इससे पहले जनवरी 2019 में तीन सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने आखिरी बार आईडब्ल्यूटी के प्रावधानों के तहत पाकल दुल और लोअर कलनाई जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने बताया कि सैन्य शिविर में उतरने के तुरंत बाद प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय जलविद्युत निगम (एनएचपीसी) मुख्यालय का दौरा किया।

द.कोरिया: फैक्टरी में लगी आग

# 16 की मौत, 7 घायल, 6 लापता, ज्यादातर विदेशी



एजेंसी ▶▶ सियोल

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार को आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्टरी की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं जिनमें चीनी नागरिक भी शामिल हैं। लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्टरी की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैटरियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया । जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी। किम ने बताया कि जो लोग मृत पाए गए हैं वे संभवतः सीढ़ियों के रास्ते बाहर नहीं निकल पाए। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय फैक्टरी में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

## अंतरिक्ष से ऐसा दिखता है रामसेतु ...



**नई दिल्ली।** यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने रामसेतु की बेहद खूबसूरत तस्वीर साझा की है। तमिलनाडु के रामेश्वरम से श्रीलंका तक फैला यह चूना पत्थर का स्ट्रक्चर है जिसका हिंदू धर्म में बहुत महत्व है।

# संपन्न हुआ नौसेना के सुनयना पोत का मॉरिशस का दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।

भारतीय नौसेना के सुनयना पोत की दो दिवसीय मॉरिशस यात्रा संपन्न हो गई है। इस दौरान पोत ने मॉरीशस के तटरक्षकबल के साथ संयुक्त निगरानी अभियान में हिस्सा लिया। साथ ही कई अन्य द्विपक्षीय गतिविधियों में भी भाग लिया। नौसेना ने बताया कि यात्रा की समाप्ति के बाद सुनयना पोत ने मॉरिशस की अगली संयुक्त निगरानी के लिए प्रस्थान किया। नौसैन्य पोत की यह यात्रा दोनों देशों के बीच स्थापित मजबूत दोस्ती और बेहतर आपसी परिचालन की क्षमता को प्रदर्शित करती है। सुनयना की इस यात्रा से भारत और मॉरिशस के द्विपक्षीय सामरिक संबंध भी मजबूत होंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109